भारतीय रिज़र्व बैंक

बुलेटिन

अगस्त 2025

खंड 79 अंक 8

संपादक समिति
इंद्रनील भट्टाचार्य
अनुजित मित्रा
रेखा मिश्र
अनुपम प्रकाश
सुनील कुमार
स्नेहल हेरवाडकर
पंकज कुमार
वी. धन्या
श्वेता कुमारी
अनिर्बन सान्याल
सुजाता कुंडू

संपादक
आशीष थॉमस जॉर्ज

भारतीय रिज़र्व बैंक बुलेटिन संपादकीय समिति के
निर्देशन में आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा
मासिक आधार पर प्रकाशित की जाती है।
इसमें व्यक्त व्याख्याओं और विचारों के लिए
बैंक का केंद्रीय निदेशक मंडल उत्तरदायी नहीं है।
हस्ताक्षरित आलेखों में व्यक्त विचारों के लिए
लेखक स्वयं उत्तरदायी हैं।

© भारतीय रिज़र्व बैंक 2025

सर्वाधिकार सुरक्षित।
सामग्री के पुनः उत्पादन की अनुमति है,
बशर्ते स्रोत का उल्लेख किया जाए।

बुलेटिन की सदस्यता के लिए कृपया 'हाल के प्रकाशन' खंड देखें।

भारतीय रिज़र्व बैंक बुलेटिन को
https://bulletin.rbi.org.in पर देखा जा सकता है।

विषय-वस्तु

द्वि-मासिक मौद्रिक नीति वक्तव्य (अगस्त 4-6, 2025)

गवर्नर का वक्तव्य: अगस्त 6, 2025 1

मौद्रिक नीति वक्तव्य 2024-25 मौद्रिक नीति समिति का संकल्प 4 से 6 अगस्त 2025 7

विकासात्मक और विनियामक नीतियों पर वक्तव्य 11

भाषण

एफआईबीएसी 2025 सम्मेलन में उद्घाटन भाषण 13
श्री संजय मल्होत्रा

एक अंतरसंबंधित वित्तीय प्रणाली में विनियमों पर पुनर्विचार 19
श्री एम. राजेश्वर राव

वंजी से विकसित भारत तक: विश्वास, प्रौद्योगिकी और परिवर्तन पर बैंकिंग 29
श्री स्वामीनाथन जे

आलेख

अर्थव्यवस्था की स्थिति 35

निजी कॉरपोरेट निवेश: 2024-25 में वृद्धि और 2025-26 का परिदृश्य 67

भारत के बचत परिदृश्य में बदलाव लाते इक्विटी म्यूचुअल फंड 81

ईवी नीतियां और दोपहिया ईवी अपनाना: भारतीय राज्यों से साक्ष्य 95

बागवानी विविधीकरण: कृषि सुदृढ़ता की ओर एक मार्ग 109

वर्तमान सांख्यिकी **125**

हाल के प्रकाशन **179**

मौद्रिक नीति वक्तव्य
2025-26 (4-6 अगस्त)

गवर्नर का वक्तव्य

*गवर्नर का वक्तव्य**

संजय मल्होत्रा

नमस्कार, रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस, जन्माष्टमी, पारसी नववर्ष और गणेश चतुर्थी के इस माह में सभी को बधाई। यह पवित्र और शुभ माह हम सभी के लिए और हमारी अर्थव्यवस्था के लिए सौभाग्य लेकर आए।

मानसून का मौसम अच्छा चल रहा है। हम त्योहारों के मौसम के भी करीब पहुँच रहे हैं, जो आमतौर पर आर्थिक गतिविधियों में अधिक उत्साह और उछाल लाता है। यह अनुकूल घरेलू माहौल, सरकार और रिज़र्व बैंक की अनुकूल नीतियों के साथ, निकट भविष्य में भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत है, क्योंकि भू-राजनीतिक अनिश्चितताएँ कुछ हद तक कम हुई हैं, तथापि वैश्विक व्यापार संबंधी चुनौतियाँ अभी भी बनी हुई हैं। मध्यम अवधि में भी, बदलती विश्व व्यवस्था में भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी अंतर्निहित शक्ति, मज़बूत बुनियादी ढाँचे और आरामदायक बफर के समर्थन से उज्ज्वल संभावनाओं से युक्त है। अवसर मौजूद हैं, और हम नीति-निर्माण के बहु-आयामी किन्तु सुसंगत दृष्टिकोण के माध्यम से अनुकूल परिस्थितियाँ बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

वैश्विक स्तर पर, नीति निर्माताओं को धीमी संवृद्धि और अवस्फीति की धीमी होती गति का सामना करना पड़ रहा है, साथ ही कुछ उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में तो मुद्रास्फीति में भी वृद्धि देखी जा रही है। जैसे-जैसे स्थिति स्थिर होती जाएगी और नई वैश्विक व्यवस्था में एक नया संतुलन उभरेगा, नीति निर्माताओं के लिए धीमी संवृद्धि, अड़ियल मुद्रास्फीति और बढ़े हुए सार्वजनिक ऋण स्तरों वाले विश्व में आगे बढ़ना एक कठिन कार्य होगा।

रिज़र्व बैंक में, मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय कमी से उत्पन्न हुई गुंजाइश का लाभ उठाते हुए, हमने संवृद्धि को बढ़ावा देने के लिए निर्णायक और दूरदर्शी उपाय किए हैं। हमारे पास उपलब्ध विभिन्न साधनों के समन्वित उपयोग से वर्तमान नरमी के चक्र में मौद्रिक नीति संचरण में तेज़ी लाने में मदद मिली है।

मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के निर्णय

मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक 4, 5 और 6 अगस्त को हुई जिसमें नीतिगत रेपो दर पर विचार-विमर्श और निर्णय लिया गया। उभरते समष्टि आर्थिक और वित्तीय गतिविधियों तथा संभावना का विस्तृत आकलन करने के बाद, एमपीसी ने सर्वसम्मति से चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के अंतर्गत नीतिगत रेपो दर को 5.50 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया; परिणामस्वरूप, स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) दर 5.25 प्रतिशत पर तथा सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) दर तथा बैंक दर 5.75 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रहेंगी। एमपीसी ने तटस्थ रुख बनाए रखने का भी निर्णय लिया।

एमपीसी ने कहा कि, यद्यपि हेडलाइन मुद्रास्फीति पहले के अनुमान से काफी कम है, लेकिन इसका मुख्य कारण खाद्य पदार्थों, विशेषतया सब्जियों की कीमतों में उतार-चढ़ाव है। दूसरी ओर, मूल मुद्रास्फीति, जैसा कि अनुमान था, 4 प्रतिशत के आसपास स्थिर बनी हुई है। इस वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही से मुद्रास्फीति में वृद्धि का अनुमान है। संवृद्धि मजबूत है और पहले के अनुमानों के अनुसार है, तथापि हमारी आकांक्षाओं से कम है। प्रशुल्क (टैरिफ) की अनिश्चितताएँ अभी भी विकसित हो रही हैं। मौद्रिक नीति संचरण अभी भी जारी है। फरवरी 2025 से 100 आधार अंकों की दर कटौती का अर्थव्यवस्था पर प्रभाव अभी भी सामने आ रहा है।

अतः, कुल मिलाकर, वर्तमान समष्टि आर्थिक परिस्थितियाँ, संभावनाएं और अनिश्चितताएँ, 5.5 प्रतिशत की नीतिगत रेपो दर को जारी रखने और ब्याज दरों में की गई अग्रिम कटौती का ऋण बाज़ारों और व्यापक अर्थव्यवस्था तक आगे संचरण का इंतज़ार करने की माँग करती हैं। तदनुसार, एमपीसी ने सर्वसम्मति से रेपो दर को अपरिवर्तित रखने के लिए वोट किया। एमपीसी ने उपयुक्त मौद्रिक नीति मार्ग निर्धारित करने के लिए आने वाले आँकड़ों और उभरती घरेलू संवृद्धि-मुद्रास्फीति गतिकी पर कड़ी निगरानी रखने का भी संकल्प लिया। तदनुसार, सभी सदस्यों ने तटस्थ रुख बनाए रखने का निर्णय लिया।

* गवर्नर का वक्तव्य- 06 अगस्त 2025

संवृद्धि और मुद्रास्फीति का आकलन

संवृद्धि

घरेलू संवृद्धि स्थिर है और व्यापक तौर पर हमारे आकलन के अनुरूप ही विकसित हो रही है, तथापि कुछ उच्च-आवृत्ति संकेतकों ने मई-जून में मिश्रित संकेत दिए हैं। ग्रामीण उपभोग सुदृढ़[1] बना हुआ है, जबकि शहरी उपभोग में बहाली, विशेष रूप से विवेकाधीन व्यय, मंद[2] है। सरकारी पूंजीगत व्यय में तेजी से समर्थित स्थिर निवेश[3], आर्थिक गतिविधियों को समर्थन दे रहा है।

आपूर्ति पक्ष पर, स्थिर दक्षिण-पश्चिम मानसून[4] खरीफ की बुवाई[5] को बढ़ावा दे रहा है, जलाशयों के स्तर[6] को फिर से भर रहा है और कृषि गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है। इसके अलावा, सेवा गतिविधियाँ स्थिर बनी हुई हैं, तथापि कुछ उच्च-आवृत्ति संकेतकों में मामूली वृद्धि दर्ज की गई है।[7] सेवा पीएमआई[8] जुलाई 2025 में बढ़कर 11 महीने के उच्चतम स्तर 60.5 पर पहुँच गई। निर्माण गतिविधि में सुदृढ़ता जारी है।[9] तथापि, विद्युत और खनन के कारण औद्योगिक क्षेत्र में वृद्धि धीमी और असमान रही।[10] जबकि विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई)[11] पहली तिमाही में उच्च रहा, वहीं औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी)[12] में नरमी देखी गई।

संवृद्धि की संभावना के संबंध में सामान्य से बेहतर दक्षिण-पश्चिम मानसून, न्यूनतर मुद्रास्फीति, बढ़ता क्षमता उपयोग और अनुकूल वित्तीय परिस्थितियाँ, घरेलू आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दे रही हैं। मज़बूत सरकारी पूंजीगत व्यय[13] सहित अनुकूल मौद्रिक, विनियामक और राजकोषीय नीतियों से भी माँग में वृद्धि होनी चाहिए। निर्माण और व्यापार क्षेत्रों में निरंतर वृद्धि के साथ, आने वाले महीनों में सेवा क्षेत्र में भी तेजी बनी रहने की आशा है। तथापि, चल रही टैरिफ घोषणाओं और व्यापार वार्ताओं के बीच, बाह्य माँग की संभावनाएँ अनिश्चित बनी हुई हैं। लंबे समय से चले आ रहे भू-राजनीतिक तनाव, वैश्विक अनिश्चितताओं और वैश्विक वित्तीय बाजारों में अस्थिरता से उत्पन्न प्रतिकूल परिस्थितियाँ संवृद्धि की संभावना के लिए जोखिम उत्पन्न करती हैं। इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए, 2025-26 के लिए वास्तविक जीडीपी संवृद्धि 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पहली तिमाही में 6.5 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 6.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 6.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 6.3 प्रतिशत रहेगी। 2026-27 की पहली तिमाही के लिए वास्तविक जीडीपी संवृद्धि 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। जोखिम समान रूप से संतुलित हैं।

मुद्रास्फ़ीति

सीपीआई हेडलाइन मुद्रास्फीति लगातार आठवें महीने घटकर जून में 77 महीने के निचले स्तर 2.1 प्रतिशत पर आ

1 2025-26 की पहली तिमाही के दौरान ट्रैक्टर की बिक्री और खुदरा दोपहिया वाहनों की बिक्री में क्रमशः 9.2 प्रतिशत और 4.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

2 नीलसनआईक्यू रिटेल ऑडिट सेवा के अनुसार, 2025-26 की पहली तिमाही के दौरान एफएमसीजी की बिक्री में 6.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में क्रमशः 8.4 प्रतिशत और 4.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। पहली तिमाही के दौरान यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में 3.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई और इस अवधि के दौरान घरेलू हवाई यात्री यातायात में 5.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

3 केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय में 2025-26 की पहली तिमाही के दौरान 52.0 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की मजबूत वृद्धि हुई। पूंजीगत वस्तुओं के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में 10.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई और पूंजीगत वस्तुओं के आयात में 2025-26 की पहली तिमाही में 12.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

4 4 अगस्त 2025 तक संचयी दक्षिण-पश्चिम मानसून (एसडब्ल्यूएम) वर्षा दीर्घावधि औसत (एलपीए) से 4 प्रतिशत अधिक है।

5 1 अगस्त 2025 तक खरीफ फसलों के अंतर्गत बोया गया क्षेत्रफल पिछले वर्ष के इसी क्षेत्रफल से 5.1 प्रतिशत अधिक है।

6 31 जुलाई 2025 तक जलाशय का स्तर पूर्ण क्षमता के 69 प्रतिशत पर था, जो पिछले वर्ष के स्तर के साथ-साथ दशकीय औसत 46 प्रतिशत से भी अधिक था।

7 जून 2025 में ई-वे बिल में 19.3 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हुई और जून-जुलाई 2025 में टोल संग्रह में 15.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मई में 16.4 प्रतिशत की वृद्धि के बाद, जून-जुलाई 2025 में सकल जीएसटी संग्रह में 6.9 प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई। घरेलू हवाई माल ढुलाई में जून 2025 में 2.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई; बंदरगाह माल ढुलाई में 2025-26 की पहली तिमाही में 5.6 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई; वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में पहली तिमाही में 0.6 प्रतिशत की गिरावट आई।

8 पीएमआई सेवाएं मई के 58.8 से बढ़कर जून 2025 में 60.4 और जुलाई में 60.5 हो गई।

9 2025-26 की पहली तिमाही में इस्पात की खपत में 7.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई तथा इस अवधि के दौरान सीमेंट उत्पादन में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

10 2025-26 की पहली तिमाही के दौरान खनन और विद्युत उत्पादन में क्रमशः 3.0 प्रतिशत और 1.9 प्रतिशत की गिरावट आई।

11 विनिर्माण पीएमआई जुलाई 2025 में 16 महीने के उच्चतम स्तर 59.1 पर पहुंच गई, जो विनिर्माण क्षेत्र में मजबूत गति का संकेत है।

12 2025-26 की पहली तिमाही के दौरान विनिर्माण आईआईपी में 3.4 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्ज की गई।

13 केंद्रीय बजट 2025-26 के अनुसार, केंद्र सरकार के प्रभावी पूंजीगत व्यय (पूंजीगत आस्तियों के निर्माण के लिए अनुदान सहायता सहित) में 17.4 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है।

गई।[14] यह मुख्य रूप से खाद्य मुद्रास्फीति में तेज गिरावट के कारण हुआ, जिसका नेतृत्व बेहतर कृषि गतिविधि और विभिन्न आपूर्ति पक्ष उपायों ने किया। खाद्य मुद्रास्फीति ने फरवरी 2019 के बाद से जून में (-) 0.2 प्रतिशत पर अपना पहला नकारात्मक प्रिंट दर्ज किया। सब्जियों और दालों में दोहरे अंकों की अपस्फीति ने इस संकुचन को बढ़ावा दिया।[15] उच्च आवृत्ति वाले मूल्य संकेतक जुलाई में भी खाद्य कीमतों में कम मूल्य गति जारी रहने का संकेत देते हैं। ईंधन समूह की मुद्रास्फीति जून में लगातार दो महीनों में घटकर 2.6 प्रतिशत दर्ज की गई।[16] मूल मुद्रास्फीति[17], जो फरवरी-मई के दौरान 4.1-4.2 प्रतिशत की सीमित दायरे के भीतर रही, जून में बढ़कर 4.4 प्रतिशत हो गई, जिसका आंशिक कारण स्वर्ण की कीमतों में निरंतर वृद्धि थी।

2025-26 के लिए मुद्रास्फीति की संभावना जून में अपेक्षा से अधिक सौम्य हो गई है। दक्षिण-पश्चिम मानसून की स्थिर प्रगति, मजबूत खरीफ बुवाई, पर्याप्त जलाशय स्तर और खाद्यान्नों के पर्याप्त बफर भंडार[18] के साथ बड़े अनुकूल आधार प्रभावों ने इस नरमी में योगदान दिया है। तथापि, प्रतिकूल आधार प्रभावों और नीतिगत कार्रवाइयों से उत्पन्न मांग पक्ष कारकों के प्रभाव में आने के कारण, सीपीआई मुद्रास्फीति 2025-26 की चौथी तिमाही और उसके बाद 4 प्रतिशत से ऊपर जाने की संभावना है। इनपुट कीमतों पर किसी भी बड़े नकारात्मक आघात को छोड़कर, मूल मुद्रास्फीति वर्ष के दौरान 4 प्रतिशत से थोड़ा ऊपर रहने की संभावना है। मौसम संबंधी आघात मुद्रास्फीति की संभावना के लिए जोखिम उत्पन्न करते हैं। इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए, 2025-26 के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति अब 3.1 प्रतिशत अनुमानित है, जो दूसरी तिमाही में 2.1 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 3.1 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.4 प्रतिशत रहेगी। 2026-27 की पहली तिमाही के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति 4.9 प्रतिशत अनुमानित है (चार्ट 2)। जोखिम समान रूप से संतुलित हैं।

बाह्य क्षेत्र

भारत का चालू खाता घाटा (सीएडी) 2023-24 में जीडीपी के 0.7 प्रतिशत से घटकर 2024-25 में जीडीपी का 0.6 प्रतिशत रह गया, जिसका कारण उच्च पण्य व्यापार घाटे के बावजूद मज़बूत सेवा निर्यात और मज़बूत विप्रेषण प्राप्तियाँ रहीं। 2025-26 की पहली तिमाही में पण्य व्यापार घाटा और बढ़ गया। विश्व सेवा निर्यात में भारत की हिस्सेदारी 2005 के लगभग 2 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 4.3 प्रतिशत हो गई है, जो मज़बूत सॉफ़्टवेयर और व्यावसायिक सेवाओं के निर्यात के कारण है। मज़बूत सेवा निर्यात[19] और मज़बूत विप्रेषण प्राप्तियों से चालू वित्त वर्ष के दौरान चालू खाता घाटा (सीएडी) के धारणीय स्तर पर बने रहने की आशा है।

बाह्य वित्तपोषण के संदर्भ में, भारत में सकल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफ़डीआई) अप्रैल-मई 2025-26 के दौरान मज़बूत रहा। तथापि, इस अवधि के दौरान अधिक जावक एफ़डीआई के कारण निवल एफ़डीआई में कमी आई।[20] ईएमई में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफ़पीआई) का अंतर्वाह मई और जून 2025 में मज़बूत बना रहा।[21] तथापि, ऋण क्षेत्र में बहिर्वाह के कारण 2025-26 में अब तक (अप्रैल-31 जुलाई) भारत में निवल एफ़पीआई का बहिर्वाह 0.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर दर्ज किया गया है।[22] दूसरी

[14] सीपीआई हेडलाइन मुद्रास्फीति अप्रैल के 3.2 प्रतिशत से घटकर जून 2025 में 2.1 प्रतिशत (जनवरी 2019 के बाद सबसे कम) हो गई, जिसमें लगभग 110 आधार अंकों की संचयी गिरावट देखी गई। यह कमी मुख्य रूप से सब्जियों, दालों और अनाज की कीमतों में और गिरावट के कारण आई, जिसके परिणामस्वरूप सीपीआई खाद्य समूह में फरवरी 2019 के बाद पहली बार जून में (-)0.2 प्रतिशत अपस्फीति दर्ज की गई। ईंधन समूह की मुद्रास्फीति भी अप्रैल के 2.9 प्रतिशत से घटकर जून में 2.6 प्रतिशत हो गई। तथापि, मूल मुद्रास्फीति, फरवरी से मई के दौरान 4.1 से 4.2 प्रतिशत के बीच व्यापक तौर पर स्थिर रहने के बाद, जून 2025 में बढ़कर 4.4 प्रतिशत हो गई।

[15] जून 2025 में सब्जियों की कीमतों में 19.0 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि दालों की कीमतों में 11.8 प्रतिशत की गिरावट आई।

[16] ईंधन समूह की मुद्रास्फीति भी अप्रैल के 2.9 प्रतिशत से घटकर जून में 2.6 प्रतिशत रह गई।

[17] खाद्य एवं ईंधन को छोड़कर सीपीआई हेडलाइन।

[18] 16 जुलाई 2025 तक, भारतीय खाद्य निगम के पास गेहूं का भंडार बफर मानदंडों से 1.3 गुना (पिछले 4 वर्षों में सर्वाधिक भंडार) तथा चावल का भंडार बफर मानदंडों से 3.9 गुना है।

[19] अनंतिम आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जून 2025-26 के दौरान भारत का सेवा निर्यात 10.1 प्रतिशत बढ़ा, जबकि इसी अवधि में सेवा आयात में 1.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसी अवधि में निवल सेवा निर्यात में 20.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

[20] सकल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) अंतर्वाह अप्रैल-मई 2025-26 में 5 प्रतिशत बढ़कर 15.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया, जो एक वर्ष पूर्व इसी अवधि में 15.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। निवल एफडीआई अंतर्वाह अप्रैल-मई 2025-26 में 2.2 प्रतिशत घटकर 3.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गया, जो एक वर्ष पूर्व इसी अवधि में 4.0 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।

[21] जून 2025 के दौरान ईएमई में निवल पोर्टफोलियो अंतर्वाह 42.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा, जबकि मई 2025 में यह 16.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर था (स्रोत: अंतर्राष्ट्रीय वित्त संस्थान)।

[22] अप्रैल-जुलाई 2025 के दौरान इक्विटी खंड में 2.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवल अंतर्वाह हुआ, जबकि ऋण खंड में 3.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवल बहिर्वाह हुआ।

ओर, बाह्य वाणिज्यिक उधारों में पिछले वर्ष की तुलना में अधिक निवल अंतर्वाह देखा गया। अनिवासी जमाओं के अंतर्गत अंतर्वाह भी सकारात्मक रहा, तथापि इसमें कुछ कमी देखी गई।[23] 1 अगस्त 2025 तक, भारत की विदेशी मुद्रा आरक्षित निधि 688.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर थीं, जो 11 महीने से अधिक के पण्य आयात को पूरा करने के लिए पर्याप्त थीं।[24] कुल मिलाकर, भारत का बाह्य क्षेत्र आघात-सह बना हुआ है।[25] हमें अपनी बाह्य वित्तपोषण आवश्यकताओं को आसानी से पूरा करने का विश्वास है।

चलनिधि और वित्तीय बाजार की स्थिति

प्रणालीगत चलनिधि, जैसा कि चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ़) के अंतर्गत निवल स्थिति द्वारा मापा जाता है, पिछली एमपीसी के बाद से औसतन ₹3.0 लाख करोड़ प्रतिदिन के हिसाब से अधिशेष में रही है, जबकि पिछले दो महीनों के दौरान औसत दैनिक अधिशेष ₹1.6 लाख करोड़ था।[26] आगे बढ़ते हुए, जैसे ही पिछली नीति में घोषित सीआरआर कटौती सितंबर से चरणबद्ध तरीके से लागू होगी, यह चलनिधि की स्थिति को और मजबूत करेगी।

बैंकिंग प्रणाली में पर्याप्त चलनिधि ने मौजूदा नरमी चक्र के दौरान नीतिगत रेपो दर में कटौती का मुद्रा[27], बॉण्ड[28] और ऋण बाजारों तक संचरण को सुदृढ़ किया है। ऋण बाजार में, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की भारित औसत उधार दर (डब्ल्यूएएलआर) में नए रुपया ऋणों के लिए 71 आधार अंकों की गिरावट आई है (जिसमें से 55 आधार अंकों की गिरावट ब्याज दर में कमी के कारण है) और फरवरी 2025 से जून 2025 तक बकाया रुपया ऋणों के लिए 39 आधार अंकों की गिरावट आई है। जमा पक्ष पर, इसी अवधि के दौरान नई जमाराशियों पर भारित औसत घरेलू मीयादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) में 87 आधार अंकों की कमी आई है। इसके अलावा, उधार दरों में संचरण सभी क्षेत्रों में व्यापक रहा है।

आगे भी, रिज़र्व बैंक अपने चलनिधि प्रबंधन में चुस्त और लचीला बना रहेगा। हम बैंकिंग प्रणाली में पर्याप्त चलनिधि बनाए रखने का प्रयास करेंगे ताकि अर्थव्यवस्था की उत्पादक आवश्यकताएँ पूरी हो सकें और मुद्रा बाज़ारों और ऋण बाज़ारों में संचरण सुचारू रहे।

एक आंतरिक कार्य दल ने रिज़र्व बैंक के मौजूदा चलनिधि प्रबंधन ढांचे (एलएमएफ) की समीक्षा की है, जो फरवरी 2020 से लागू है। दल ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है और इसे सार्वजनिक परामर्श के लिए शीघ्र ही आरबीआई की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। भारित औसत मांग दर (डबल्यूएसीआर) संपार्श्विक खंडों में अन्य एक दिवसीय मुद्रा बाज़ार दरों (टीआरईपीएस और बाज़ार रेपो) के साथ अत्यधिक सहसंबद्ध पाई गई है। इसके अलावा, डबल्यूएसीआर को विभिन्न परिपक्वताओं में अन्य मुद्रा बाज़ार लिखतों को संकेत प्रेषित करने में भी प्रभावी पाया गया है। अतः, दल ने मौद्रिक नीति के परिचालन लक्ष्य के रूप में एक दिवसीय डब्ल्यूएसीआर को जारी रखने की सिफारिश की है। दल ने अन्य बातों के साथ-साथ, नीतिगत दर पर परिचालन लक्ष्य दर को बनाए रखने के उद्देश्य से विभिन्न अवधियों के रेपो और रिवर्स रेपो परिचालनों के लिए परिवर्तनीय दर नीलामी तंत्र को जारी रखने की भी सिफारिश की है।

वित्तीय स्थिरता

वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) की पूंजी पर्याप्तता, चलनिधि, परिसंपत्ति गुणवत्ता और लाभप्रदता से संबंधित प्रणाली-स्तरीय

---

[23] भारत में बाह्य वाणिज्यिक उधारों के अंतर्गत निवल अंतर्वाह अप्रैल-जून 2025-26 के दौरान बढ़कर 3.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया, जबकि एक वर्ष पूर्व यह 1.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। अनिवासी जमाओं में अप्रैल-मई 2025-26 के दौरान 1.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवल अंतर्वाह दर्ज किया गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 2.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर से कम है।

[24] चार तिमाहियों की अवधि (2024-25 की पहली तिमाही से 2024-25 की चौथी तिमाही) के दौरान वास्तविक पण्य आयात (बीओपी आधार पर) और मार्च 2025 के अंत तक कुल बाह्य ऋण के लगभग 94 प्रतिशत के आधार पर।

[25] भारत का जीडीपी की तुलना में चालू खाता घाटा अनुपात 2023-24 के 0.7 प्रतिशत से घटकर 2024-25 में 0.6 प्रतिशत रह गया। भारत का जीडीपी की तुलना में बाह्य ऋण अनुपात मार्च 2024 के अंत में 18.5 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2025 के अंत में 19.1 प्रतिशत हो गया। इसी अवधि के दौरान जीडीपी की तुलना में निवल अंतर्राष्ट्रीय निवेश स्थिति अनुपात (-) 10.1 प्रतिशत से बढ़कर (-) 8.7 प्रतिशत हो गया।

[26] अप्रैल और मई के दौरान चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के अंतर्गत औसत दैनिक निवल अवशोषण क्रमशः ₹1.5 लाख करोड़ और ₹1.8 लाख करोड़ रहा। एलएएफ के अंतर्गत औसत दैनिक निवल अवशोषण जून 2025 में बढ़कर ₹2.82 लाख करोड़ और जुलाई 2025 में ₹3.12 लाख करोड़ हो गया। एसडीएफ के अंतर्गत दैनिक औसत अवशोषण अप्रैल-मई 2025 के ₹2.06 लाख करोड़ से बढ़कर जून-जुलाई के दौरान ₹2.17 लाख करोड़ हो गया।

[27] मौजूदा नरमी चक्र (4 अगस्त तक) में संचयी नीतिगत रेपो दर में 100 आधार अंकों (बीपीएस) की कटौती के सापेक्ष, डब्ल्यूएसीआर में 108 बीपीएस की कमी आई। फरवरी की नीति के बाद से, 3-माह के खजाना बिल दर में 110 बीपीएस, एनबीएफसी द्वारा जारी 3-माह के सीपी में 161 बीपीएस और 3-माह के सीडी दर में 170 बीपीएस की गिरावट आई है।

[28] फरवरी की नीति के बाद से, 5-वर्षीय और 10-वर्षीय सरकारी प्रतिभूतियों (6.79 जीएस बेंचमार्क) पर प्रतिफल में क्रमशः 63 आधार अंक और 28 आधार अंक की गिरावट आई है। इसी अवधि में, 5-वर्षीय एएए कॉर्पोरेट बॉण्ड प्रतिफल में 56 आधार अंकों की गिरावट आई है। इस अवधि के दौरान, भारतीय बॉण्ड बाजार वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बाजारों में से एक रहा।

वित्तीय मानदंड स्वस्थ बने हुए हैं।[29] जून 2025 के अंत में बैंकिंग प्रणाली के लिए ऋण जमा अनुपात (सीडी अनुपात) 78.9 प्रतिशत था, जो मोटे तौर पर एक वर्ष पहले के समान ही था। इसी प्रकार, एनबीएफसी के प्रणाली-स्तरीय मानदंड भी सुदृढ़ हैं, जिनमें पर्याप्त पूँजी स्थिति और बेहतर जीएनपीए अनुपात शामिल हैं।[30]

2024-25 के दौरान बैंक ऋण में 12.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। हालाँकि यह 2023-24 की 16.3 प्रतिशत की वृद्धि दर से धीमी है, लेकिन यह 2024-25 से पहले की दस वर्षों की अवधि में दर्ज की गई 10.3 प्रतिशत की औसत वृद्धि दर से अधिक है। इसके अलावा, जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान गैर-खाद्य बैंक ऋण का प्रवाह ₹21.4 लाख करोड़ से लगभग ₹3.4 लाख करोड़ घटकर लगभग ₹18 लाख करोड़ हो गया, गैर-बैंक स्रोतों से प्रवाह ने इस कमी की भरपाई कर दी।[31] इस प्रकार, भले ही पिछले वर्ष बैंक ऋण की संवृद्धि दर धीमी रही, लेकिन वाणिज्यिक क्षेत्र को वित्तीय संसाधनों का समग्र प्रवाह 2023-24 में ₹33.9 लाख करोड़ से बढ़कर 2024-25 में ₹34.8 लाख करोड़ हो गया। यह प्रवृत्ति चालू वित्त वर्ष में भी जारी है।[32] चूंकि मुद्रा बाजारों में संचरण तेजी से हुआ है, इसलिए बड़े निगमों ने धन जुटाने के लिए वाणिज्यिक पत्र और कॉरपोरेट बॉण्ड जैसे बाजार-आधारित लिखतों पर अधिक भरोसा किया है, जिससे बैंक ऋण पर उनकी निर्भरता कम हो गई है।[33] साथ ही, जैसे-जैसे बड़े निगमों की लाभप्रदता बढ़ी है, उनके आंतरिक संसाधन व्यवसाय विस्तार के लिए एक महत्वपूर्ण स्रोत बन गए हैं।

अतिरिक्त उपाय

अपनी बात समाप्त करने से पहले, मैं यह रेखांकित करना चाहता हूँ कि आरबीआई के लिए, भारत के नागरिकों का हित और कल्याण सर्वोपरि है। भारत के लोग, जिनमें समाज के सबसे निचले तबके के लोग भी शामिल हैं, ही हमारे अस्तित्व का आधार हैं। इस संबंध में, मैं उपभोक्ता-केंद्रित तीन घोषणाएँ करना चाहता हूँ।

पहला, जन-धन योजना के 10 वर्ष पूरे होने पर, बड़ी संख्या में खातों की पुनः-केवाईसी की आवश्यकता हो गई है। बैंक ग्राहकों के घर-द्वार पर सेवाएँ प्रदान करने के प्रयास में 1 जुलाई से 30 सितंबर तक पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित कर रहे हैं। नए बैंक खाते खोलने और पुनः-केवाईसी के अलावा, शिविरों में वित्तीय समावेशन और ग्राहक शिकायत निवारण के लिए सूक्ष्म बीमा और पेंशन योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

दूसरा, हम बैंक खातों तथा मृत बैंक ग्राहकों के सुरक्षित अभिरक्षा या सुरक्षित जमा लॉकरों में रखी वस्तुओं के संबंध में दावों के निपटान की प्रक्रिया को मानकीकृत करेंगे। इससे निपटान अधिक सुविधाजनक और सरल हो जाने की आशा है।

तीसरा, हम आरबीआई रिटेल-डायरेक्ट प्लेटफॉर्म की कार्यक्षमता का विस्तार कर रहे हैं ताकि खुदरा निवेशक व्यवस्थित निवेश योजनाओं के माध्यम से खजाना बिलों में निवेश कर सकें।

समापन टिप्पणी

अब मैं अपनी अंतिम टिप्पणी करता हूँ। चुनौतीपूर्ण बाह्य परिवेश के बावजूद, भारतीय अर्थव्यवस्था मूल्य स्थिरता के साथ

[29] एससीबी मानदंड: जून 24 और जून 25 के बीच बकाया ऋण और जमा में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर क्रमशः 9.9 प्रतिशत और 10.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जून 2025 में प्रणाली-स्तरीय जोखिम भारित आस्तियों की तुलना में पूंजी अनुपात (सीआरएआर) 17.44 प्रतिशत था, जो विनियामक न्यूनतम स्तर से काफी ऊपर था। गैर-निष्पादित ऋणों के अनुपात में और सुधार हुआ (जून 2025 में जीएनपीए अनुपात 2.24 प्रतिशत जबकि जून 2024 में 2.67 प्रतिशत, जून 2025 में एनएनपीए अनुपात 0.53 प्रतिशत जबकि जून 2024 में 0.60 प्रतिशत)। जून 2025 के अंत तक 132.80 प्रतिशत के एलसीआर के साथ चलनिधि बफर मजबूत था। जून 2025 में वार्षिक आस्तियों पर प्रतिलाभ (आरओए) और इक्विटी पर प्रतिलाभ (आरओई) क्रमशः 1.34 प्रतिशत और 12.70 प्रतिशत रहा। जून 2025 के लिए शुद्ध ब्याज मार्जिन 3.24 प्रतिशत (जून 2024 में 3.54 प्रतिशत) था।

[30] एनबीएफसी मानदंड: जून 2025 में एनबीएफसी का कुल सीआरएआर 25.78 प्रतिशत और टियर I सीआरएआर 23.83 प्रतिशत था, जो न्यूनतम विनियामक आवश्यकताओं से काफी ऊपर था। जीएनपीए अनुपात जून 2024 में 2.47 प्रतिशत से बढ़कर जून 2025 में 2.21 प्रतिशत हो गया है, जबकि एनएनपीए अनुपात भी जून 2024 में 1.08 प्रतिशत से बढ़कर जून 2025 में 0.95 प्रतिशत हो गया है। इस क्षेत्र के लिए आरओए जून 2024 में 3.23 प्रतिशत से थोड़ा कम होकर जून 2025 में 3.11 प्रतिशत हो गया है। एनआईएम जून 2024 में 4.82% से थोड़ा कम होकर जून 2025 में 4.40% हो गया है।

[31] गैर-बैंकों (घरेलू और विदेशी स्रोतों सहित) से संसाधनों का कुल प्रवाह 2023-24 में ₹12.5 लाख करोड़ से ₹4.3 लाख करोड़ बढ़कर 2024-25 में ₹16.8 लाख करोड़ हो गया।

[32] 11 जुलाई 2025 तक बैंक ऋण में 9.8 प्रतिशत की वृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) दर्ज की गई, जबकि एक वर्ष पहले यह वृद्धि 14.0 प्रतिशत थी। बैंक ऋण में मंदी के बावजूद, वित्तीय संसाधनों का कुल प्रवाह अप्रैल-जुलाई 2025-26 के दौरान पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग समान स्तर पर बना रहा।

[33] गैर-वित्तीय संस्थाओं द्वारा जारी किए गए वाणिज्यिक पत्र, वित्त वर्ष 2025-26 (जून तक) में बढ़कर 0.78 लाख करोड़ हो गए, जबकि एक वर्ष पहले यह 0.30 लाख करोड़ था। गैर-वित्तीय संस्थाओं द्वारा जारी कॉर्पोरेट बांड एक वर्ष पहले के 0.09 लाख करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 2025-26 (जून तक) में बढ़कर 0.95 लाख करोड़ हो गए।

स्थिर संवृद्धि पथ पर अग्रसर है। मौद्रिक नीति ने मूल्य स्थिरता के प्राथमिक उद्देश्य से समझौता किए बिना संवृद्धि को समर्थन देने के लिए सौम्य मुद्रास्फीति परिदृश्य द्वारा सृजित नीतिगत गुंजाइश का उचित उपयोग किया है। हमारी हालिया नीतिगत कार्रवाइयों का व्यापक अर्थव्यवस्था में प्रसारण अभी जारी है।

चूंकि भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपना उचित स्थान प्राप्त करने का प्रयास कर रही है, इसलिए सभी क्षेत्रों में मजबूत नीतिगत ढांचे, न केवल मौद्रिक नीति तक सीमित है, बल्कि इसकी यात्रा में महत्वपूर्ण होंगे। हम, अपनी ओर से, आने वाले आंकड़ों और संवृद्धि-मुद्रास्फीति गतिशीलता के विकास के आधार पर सुविधाजनक मौद्रिक नीति प्रदान करने में चुस्त और सक्रिय बने रहेंगे। हमेशा की तरह, हमारे पास स्पष्ट, सुसंगत और विश्वसनीय संचार होगा जो कार्य के लिए आवश्यक कार्यों पर आधारित होगा।

धन्यवाद। नमस्कार और जय हिन्द।

मौद्रिक नीति वक्तव्य
2025-26 (4-6 अगस्त)

मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) का संकल्प
अगस्त 4-6, 2025

मौद्रिक नीति वक्तव्य, 2025-26 मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) का संकल्प*

मौद्रिक नीति निर्णय

मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की 56वीं बैठक 4 से 6 अगस्त 2025 तक श्री संजय मल्होत्रा, गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। एमपीसी के सदस्य डॉ. नागेश कुमार, श्री सौगत भट्टाचार्य, प्रो. राम सिंह, डॉ. पूनम गुप्ता और डॉ. राजीव रंजन बैठक में शामिल हुए।

वर्तमान और उभरती समष्टि-आर्थिक स्थिति के आकलन के पश्चात, एमपीसी ने मौद्रिक नीति रेपो दर को 5.50 प्रतिशत पर बनाए रखने का निर्णय लिया। इसके परिणामस्वरूप, चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के अंतर्गत स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) दर 5.25 प्रतिशत पर यथावत् बनी रहेगी तथा सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) दर और बैंक दर 5.75 प्रतिशत पर बनी रहेगी। यह निर्णय संवृद्धि को समर्थन प्रदान करते हुए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति के लिए +/- 2 प्रतिशत के दायरे में 4 प्रतिशत के मध्यम अवधि लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य के अनुरूप है।

संवृद्धि और मुद्रास्फीति संभावना

वैश्विक परिवेश चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। यद्यपि, वित्तीय बाज़ार में अस्थिरता और भू-राजनीतिक अनिश्चितताएँ हाल के महीनों में अपने चरम से कुछ कम हुई हैं, लेकिन फिर भी व्यापार वार्ता संबंधी चुनौतियाँ बनी हुई हैं। हालाँकि, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा वैश्विक संवृद्धि में ऊर्ध्वगामी संशोधन किया गया है, लेकिन अभी भी यह मंद है। अवस्फीति की गति धीमी हो रही है, फिर भी कुछ उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति में वृद्धि देखी जा रही है।

घरेलू संवृद्धि आघात-सह बना हुआ है और मोटे तौर पर हमारे आकलन के अनुरूप ही विकसित हो रहा है। ग्रामीण माँग से समर्थित निजी उपभोग और सरकारी पूंजीगत व्यय में तेज़ी से समर्थित स्थिर निवेश, आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं। आपूर्ति पक्ष पर, स्थिर दक्षिण-पश्चिम मानसून खरीफ की बुवाई को बढ़ावा दे रहा है, जलाशयों के स्तर को फिर से भर रहा है और कृषि गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है। इसके अलावा, सेवा क्षेत्र और निर्माण गतिविधियाँ मज़बूत बनी हुई हैं। हालाँकि, औद्योगिक क्षेत्र में संवृद्धि धीमी और सभी क्षेत्रों में असमान रही, जिसकी वजह बिजली और खनन क्षेत्र रहे।

जहाँ तक संवृद्धि की संभावना का प्रश्न है, सामान्य से बेहतर दक्षिण-पश्चिम मानसून, न्यून मुद्रास्फीति, बढ़ता क्षमता उपयोग और अनुकूल वित्तीय परिस्थितियाँ घरेलू आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दे रही हैं। मज़बूत सरकारी पूंजीगत व्यय सहित सहायक मौद्रिक, विनियामक और राजकोषीय नीतियों से भी माँग में वृद्धि होनी चाहिए। आने वाले महीनों में निर्माण और व्यापार में निरंतर वृद्धि के कारण सेवा क्षेत्र में भी तेजी बनी रहने की उम्मीद है। हालाँकि, चल रही टैरिफ संबंधी घोषणाओं और व्यापार वार्ताओं के बीच, बाह्य माँग की संभावनाएँ अनिश्चित बनी हुई हैं। लंबे समय से चले आ रहे भू-राजनीतिक तनाव, वैश्विक अनिश्चितताओं और वैश्विक वित्तीय बाजारों में अस्थिरता से उत्पन्न प्रतिकूल परिस्थितियाँ संवृद्धि की संभावना के लिए जोखिम उत्पन्न करती हैं। इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए, 2025-26 के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि का अनुमान 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है, जोकि पहली तिमाही में 6.5 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 6.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 6.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। 2026-27 की पहली तिमाही के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है (चार्ट 1)। जोखिम समान रूप से संतुलित हैं।

सीपीआई हेडलाइन मुद्रास्फीति लगातार आठवें महीने घटकर जून 2025 में 77 महीनों के निचले स्तर 2.1 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) पर आ गई। यह मुख्य रूप से कृषि गतिविधियों में सुधार और विभिन्न आपूर्ति-पक्ष उपायों के कारण खाद्य मुद्रास्फीति में तीव्र गिरावट के कारण हुई। फरवरी 2019 के बाद से खाद्य मुद्रास्फीति पहली बार जून में (-) 0.2 प्रतिशत पर नकारात्मक रही। उच्च-आवृत्ति मूल्य संकेतक इस वर्ष जुलाई तक भी खाद्य कीमतों में गिरावट की गति जारी रहने का संकेत देते हैं। मूल मुद्रास्फीति, जो फरवरी-मई के दौरान 4.1-4.2 प्रतिशत के

* 6 अगस्त 2025 को जारी।

चार्ट 1: वास्तविक जीडीपी वृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) का तिमाही अनुमान



चार्ट 2: सीपीआई मुद्रास्फीति (वर्ष-दर-वर्ष) का तिमाही अनुमान



सीमित दायरे में रही, जून में बढ़कर 4.4 प्रतिशत हो गई, जिसका एक कारण स्वर्ण की कीमतों में लगातार वृद्धि भी है।

2025-26 के लिए मुद्रास्फीति की संभावना जून में अपेक्षा से अधिक सौम्य हो गया है। दक्षिण-पश्चिम मानसून की स्थिर प्रगति, खरीफ की बेहतर बुवाई, पर्याप्त जलाशय स्तर और खाद्यान्नों के पर्याप्त बफर स्टॉक के साथ बड़े अनुकूल आधार प्रभावों ने इस नरमी में योगदान दिया है। हालाँकि, प्रतिकूल आधार प्रभावों और नीतिगत कार्रवाइयों से उत्पन्न मांग पक्ष के कारकों के प्रभाव में आने के कारण, सीपीआई मुद्रास्फीति का 2025-26 की चौथी तिमाही और उसके बाद 4 प्रतिशत से ऊपर जाने की संभावना है। इनपुट कीमतों पर किसी भी बड़े नकारात्मक आघातों को छोड़कर, मूल मुद्रास्फीति का वर्ष के दौरान 4 प्रतिशत से थोड़ा ऊपर रहने की संभावना है। मौसम संबंधी आघात, मुद्रास्फीति की संभावना के लिए जोखिम उत्पन्न करते हैं। इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए, 2025-26 के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति अब 3.1 प्रतिशत अनुमानित है, जोकि दूसरी तिमाही में 2.1 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 3.1 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.4 प्रतिशत रहने की संभावना है। 2026-27 की पहली तिमाही के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति 4.9 प्रतिशत अनुमानित है (चार्ट 2)। जोखिम समान रूप से संतुलित हैं।

मौद्रिक नीति संबंधी निर्णयों का औचित्य

एमपीसी ने कहा कि निकट भविष्य में मुद्रास्फीति की संभावना पहले के अनुमान से कहीं अधिक सौम्य हो गई है, और इस वर्ष औसत सीपीआई मुद्रास्फीति लक्ष्य से काफी नीचे रहने की आशा है। यह मुख्य रूप से कम खाद्य मुद्रास्फीति के कारण है, जो जून में अपस्फीतिकारी क्षेत्र में प्रवेश कर गई थी। हालाँकि, 2025-26 की चौथी तिमाही से सीपीआई मुद्रास्फीति का 4 प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर जाने की संभावना है। इसके अलावा, मूल मुद्रास्फीति दिसंबर-जनवरी 2024-25 के दौरान दर्ज किए गए 3.6 प्रतिशत के हालिया निम्नतम स्तर से लगातार बढ़ रही है और इस वर्ष पहली तिमाही में औसतन 4.3 प्रतिशत रही। कीमती धातुओं को छोड़कर मूल मुद्रास्फीति में भी वृद्धि देखी गई है और यह पहली तिमाही में औसतन 3.4 प्रतिशत रही।

आगामी त्यौहारी सीजन में कुछ तेजी आने की आशा के साथ संवृद्धि दर अच्छी बनी हुई है और यह 2025-26 के लिए 6.5 प्रतिशत के हमारे आकलन के अनुरूप विकसित हो रही है।

इस प्रकार, हेडलाइन मुद्रास्फीति पहले के अनुमान से काफी कम है, जिसका मुख्य कारण खाद्य पदार्थों, विशेषकर सब्जियों की कीमतों में अस्थिरता है। दूसरी ओर, मूल मुद्रास्फीति, अनुमान के अनुसार, 4 प्रतिशत के आसपास स्थिर बनी हुई है। इस वित्तीय

वर्ष की अंतिम तिमाही से मुद्रास्फीति में वृद्धि का अनुमान है। हालाँकि पहले के अनुमानों के अनुरूप संवृद्धि दर मजबूत है और लेकिन यह हमारी आकांक्षाओं से कम है। प्रशुल्क (टैरिफ़) संबंधी अनिश्चितताएँ अभी भी उभर रही हैं। मौद्रिक नीति का संचरण अभी भी जारी है। फरवरी 2025 से दरों में होने वाली 100 बीपीएस की कटौती का अर्थव्यवस्था पर प्रभाव अभी भी स्पष्ट नहीं है।

अतः, कुल मिलाकर, वर्तमान समष्टि आर्थिक स्थितियां, संभावना और अनिश्चितताएं 5.5 प्रतिशत की नीतिगत रेपो दर को जारी रखने तथा अग्रिम दर कटौती का ऋण बाजारों और व्यापक अर्थव्यवस्था में आगे संचरण हेतु प्रतीक्षा की मांग करती हैं। तदनुसार, एमपीसी ने सर्वसम्मति से रेपो दर को यथावत् रखने के लिए वोट किया। एमपीसी ने उचित मौद्रिक नीति मार्ग निर्धारित करने के लिए प्राप्त आंकड़ों और उभरती घरेलू संवृद्धि-मुद्रास्फीति गतिकी पर कड़ी निगरानी रखने का संकल्प लिया। तदनुसार, सभी सदस्यों ने तटस्थ रुख बनाए रखने का निर्णय लिया।

एमपीसी की बैठक का कार्यवृत्त 20 अगस्त 2025 को प्रकाशित किया जाएगा।

एमपीसी की अगली बैठक 29 सितंबर से 1 अक्तूबर 2025 तक निर्धारित है।

मौद्रिक नीति वक्तव्य
(4-6 अगस्त) 2025-26

विकासात्मक और विनियामक नीतियों पर वक्तव्य

विकासात्मक और विनियामक नीतियों पर वक्तव्य

यह वक्तव्य (i) विनियमन; (ii) वित्तीय बाजारों से संबंधित विकासात्मक और विनियामक नीतिगत उपायों को निर्धारित करता है।

I. विनियमन

1. बैंकों के मृत ग्राहकों के जमा खातों के संबंध में दावों के निपटान हेतु प्रक्रिया का मानकीकरण

बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 के प्रावधानों के अंतर्गत, जमा खातों, सुरक्षित अभिरक्षा में रखी वस्तुओं या सुरक्षित जमा लॉकरों के संबंध में नामांकन सुविधा उपलब्ध है। इसका उद्देश्य ग्राहक की मृत्यु होने पर दावों का शीघ्र निपटान, वस्तुओं की वापसी या सुरक्षित जमा लॉकर की सामग्री की रिलीज करने के कार्य को सुगम बनाना और परिवार के सदस्यों को होने वाली कठिनाइयों को कम करना है। मौजूदा अनुदेशों के अनुसार, बैंकों को उत्तरजीवियों/ नामित व्यक्तियों/ कानूनी उत्तराधिकारियों द्वारा किए गए दावों के शीघ्र और झंझट-रहित निपटान हेतु एक सरलीकृत प्रक्रिया अपनानी होगी। ये प्रक्रियाएँ अलग-अलग बैंकों में अलग-अलग होती हैं। ग्राहक सेवा मानकों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और बैंकों को प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज़ों को मानकीकृत करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में जनता से परामर्श के लिए एक परिपत्र का मसौदा शीघ्र ही जारी किया जाएगा।

II. वित्तीय बाजार

2. ख़जाना-बिलों में निवेश और पुनर्निवेश के लिए आरबीआई रिटेल डायरेक्ट में स्वचालित बोली प्रक्रिया सुविधाओं की शुरूआत

रिटेल डायरेक्ट योजना के अंतर्गत खुदरा निवेशकों को रिज़र्व बैंक में अपने गिल्ट खाते खोलने में सुविधा प्रदान करने के लिए नवंबर 2021 में रिटेल डायरेक्ट पोर्टल का लोकार्पण किया गया था। यह योजना खुदरा निवेशकों को प्राथमिक नीलामी में सरकारी प्रतिभूतियाँ (जी-सेक) खरीदने के साथ-साथ द्वितीयक बाजार में जी-सेक खरीदने और बेचने की सुविधा प्रदान करता है। योजना के शुभारंभ के बाद से, उत्पाद और भुगतान विकल्पों के संदर्भ में कई नई सुविधाएँ शुरू की गई हैं, जिनमें मई 2024 में एक मोबाइल ऐप का शुभारंभ भी शामिल है।

निवेशकों को अपने निवेश की व्यवस्थित योजना बनाने में सक्षम बनाने के लिए, रिटेल डायरेक्ट में ख़जाना बिलों (टी-बिल) के लिए एक स्वचालित बोली-प्रक्रिया सुविधा शुरू की गई है, जिसमें निवेश और पुनर्निवेश दोनों विकल्प शामिल हैं। यह नई सुविधा निवेशकों को ख़जाना बिलों की प्राथमिक नीलामी में बोलियों को स्वचालित रूप से लगाने में मदद करती है।

भाषण

एफआईबीएसी 2025 सम्मेलन में उद्घाटन भाषण
श्री संजय मल्होत्रा

एक अंतरसंबंधित वित्तीय प्रणाली में विनियमों पर पुनर्विचार
श्री एम. राजेश्वर राव

वंजी से विकसित भारत तक: विश्वास, प्रौद्योगिकी और परिवर्तन पर बैंकिंग
श्री स्वामीनाथन जे

एफआईबीएसी 2025 सम्मेलन में उद्घाटन भाषण*

श्री संजय मल्होत्रा

इस साल एफआईबीएसी के वार्षिक सम्मेलन में शामिल होकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था और हमारे वित्तीय अर्थ-जगत के जाने-माने विचारक और भागीदारों को हमारे देश की आर्थिक स्थिति के समक्ष आने वाली महत्वपूर्ण और वर्तमान चुनौतियों पर बातचीत करने के लिए एक साथ लाता है। सम्मेलन का विषय "नए रास्ते बनाना" बहुत प्रासंगिक और स्थानीय है क्योंकि हम टैरिफ और भूराजनैतिक अनिश्चितताओं की नई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि इस सम्मेलन में होने वाली चर्चाएँ बहुत फायदेमंद होंगी और सभी भागीदारों, विशेषकर व्यापार विनियामकों और सरकारों को गहरी समझ और -गाइडेंस देंगी। यह और भी ज़रूरी है क्योंकि हम 2047 तक विकसित भारत के अपने सफ़र में योगदान देना चाहते हैं। मैं इस वार्षिक सम्मेलन को आयोजित करने के लिए एफआईसीसीआई और आईबीए की तारीफ़ करता हूँ।

I. भारत की सुदृढ़ता और स्थिरता की कहानी

हमने दस दिन पहले अपना 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। आज़ादी के बाद से हमने बहुत तरक्की की है। हमारी तरक्की कई क्षेत्रों में फैली हुई है – शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, अवसंरचना, विज्ञान और तकनीक, रक्षा, अभिशासन, वित्त आदि। भारतीय अर्थव्यवस्था कई गुना बढ़ी है। यह मजबूती और उम्मीद की निशानी बनी हुई है। पिछले कुछ सालों में पहले कभी न हुई मुश्किलों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की सफलताएं प्रशंसनीय हैं और उन्हें सब जानते हैं।

आज भारतीय अर्थव्यवस्था की पहचान मजबूत समष्टि-आर्थिक संरचना से होती है। कोविड के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था ने ज़ोरदार वापसी की और पिछले चार सालों (2021-22 से 2024-25) में लगभग 8 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर्ज की। इसे मुश्किल वैश्विक आर्थिक स्थिति के बीच मजबूत घरेलू मांग – निजी उपभोग और नियत निवेश दोनों – से सहायता मिली। आईएमएफ ने अनुमान लगाया है कि भारत सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। हम आने वाले सालों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण लागू होने के बाद मुद्रास्फीति का स्तर आम तौर पर कम हुआ है। इस साल जुलाई में हेडलाइन मुद्रास्फीति आठ साल के सबसे निचले स्तर 1.6 प्रतिशत पर दर्ज किया गया।

कोविड के बाद प्रति-चक्रीय राजकोषीय प्रतिक्रिया के बाद, जिसमें व्यय की गुणवत्ता पर ध्यान दिया गया है, भारत की राजकोषीय स्थिति में भी काफी सुधार हुआ है। केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा और जीडीपी अनुपात 2025-26 में जीडीपी के 9.2 प्रतिशत के उच्च स्तर से घटकर 4.4 प्रतिशत होने का बजट है। व्यय की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। केंद्र सरकार का प्रभावी पूंजीगत व्यय, जिसमें राज्यों को पूंजी अनुदान सहयोग राशि शामिल है, 2025-26 के लिए जीडीपी का 4.3 प्रतिशत बजट में है। कॉरपोरेट तुलनपत्र मजबूत हैं। बैंक अच्छी तरह से पूंजीकृत हैं, उनके पास काफी चलनिधि बफर्स, मजबूत आस्ति गुणवत्ता और ठीक-ठाक लाभप्रदता है। इस शानदार प्रदर्शन के लिए उद्योग, विशेषकर बैंकिंग क्षेत्र को मेरी बधाई।

पिछले दस वर्षों में भारत का विदेशी व्यापार क्षेत्र भी काफी मजबूत हुआ है। हाल के वर्षों में चालू खाता घाटा (सीएडी) धारणीय सीमा के अंदर रहा है - यह 2024-25 में जीडीपी का 0.6 प्रतिशत था। अधिक व्यापारिक कारोबार घाटे के बावजूद यह ऐसा मजबूत सेवाएं निर्यात और मजबूत धन प्रेषण प्राप्तियों की वजह से है। पूंजीगत प्रवाह आम तौर पर सीएडी से ज़्यादा रहा है, जिससे हमारे आरक्षित विदेशी मुद्रा में बढ़ोतरी हुई है, जो 15 अगस्त, 2025 तक 695 बिलियन यूएसडी था, जिससे 11 महीने से अधिक का व्यापारिक आयात कवर हो सकता है।

* 25 अगस्त 2025 को एफआईबीएसी 2025 सम्मेलन, मुंबई, में भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर श्री संजय मल्होत्रा का उद्घाटन भाषण।

सक्रिय राजकोषीय और मौद्रिक नीति, संरचनात्मक सुधार, भौतिक और डिजिटल संरचना में बड़े पैमाने पर सुधार, बेहतर अभिशासन और बढ़ी हुई उत्पादकता और प्रतियोगिता, इन सभी ने इस शानदार प्रदर्शन में योगदान दिया है।

हम एक अहम मोड़ पर हैं क्योंकि हम बढ़ते व्यापारिक अनिश्चितता और लगातार भूराजनैतिक तनाव वाले उतार-चढ़ाव वाले वैश्विक आर्थिक माहौल में आगे बढ़ रहे हैं। हमें विकास की सीमाओं को आगे बढ़ाने की ज़रूरत है। हम सभी को आने वाली चुनौतियों से निपटने और आगे आने वाले मौकों का फ़ायदा उठाने के लिए अपनी कोशिशें बढ़ानी होंगी। आज़ादी के दीवानों की कई पीढ़ियों ने हमें एक आज़ाद भारत, एक स्वतंत्र भारत दिया। अब हमें एक समृद्ध भारत, एक खुशहाल भारत के लिए काम करने की ज़रूरत है। इस पृष्ठभूमि में, मैंने सोचा कि यह बताना सही होगा कि हमें अपने आर्थिक विकास को और आगे बढ़ाने के लिए मिलकर क्या करने की ज़रूरत है। मैंने इसे पाँच बड़े क्षेत्रों में बांटा है – मौद्रिक नीति, विनियमन, वित्तीय समावेशन, ग्राहक सेवा और तकनीक।

II. मौद्रिक नीति

आर्थिक खुशहाली में मौद्रिक नीति की भूमिका बहुत ज़रूरी है। हाल के वर्षों में, कई आघातों के बावजूद, भारत में समष्टि-आर्थिक स्थिरता का एक बड़ा कारण महंगाई में कमी रहा है। खाने की चीज़ों की कीमतों में तेज़ उछाल, तेल की अस्थिर कीमतें, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में रुकावटें और भूराजनैतिक तनाव महंगाई को काफी बढ़ा सकते थे। हालांकि, रिज़र्व बैंक के सक्रिय नीतिगत उपायों, जिसमें समय पर ब्याज दर समायोजन और चलनिधि प्रबंधन शामिल हैं, के साथ-साथ सरकार के समझदारी भरे आपूर्ति जनित उपायों ने कीमतों के दबाव को आम तौर पर रोकने में मदद की है। स्थिर महंगाई की उम्मीदों ने भी स्थिर उपभोग पैटर्न को सपोर्ट किया है और निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है। कीमतों में स्थिरता के मामले में मौद्रिक नीति के मुख्य उद्देश्य ने भारत के समष्टि-आर्थिक ढांचा की मजबूती में काफी योगदान दिया है। साथ ही, रिज़र्व बैंक ने संवृद्धि के उद्देश्य को नज़रअंदाज़ नहीं किया है। उदाहरण के लिए, कोविड से पहले, जब संवृद्धि धीमी हो रही थी, और हाल के महीनों में, जब महंगाई कम थी और संवृद्धि को सपोर्ट करने की ज़रूरत थी, मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने नीतिगत रेपो दर कम कर दिया था। हम संवृद्धि के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कीमतों में स्थिरता के मुख्य उद्देश्य के साथ मौद्रिक नीति जारी रखेंगे।

III. बैंकों और एनबीएफसी का विनियमन

विनियमन का महत्व

ऋण के अन्य स्रोतों में वृद्धि के बावजूद, आरबीआई द्वारा विनियमित बैंक, एनबीएफसी, एचएफसी और एआईएफआई अभी भी वास्तविक अर्थव्यवस्था की लगभग 73 प्रतिशत ऋण आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, जबकि बैंक लगभग 53 प्रतिशत प्रदान करते हैं। यह अर्थव्यवस्था की ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने में आरबीआई द्वारा विनियमित संस्थाओं के निरंतर महत्व को दर्शाता है।

इन संस्थाओं को विनियमित करने के हमारे प्रयास का यह उद्देश्य रहा है कि सुनिश्चित किया जा सके कि वित्तीय प्रणाली सुदृढ़ बनी रहे और निरंतर विकास करे। यहाँ मैं यह उल्लेख करना चाहूँगा कि विनियमन घर्षण के समान हैं। यदि घर्षण बहुत कम है, तो व्यक्ति चलते-चलते गिर जाएगा और यदि यह बहुत अधिक है, तो प्रगति बाधित होगी। विनियम वित्तीय स्थिरता और जमाकर्ताओं की गाढ़ी कमाई की सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक घर्षण प्रदान करते हैं। हालाँकि, कठोर विनियमन अर्थव्यवस्था के विकास में बाधा डाल सकते हैं। विनियम निर्माण की कला सुरक्षा और विकास के बीच सही संतुलन - "उचित मात्रा में घर्षण" - खोजने में निहित है। वास्तव में इस संतुलन, या इष्टतम विनियम की खोज ही आरबीआई में हमारा निरंतर प्रयास है।

विनियम निर्माण के प्रति हमारा दृष्टिकोण

हमारा विनियामकीय ढाँचा पाँच सिद्धांतों या विशेषताओं पर आधारित है:

ए. पहला, हम धीरे-धीरे निर्देशात्मक से मुख्यतः सिद्धांत-आधारित हो गए हैं।

बी. दूसरा, हमने विनियमन की लागत और लाभों के बीच एक अच्छा संतुलन बनाने के लिए आनुपातिकता के विचार को अपनाया है। प्रभाव विश्लेषण इसका एक अभिन्न अंग है।

सी. तीसरा, हम अपने दृष्टिकोण में परामर्शात्मक हैं। हम समझते हैं कि हमें सभी हितधारकों के दृष्टिकोण को समझने की आवश्यकता है। हम उद्योग, संघों, बैंकों, एनबीएफसी और अन्य विनियमित संस्थाओं के साथ संपर्क स्थापित करते हैं। हमने अपने हितधारकों के साथ सीधे संपर्क के लिए 'कनेक्ट टू रेगुलेट' की भी शुरुआत की है। बेहतर विनियम-निर्माण हेतु प्रतिक्रिया और सुझाव देने में हम आपका सक्रिय सहयोग चाहते हैं।

डी. चौथा, हम साक्ष्य-आधारित होने का प्रयास करते हैं। हम अपनी बातचीत और संपर्क के साथ-साथ अपनी पर्यवेक्षी टीमों के माध्यम से भी जानकारी एकत्र करते हैं। कुछ विनियमित संस्थाएँ हमारी ओर से मांगी गई जानकारी को बोझ महसूस कर सकती हैं। लेकिन, विनियम-निर्माण के लिए जानकारी महत्वपूर्ण है। हम इस संबंध में आपकी सहायता चाहते हैं।

ई. पाँचवाँ, हम चुस्त-दुरुस्त हैं और संदर्भ, नई जानकारी की उपलब्धता और बदलते परिदृश्य के अनुसार खुद को ढाल लेते हैं। संदर्भ बदलने और लागत-लाभ संतुलन के उलट होने पर, जरूरत पड़ने पर, हमने कठोर नियमों में ढील देने में कोई संकोच नहीं किया है।

व्यवहार में हम जो करते हैं, उसे अब हाल ही में जारी "विनियमों के निर्माण हेतु ढाँचा" के माध्यम से संस्थागत रूप दे दिया गया है, जो इस दृष्टिकोण को संहिताबद्ध करता है, जिस पर मैंने अभी प्रकाश डाला है।

हाल के दिनों में विनियामकीय विकास

इस कैलेंडर वर्ष में प्रवेश करते हुए, हमने शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) के संचालन में सुदृढ़ता प्रदान करने के लिए उनके लिए लागू विवेकपूर्ण मानदंडों को युक्तिसंगत बनाया है; जोखिम कम होने पर हमने एनबीएफसी को दिए जाने वाले ऋणों के लिए लागू जोखिम भार को बहाल किया है। इसी प्रकार, सरकारी गारंटीकृत प्रतिभूति रसीदों के लिए प्रावधान आवश्यकता की समीक्षा उनकी संप्रभु प्रकृति को देखते हुए की गई। हमने वंचित क्षेत्रों को ऋण बढ़ाने के लिए प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (पीएसएल) दिशानिर्देशों को अद्यतित किया है। हमने रन-ऑफ कारकों को युक्तिसंगत बनाया है, जिससे महत्वपूर्ण रूप से समग्र प्रणाली के लिए एलसीआर में लगभग 6 प्रतिशत अंकों का संचयी सुधार होगा। इसी प्रकार, हमने वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ), सह-ऋण, गैर-निधि-आधारित सुविधाओं, परियोजना वित्त और स्वर्ण ऋणों में निवेश के लिए व्यापक रूप से युक्तिसंगत विनियामकीय ढांचा तैयार किया है। ये उदाहरण हैं कि हम अपने विनियम-निर्माण में कैसे चुस्त, परामर्शी, साक्ष्य-उन्मुख, सिद्धांत-आधारित और आनुपातिक रहे हैं।

प्रस्तावित विनियम

आगे बढ़ते हुए, हम इसी दृष्टिकोण को जारी रखेंगे। हमारा ध्यान त्रिविध होगा। सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण, हम वित्तीय स्थिरता को मजबूत करना जारी रखेंगे। हमारा इरादा 1.4.2027 से बाज़ार, ऋण और परिचालन जोखिम के लिए बेसल III दिशानिर्देशों को लागू करने का है, जिसके लिए ऋण जोखिम और ईसीएल से संबंधित मसौदा दिशानिर्देश जल्द ही जारी करने का प्रस्ताव है। व्यवसाय प्रपत्र परिपत्र को भी जल्द ही अंतिम रूप देने की योजना है।

दूसरा, हम व्यापार करने में आसानी को बढ़ाने का प्रयास करेंगे। हमने पहले ही विनियमित संस्थाओं द्वारा हमें प्रस्तुत किए जाने वाले रिटर्न को युक्तिसंगत बना दिया है। हम विभिन्न श्रेणियों की विनियमित संस्थाओं के लिए सभी विनियमों को समेकित करने की प्रक्रिया में हैं। सिद्धांत-आधारित ढाँचा बनाने के अपने प्रयास में, हमने संबंधित संस्थाओं के बोर्ड को नीतियाँ बनाने की स्वायत्तता दी है। हालाँकि विस्तृत नीति-निर्माण का काम बैंक के निर्णय पर छोड़ने का इरादा था, लेकिन इसके परिणामस्वरूप विनियमित संस्थाओं के बोर्ड पर अत्यधिक बोझ पड़ गया है। इसलिए, हम उन समष्टि नीतियों को युक्तिसंगत बनाने का प्रयास कर रहे हैं जिन्हें विनियमित संस्थाओं के बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया जाना आवश्यक है, और प्रक्रियात्मक और नियमित

मामलों को प्रबंधन पर छोड़ रहे हैं ताकि बोर्ड को रणनीतिक और महत्वपूर्ण मामलों पर विचार-विमर्श करने के लिए गुणवत्तापूर्ण समय मिल सके।

तीसरा, हम उत्पादक क्षेत्रों के लिए बैंक ऋण का विस्तार करने और मध्यस्थता की लागत को कम करने के उपायों की जाँच कर रहे हैं।

जैसा कि पहले घोषणा की गई थी, हम एक विनियामक समीक्षा प्रकोष्ठ की स्थापना का प्रस्ताव करते हैं जिसका कार्य प्रत्येक विनियम की व्यापक, वस्तुनिष्ठ, व्यवस्थित और संरचित तरीके से समीक्षा करना होगा। समीक्षा का उद्देश्य प्रत्येक विनियम का दक्षता, लागत और लाभ के संदर्भ में उसके प्रभाव, वर्तमान संदर्भ और बाजार की वास्तविकताओं में उसकी आवश्यकता, विशेष रूप से विभिन्न विनियमों में एकरूपता और स्पष्टता; और अनसुलझे या उभरते जोखिमों की संभावना आदि के मूल्यांकन पर केंद्रित होगा। प्रकोष्ठ अपने कार्य को इस प्रकार व्यवस्थित करेगा कि प्रत्येक विनियम की समीक्षा प्रत्येक 5-7 वर्षों में कम से कम एक बार की जाए। यह प्रकोष्ठ प्रमुख वित्तीय क्षेत्र के उद्योग निकायों के साथ बातचीत करेगा।

IV. वित्तीय समावेशन

आर्थिक विकास अधूरा है अगर वह समावेशी न हो। हम इस कहावत में विश्वास करते हैं, "अगर आप तेज़ी से आगे बढ़ना चाहते हैं, तो अकेले चलें; अगर आप दूर जाना चाहते हैं, तो साथ चलें"। हमें सभी को साथ लेकर चलना होगा, खासकर उन लोगों को जो आर्थिक रूप से सबसे निचले पायदान पर हैं। हमने पिछले कुछ वर्षों में वित्तीय समावेशन में उल्लेखनीय प्रगति की है, जैसा कि आरबीआई द्वारा निर्मित वित्तीय समावेशन (एफआई) सूचकांक में परिलक्षित होता है, जो वित्तीय समावेशन के तीन आयामों, 'पहुँच', 'उपयोग' और 'गुणवत्ता' पर आधारित है। उल्लेखनीय प्रगति के बावजूद, एफआई-सूचकांक उपयोग और गुणवत्ता में और सुधार की गुंजाइश की ओर इशारा करता है, साथ ही पहुँच में कमियों पर भी ध्यान खींचता है।

हमें याद रखना चाहिए कि हमारे देश के सभी लोगों के प्रति हमारी ज़िम्मेदारी है, जिनमें से लगभग दो-तिहाई ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं। हालाँकि, हमने 5 किलोमीटर के दायरे में लगभग सभी गाँवों तक बैंकिंग पहुँच प्रदान की है, तथापि इसे और बढ़ाने की गुंजाइश है। व्यवसाय संवाददाता (बीसी) हमारे देश के कम आबादी वाले क्षेत्रों में सेवाएँ प्रदान करने का एक प्रभावी माध्यम हैं। वित्तीय सेवाओं की गुणवत्ता, निरंतरता और पहुँच में सुधार के लिए इस माध्यम को मज़बूत करने की आवश्यकता है। न केवल उन्हें बढ़ाने की गुंजाइश है, बल्कि उन्हें प्रशिक्षित करने और उनके द्वारा प्रदान की जा सकने वाली सेवाओं की संख्या का विस्तार करने की भी आवश्यकता है। एक ओर, यह बीसी को आर्थिक रूप से व्यवहार्य और टिकाऊ बनाएगा; दूसरी ओर, इससे सेवाओं की गुणवत्ता और पहुँच में सुधार होगा।

वित्तीय समावेशन के उद्देश्य और वित्तीय सेवाओं तक निर्बाध पहुँच सुनिश्चित करने के लिए, बैंकों ने 1 जुलाई 2025 से 30 सितंबर 2025 तक ग्राम पंचायत स्तर पर एक देशव्यापी अभियान शुरू किया है। मैं सभी बैंकों से आग्रह करता हूँ कि वे इन शिविरों के माध्यम से पुनः-केवाईसी और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के दायरे को बढ़ाने की दिशा में अपने प्रयासों को आगे बढ़ाएँ। मैं हमारे तत्वावधान में संचालित वित्तीय साक्षरता केंद्रों (एफएलसी) और वित्तीय साक्षरता के लिए बने केंद्रों (सीएफएल) के लिए भी आपका सहयोग चाहता हूँ।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र पर भी ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए, जो रोजगार, निर्यात और उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान देता है। एमएसएमई के लिए ऋण में कमी काफ़ी ज़्यादा है। बैंकों और एनबीएफसी को इन उद्यमों के लिए औपचारिक ऋण को बढ़ावा देने हेतु विशेष प्रयास करने चाहिए। इस प्रयास में उन्हें यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस (यूएलआई) जैसी सार्वजनिक डिजिटल अवसंरचना का लाभ उठाना चाहिए।

V. ग्राहक सेवा

उपभोक्ता से ही हम हैं या यूं कहें कि हमारा अस्तित्व उन्हीं पर टिका है। किसी भी कारोबार के सतत विकास के लिए ग्राहक-केंद्रीयता महत्वपूर्ण है।

आचरण संबंधित विनियमन

रिज़र्व बैंक में, हम ग्राहक-केंद्रीयता के उद्देश्य से पूरी लगन से आगे बढ़ते हैं। की फैक्ट स्टेटमेंट और हमारे विनियमों में स्पष्ट

आचरण से संबंधित पहलुओं को एकीकृत करना इस संबंध में कुछ उदाहरण हैं। हाल ही में पूर्व-भुगतान शुल्क पर संशोधित दिशानिर्देश और मृत ग्राहकों के संबंध में दावों के निपटान पर मसौदा दिशानिर्देश भी हमारे 'ग्राहक पहले' दृष्टिकोण को दर्शाते हैं।

आरई द्वारा उपभोक्ता सेवा

इसी तरह, विनियमित संस्थाओं को उत्कृष्ट और निर्बाध सेवा एवं अनुभव पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जिससे ग्राहक खुश रहें। उन्हें पारदर्शी, निष्पक्ष और उत्तरदायी होने की आवश्यकता है। जबकि डिजिटलीकरण एक कुंजी है, मानवीय पहलू को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है, जिसके लिए प्रशिक्षण, विशेष रूप से व्यवहार संबंधी पहलुओं पर जोर देने की आवश्यकता है।

मैंने पहले भी बैंकों से केवाईसी टच प्वाइंट पर सीकेवाईसीआर के उपयोग को सक्षम बनाने का आग्रह किया था। मैंने इस बात पर भी प्रकाश डाला था कि भारतीय रिज़र्व बैंक के ओमबड्समैन को प्राप्त होने वाली शिकायतों की संख्या बहुत अधिक है। यह भी उम्मीद की गई थी कि प्रत्येक आरई में एक प्रभावी शिकायत निवारण तंत्र होगा, जहां अधिकारियों को उपभोक्ता हित में निर्णय लेने के लिए उपयुक्त रूप से सशक्त बनाया गया हो। मैं विनियमित संस्थाओं से इन क्षेत्रों में और सुधार करने का आह्वान करता हूं।

इसके अतिरिक्त, हम आरई के स्तर पर आंतरिक ओमबड्समैन रूपरेखा की समीक्षा करने की प्रक्रिया में हैं, ताकि इसे और मजबूत किया जा सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि शिकायतों का समाधान संस्थान के भीतर ही प्रभावी ढंग से किया जाए। हम एक वैकल्पिक शिकायत निवारण तंत्र के रूप में आरबी-आईओएस की प्रभावशीलता, पारदर्शिता और ग्राहक-केंद्रीयता बढ़ाने के लिए इसकी समीक्षा भी कर रहे हैं। इसके अलावा, हम ओमबड्समैन रूपरेखा के तहत दिए गए मुआवजे की संगतता और पर्याप्तता को बढ़ाने का प्रयोजन रखते हैं। हम उन सेवाओं के समूह का विस्तार करने की भी योजना बना रहे हैं, जिनका समय पर प्रावधान नहीं करने से जुर्माना राशि का भुगतान करना पड़ सकता है।

उपभोक्ता का विश्वास न केवल विनियमित इकाई के लिए बल्कि बैंकिंग प्रणाली की स्थिरता और सुदृढ़ता के लिए भी महत्वपूर्ण है। विश्वास स्थापित करने और बनाए रखने के लिए, यह आवश्यक है कि विनियमित संस्थाएं (आरई) पीड़ित ग्राहकों की शिकायतों का न्यायसंगत, पारदर्शी, समय पर और किफायती तरीके से सक्रिय रूप से निवारण करने के लिए एक मजबूत और प्रभावी तंत्र स्थापित करें। उन्हें समय-समय पर शिकायतों के प्रकारों का आकलन करना चाहिए, मूल कारण विश्लेषण करना चाहिए तथा उत्पाद डिजाइन, प्रक्रियाओं और कर्मचारी आचरण में प्रणालीगत सुधारात्मक उपायों को लागू करना चाहिए। यह भी सुझाव दिया जाता है कि ग्राहक संतुष्टि से संबंधित केपीआई को प्रमुख पदाधिकारियों के निष्पादन मूल्यांकन और परिवर्तनीय वेतन में शामिल किया जाए।

VI. ऋण और दक्षता बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी

प्रौद्योगिकी का उपयोग किसी भी कारोबार के लिए अनिवार्य है। यह निर्णय लेने और ग्राहक सेवा में सुधार के लिए मुख्य साधन बन गया है, जो दक्षता बढ़ाने की अपनी पारंपरिक भूमिका से कहीं आगे बढ़ गया है। विनियमित संस्थाओं को इसके अंगीकरण में तेजी लाने की आवश्यकता है क्योंकि वे ऋण में वृद्धि और लागत कम करने का प्रयास रहे हैं।

आरबीआई ने भी अपने सभी कार्यों में प्रौद्योगिकी को अपनाया है। एकाउंट एग्रीगेटर (एए) पारितंत्र ग्राहकों को उनके वित्तीय डेटा पर नियंत्रण देने के साथ सशक्त बना रहा है। यूएलआई ऋण वितरण को सहज बना रहा है, जिससे यह वास्तव में परिवर्तनकारी हो रहा है। हम इन प्लेटफॉर्मों को और मजबूत करेंगे। हमने विनियमित संस्थाओं की सेवाओं में सुधार के लिए 'प्रवाह' प्लेटफॉर्म को कार्यान्वित किया है। हम एआई और एमएल सहित प्रौद्योगिकी को अपनाना जारी रखेंगे और उम्मीद करेंगे कि हमारी विनियमित संस्थाएं भी इसमें निवेश करेंगी।

VII. निष्कर्ष

अंत में, मैं इस बात पर जोर देना चाहूंगा कि भले ही हम अलग-अलग पक्षों पर प्रतीत हो सकते हैं - विनियमित संस्थाएं वृद्धि में बढ़ोतरी लाने की कोशिश कर रही हैं तथा विनियामक, स्थिरता पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, लेकिन वास्तव में हम दोनों का उद्देश्य एक ही है। हम एक ही टीम में हैं और हमारा एक ही साझा विजन है: विकसित भारत। वित्तीय स्थिरता और वृद्धि के बीच कोई खींचतान नहीं है। वित्तीय स्थिरता और मूल्य स्थिरता, वृद्धि को बाधित नहीं करती हैं। बल्कि, वे धारणीय वृद्धि के लिए आवश्यक हैं।

मैं विनियमित संस्थाओं के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूँ ताकि वित्तीय मध्यस्थता की दक्षता और प्रभावशीलता को बेहतर बनाया जा सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारे देश के लोगों तक समुचित लाभ पहुँचें। इसी तरह, मांग पक्ष पर, मैं उद्योग जगत से साहसपूर्वक निवेश करने और हमारे राष्ट्र को परिभाषित करने वाली उद्यमशीलता की भावना का समर्थन करने का आग्रह करता हूं। ऐसे समय में, जब बैंकों और कॉरपोरेट्स के तुलन-पत्र (बैलेंस शीट) अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर हैं, उन्हें एक साथ आना चाहिए और निवेश चक्र बनाने के लिए जिंदादिल होना चाहिए जो इस समय बहुत जरूरी है।

अंत में, अपनी-अपनी भूमिकाओं में, मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप जिन लोगों की सेवा कर रहे हैं, उन्हें कभी भी नज़रअंदाज़ न करें। यह थोड़ा-बहुत उपदेशात्मक लगने के बावजूद, मुझे यह कहना होगा कि यदि आपके मन में कोई संदेह है, तो गांधीजी के जंतर/सीख या अंत्योदय की सोच को अपनाएं। इस बात को ध्यान में रखते हुए निर्णय लें कि आपके कार्य हमारे देश के सबसे कमजोर व्यक्ति को कैसे प्रभावित करेंगे।

मैं सम्मेलन की महती सफलता की कामना करता हूं।

धन्यवाद। नमस्कार। जय हिंद।

*एक अंतरसंबंधित वित्तीय प्रणाली में विनियमों पर पुनर्विचार**

श्री एम. राजेश्वर राव

'वित्तीय बाजार विनियमन पर प्रबंधन विकास कार्यक्रम' के प्रतिभागियो, प्राध्यापको, देवियो और सज्जनो। आप सभी को नमस्कार!

सबसे पहले मैं आईआईएम, कोझिकोड को मुझे यहाँ आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूँ। नीति विशेषज्ञों से लेकर वित्तीय परिदृश्य के महत्वपूर्ण हितधारकों तक की इस वैविध्यपूर्ण सभा को संबोधित करना मेरे लिए खुशी की बात है। कार्यक्रम की विषयवस्तु बैंकों, प्रतिभूति फर्मों और बीमा संस्थाओं सहित वित्तीय बाजारों में कार्यरत विविध संस्थाओं के विनियामक ढाँचे से जुड़े मुद्दों पर केंद्रित है।

वित्तीय बाजारों में मुद्रा बाजार, सरकारी प्रतिभूतियाँ, विदेशी मुद्रा, इक्विटी, कमोडिटी और डेरिवेटिव जैसे उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। इन उत्पादों का व्यापार द्विपक्षीय रूप से, काउंटर पर, या इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म या अधिकतर एक्सचेंजों पर होता है। ये संस्थाएँ विविध हैं, और इनमें से कई बाजारों में सक्रिय हैं। संस्थाओं की प्रकृति और/या उनकी गतिविधियों के आधार पर इनका विनियमन विभिन्न विनियामकों द्वारा किया जाता है। बाज़ार एक प्रकार की बाज़ार गतिविधियों से दूसरे प्रकार की बाज़ार गतिविधियों में फैलने वाले जोखिमों से परस्पर जुड़े हुए हैं, जो वित्तीय स्थिरता के दृष्टिकोण से चिंता का विषय बनता जा रहा है। इसलिए, आज अपने वक्तव्य में, मैं बाज़ार और संस्थाओं के विनियमनों की आवश्यकता और उनके परस्पर प्रभाव, विनियामकों द्वारा प्रयुक्त टूल्स और तेज़ी से विकसित होते और परस्पर जुड़े वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए विनियमन तैयार करने में आने वाली चुनौतियों पर कुछ दृष्टिकोण साझा करना चाहूँगा; और आगे की राह पर कुछ विचार साझा करके अपनी बात समाप्त करूँगा।

भारत में वित्तीय क्षेत्र के विनियमनों की भूमिका और विकास

इसकी शुरुआत करने के लिए भारत में वित्तीय क्षेत्र के विनियमनों के विकास पर बात करना आवश्यक है। इसकी शुरुआत 1935 में भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) की स्थापना के साथ हुई थी। 1949 में बैंक के कार्यक्षेत्र का विस्तार वाणिज्यिक बैंकों के विनियमन और पर्यवेक्षण को शामिल करने के लिए किया गया था। इसके बाद 1964 में इसे गैर-बैंकिंग संस्थाओं[2], जिन्हें अब सामान्यतः गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) कहा जाता है, तथा उसके बाद 1966 में शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) को विनियमित करने और पर्यवेक्षण करने का अधिकार दिया गया।

वर्ष 1991 अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि उस वर्ष में प्रमुख आर्थिक सुधारों की शुरुआत हुई जिससे हमारी अर्थव्यवस्था में परिवर्तन और विकास हुआ। वित्तीय क्षेत्र में सुधारों की शुरुआत एक तरह से वित्तीय क्षेत्र सुधारों पर नरसिम्हम समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन के साथ हुई। निजी बैंकों का प्रवेश, बैंकों के लिए विवेकपूर्ण मानदंडों की शुरुआत, समिति की सिफारिशों के आधार पर पूंजी पर्याप्तता आवश्यकताओं को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाना और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) पर अधिक निगरानी रखने के लिए रिज़र्व बैंक को वैधानिक शक्तियाँ प्रदान करना इस अवधि के दौरान महत्वपूर्ण नीतिगत मील के पत्थर थे। इसके साथ ही मौद्रिक नीति ढाँचे[5] में बाद

* भारतीय रिज़र्व बैंक के उप-गवर्नर श्री एम. राजेश्वर राव द्वारा 18 अगस्त 2025 को भारतीय प्रबंधन संस्थान, कोझिकोड (आईआईएमके) में वित्तीय बाजार विनियमन पर कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) एमडीपी कार्यक्रम में दिया गया उद्घाटन भाषण। चांदनी त्रेहन सलूजा और नीलेश ज्ञानोबा गावडे द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के लिए आभार।

1 https://rbi.org.in/history/Brief_Chro1935to1949.html

2 1963 का अधिनियम 055: बैंकिंग कानून (विविध प्रावधान) अधिनियम, 1963 (https://www.casemine.com/act/in/5a979d964a93263ca60b70c7)

3 आरबीआई अधिनियम, 1934 का अध्याय IIIबी।

4 https://rbi.org.in/history/Brief_Fun_UrbanCoopBanks.html

5 1998 से 2009 तक तदर्थ टी-बिलों के माध्यम से स्वचालित मुद्रीकरण को समाप्त करने से लेकर बहु-संकेतक दृष्टिकोण तक, जिसके बाद 2013 से 2016 तक मौद्रिक नीति को निर्देशित करने वाले नाममात्र आधार के रूप में मुद्रास्फीति को लागू करने की पूर्व-शर्तों के साथ एक संक्रमण काल और उसके बाद, लचीली मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण ढांचा: https://rbi.org.in/commonman/english/Scripts/speeches.aspx?Id=3161

में हुए बदलाव, विनिमय नियंत्रण व्यवस्था का उदारीकरण और भुगतान एवं निपटान प्रणालियों के साथ-साथ मुद्रा, विदेशी मुद्रा और सरकारी प्रतिभूति (जी-सेक) बाजारों को विनियमित करने की शक्तियाँ रिज़र्व बैंक को प्रदान किए जाने से समग्र रूप से रिज़र्व बैंक में विनियमन निर्माण के दृष्टिकोण में बदला आया।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को वर्ष 1992[6] में प्रतिभूति बाजार के विनियमन और विकास का वैधानिक दायित्व सौंपा गया। इसके बाद के दशकों में बीमा और पुनर्बीमा क्षेत्रों के विनियमन की देखरेख के लिए भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) और पेंशन निधियों के लिए पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के रूप में नए वित्तीय क्षेत्र विनियामकों की स्थापना हुई। हाल ही में, अर्थात 2020 में, भारत के अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्रों के भीतर वित्तीय उत्पादों, सेवाओं और संस्थानों को विनियमित करने और बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) का गठन किया गया। सामूहिक रूप से, ये विनियामक भारत की वित्तीय प्रणाली को एक अधिक लचीले, बाजार-संचालित और उपभोक्ता-केंद्रित पारिस्थितिकी तंत्र में बदलने की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, और साथ ही देश के टिकाऊ आर्थिक विकास को भी सुगम बनाते हैं।

विनियमन बनाने संबंधी दृष्टिकोण

न्यूनतम विनियमनों के साथ वित्तीय बाजारों के विनियमन के प्रति बाजार-उन्मुख *अहस्तक्षेप* दृष्टिकोण इस धारणा पर आधारित है कि स्व-विनियमन प्रभावी होगा। हालाँकि, कुछ अर्थशास्त्रियों और नीति निर्माताओं ने इस दृष्टिकोण का विरोध किया है, जिनका तर्क है कि विनियमन न केवल आवश्यक है, बल्कि अनिवार्य भी है। उनका तर्क है कि स्वाभाविक रूप से स्व-सुधार करने वाले बाजारों का विचार एक तथ्यात्मक घटना से ज़्यादा एक वैचारिक सोच है, और वित्तीय क्षेत्र की स्थिरता, पारदर्शिता और प्रणालीगत जोखिमों से सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी निगरानी बेहद ज़रूरी है। नोबेल पुरस्कार विजेता जोसेफ स्टिग्लिट्ज़ ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक "फ्रीफॉल: फ्री मार्केट्स एंड द सिंकिंग ऑफ़ द ग्लोबल इकोनॉमी" में लिखा है, “उस संकट ने यह स्पष्ट कर दिया है कि स्व-नियमन - जिसे वित्तीय उद्योग ने बढ़ावा दिया और जिसे मैं एक विरोधाभास मानता हूँ - कारगर नहीं है (“The crisis has made it clear that self-regulation – which the financial industry promoted and which I view as an oxymoron – doesn’t work.”)।" बार-बार यह सिद्ध हो चुका है कि वित्तीय विनियमन न केवल बाजार की विफलताओं को रोकने के लिए, बल्कि उपभोक्ताओं की सुरक्षा और व्यापक अर्थव्यवस्था की स्थिरता और लचीलेपन को बनाए रखने के लिए भी आवश्यक है, खासकर संकट के समय में। यह आम गलत धारणा कि विनियमन स्वाभाविक रूप से प्रतिबंधात्मक बाधाएँ लगाता है, गलत है। सोच-समझकर तैयार किए गए विनियमों पर आधारित एक सुविचारित वित्तीय निगरानी ढाँचा न केवल समान अवसर सुनिश्चित करता है, बल्कि टिकाऊ संवृद्धि और विकास को भी बढ़ावा देता है।

हम वित्तीय प्रणालियों को कैसे विनियमित करते हैं[7]

विनियमन-निर्माण के विशिष्ट तरीकों पर गहराई से विचार करने से पहले, वित्तीय प्रणाली विनियमन के व्यापक ढाँचों पर विचार करना महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से यह देखते हुए कि वित्तीय निगरानी के वैकल्पिक मॉडल प्रचलन में हैं।

वित्तीय प्रणालियों के लिए विनियामक निगरानी संरचना को मोटे तौर पर **तीन मुख्य मॉडलों** में वर्गीकृत किया जा सकता है। पहला मॉडल **‘क्षेत्रीय या पारंपरिक मॉडल’** के रूप में जाना जाता है, जिसमें प्रत्येक वित्तीय क्षेत्र प्राधिकरण विशिष्ट वित्तीय क्षेत्र, अर्थात् बैंकिंग, बीमा, प्रतिभूतियाँ और बाज़ार अखंडता के विवेकपूर्ण और आचरण संबंधी दोनों पहलुओं के लिए ज़िम्मेदार होता है। भारत, ब्राज़ील, हांगकांग और मेक्सिको जैसे देशों ने इस दृष्टिकोण को अपनाया है और यह दुनिया भर में सबसे अधिक

[6] सेबी की स्थापना 1988 में प्रतिभूति बाजार के विनियमन हेतु एक गैर-सांविधिक निकाय के रूप में की गई थी।

[7] https://www.bis.org/fsi/publ/insights8.htm और https://www.researchgate.net/publication/290574692_Approaches_to_Financial_System_Regulation_An_International_Comparative_Survey

इस्तेमाल किया जाने वाला मॉडल बना हुआ है। हालाँकि, वित्तीय समूहों के साथ व्यवहार करते समय ऐसे मॉडल में चुनौतियाँ आती हैं, जिनकी गतिविधियाँ विभिन्न प्रकार के वित्तीय संस्थानों के बीच की सीमाओं को धुंधला कर देती हैं। इस तरह की कमियों को पूरक व्यवस्थाओं को लागू करके सुचारु किया जा सकता है, जैसे कि भारतीय वित्तीय क्षेत्र विनियामकों (एफएसआर) द्वारा अपनाई गई व्यवस्थाएँ, जिनकी चर्चा मैं बाद में करूँगा।

एक वैकल्पिक दृष्टिकोण **'एकीकृत मॉडल'** है, जहाँ एक ही एजेंसी वित्त उद्योग में विनियमन सहित सभी निरीक्षण कार्यों की देखरेख करती है। वित्तीय निरीक्षण संरचना में सुधारों के परिणामस्वरूप सिंगापुर ने 1984 में इस मॉडल को अपनाया था। बाद में स्कैंडिनेवियाई देशों ने भी इसी तरह के मॉडल अपनाए, जिसके बाद ब्रिटेन ने 1997 में एक एकल वित्तीय सेवा प्राधिकरण (एफएसए) की स्थापना की। इसके अलावा, रूस, जापान, जर्मनी और दक्षिण कोरिया जैसे देशों ने भी अपनी वित्तीय संरचना में इस मॉडल को अपनाया है। हालाँकि यह दृष्टिकोण वित्तीय क्षेत्र की निगरानी के लिए एक सुसंगत और सुव्यवस्थित ढाँचा प्रदान करता है जिससे एकीकृत निर्णय लेने, कम विनियामक मध्यस्थता और बेहतर समन्वय संभव होता है, यह कुछ परिचालनिक चुनौतियाँ भी प्रस्तुत कर सकता है जैसे कि विनियामक विफलता के संभावित एकल बिंदु का जोखिम, क्षेत्रीय विषय पर ध्यान का कमजोर होना और विभिन्न उप-क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूरा करने में लचीलेपन में कमी।

तीसरे मॉडल में ज़िम्मेदारियों को या तो विनियामक और पर्यवेक्षी लक्ष्यों के अनुसार या क्षेत्रों के अनुसार समूहीकृत करना शामिल है, अर्थात आंशिक रूप से **एकीकृत दृष्टिकोण। 'ट्विन पीक्स'** (Twin Peaks) मॉडल इसका एक उदाहरण है, जहां दो अलग-अलग एजेंसियां सभी प्रकार के वित्तीय संस्थानों के लिए विवेकपूर्ण निरीक्षण और व्यवसाय के संचालन का प्रबंधन करती हैं। इस मॉडल को सबसे पहले 1997 में ऑस्ट्रेलिया में अपनाया गया था, इसके बाद 2002 में नीदरलैंड में और उसके बाद कनाडा और दक्षिण अफ्रीका में अपनाया गया। वैश्विक वित्तीय संकट (जीएफसी) के बाद यूके ने एफएसए को दो संस्थानों में विभाजित करके एकीकृत मॉडल को ट्विन पीक्स मॉडल के साथ बदलने के लिए अपने विनियामक ढांचे का पुनर्गठन किया। एक - वित्तीय संचलन प्राधिकरण जो बाजार के संचलन पर केंद्रित है, और विवेकपूर्ण विनियमन प्राधिकरण (सेंट्रल बैंक के तत्वावधान में) जो बैंकों, बिल्डिंग सोसाइटियों, क्रेडिट यूनियनों, बीमा कंपनियों और प्रमुख निवेश फर्मों के विवेकपूर्ण विनियमन और पर्यवेक्षण के लिए जिम्मेदार है। ट्विन पीक्स मॉडल विभिन्न प्रकार के वित्तीय संस्थानों के विवेकपूर्ण या व्यावसायिक संचलन निरीक्षण में उत्पन्न होने वाली संभावित सहक्रियाओं पर आधारित है, लेकिन इसमें एकीकृत मॉडल की तरह ही क्षेत्रीय विषय पर ध्यान की कमी और क्षेत्रीय मॉडल की तरह समन्वय संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

द्वी-एजेंसी मॉडल आंशिक रूप से एकीकृत मॉडल का एक और उदाहरण है, जहाँ एक एजेंसी बैंकों और बीमा कंपनियों की शोधन क्षमता और व्यावसायिक संचालन, दोनों के विनियमन और पर्यवेक्षण के लिए ज़िम्मेदार होती है, और दूसरी एजेंसी बाज़ार की अखंडता और प्रतिभूति व्यवसाय के लिए ज़िम्मेदार होती है। यह वर्तमान में फ्रांस, इटली, मलेशिया, सऊदी अरब आदि जैसे क्षेत्राधिकारों में लागू है।

संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएस) और यूरोपीय संघ (ईयू) के मॉडल की अपनी विशिष्टताएँ हैं। जहाँ अमेरिका में संघीय और राज्य स्तर पर विभिन्न एजेंसियों को कार्य सौंपे गए हैं, वहीं यूरोपीय संघ में यूरो क्षेत्र के सभी देश महत्वपूर्ण बैंकों के लिए एक ही विवेकपूर्ण पर्यवेक्षी प्राधिकरण साझा करते हैं। हाल ही में, वैश्विक वित्तीय संकट के बाद, वित्तीय निरीक्षण ढाँचे में समष्टि-विवेकपूर्ण नीति और समाधान कार्य जोड़े गए, जिनमें अपनाए गए मॉडल के प्रकार के आधार पर अलग-अलग एजेंसियाँ शामिल हो भी सकती हैं और नहीं भी।

प्रत्येक मॉडल में तालमेल और संभावित हितों के टकराव तथा चुनौतियों के बीच संतुलन स्थापित करना शामिल है। वित्तीय निरीक्षण मॉडल अपनाने का निर्णय वित्तीय क्षेत्र की संरचना और विकास, कानूनी, सांस्कृतिक और राजनीतिक अर्थव्यवस्था

संबंधी विचारों के साथ-साथ वित्तीय संकटों से निपटने जैसे पिछले अनुभवों पर निर्भर करता है। मॉडल चाहे जो भी हो, किसी भी वित्तीय निरीक्षण संरचना की एक प्रमुख विशेषता यह है कि केंद्रीय बैंक प्राथमिक या प्रमुख प्राधिकरण बना रहता है। अन्य विनियामक संस्थाओं के साथ समन्वय में इसका नेतृत्व समग्र वित्तीय निरीक्षण संरचना की सुसंगतता, लचीलेपन और विश्वसनीयता को सुदृढ़ करता है।

अब मैं विनियमन-निर्माण प्रक्रिया के लिए विनियामकों द्वारा अपनाए गए दृष्टिकोणों पर चर्चा करूँगा। हालाँकि विनियमन के लिए सबसे उपयुक्त दृष्टिकोण पर अलग-अलग विचार हो सकते हैं, लेकिन कोई भी दृष्टिकोण 'सभी के लिए एक जैसा' नहीं होता। प्रभावी विनियमन के लिए विभिन्न प्रकार की समस्याओं के समाधान हेतु विनियामक विभिन्न दृष्टिकोणों और साधनों का उपयोग करते हैं।

'सिद्धांत' बनाम 'नियम' बनाम 'परिणाम-आधारित विनियमन'

सिद्धांत-आधारित विनियमन गुणात्मक होता है और अंतर्निहित उद्देश्य की व्याख्या के साथ उच्च-स्तरीय कथनों का उपयोग करता है। यह एक विनियमित संस्था (आरई) को निर्देशात्मक नियमों से बाध्य हुए बिना नए उत्पादों और सेवाओं को विकसित करके नवाचार करने का लचीलापन और स्वतंत्रता प्रदान करता है। हालाँकि, यह व्यक्तिपरक व्याख्या के लिए खुला है और इसलिए आरई और पर्यवेक्षकों दोनों के लिए चुनौतियाँ खड़ी कर सकता है, जिससे प्रवर्तन और जवाबदेही सीमित हो जाती है। यह उपभोक्ता संरक्षण जैसे क्षेत्रों में भी कम प्रभावी हो सकता है, जहाँ स्पष्ट और कार्रवाई योग्य निर्देश आवश्यक हैं। एक बैंकिंग विनियामक के रूप में रिज़र्व बैंक के संदर्भ में, दबावग्रस्त आस्ति समाधान हेतु विवेकपूर्ण ढाँचा[8] सिद्धांत-आधारित विनियमन का एक उदाहरण है।

दूसरी ओर, नियम-आधारित विनियमन के लिए आरई को विशिष्ट, निर्देशात्मक आवश्यकताओं का पालन करना आवश्यक होता है। इससे बेहतर स्पष्टता, अनुपालन और एकरूपता आती है, क्योंकि यह आरई और उपभोक्ता, दोनों के लिए विनियमों की समझ को सरल बनाता है। हालाँकि, यह केवल अनुपालन कर देने वाली मानसिकता को जन्म दे सकता है, जिसके परिणामस्वरूप आरई अक्षरशः अनुपालन करते हैं, लेकिन मूल भावना से नहीं। जटिल और गतिशील मुद्दों से निपटने में, जहाँ सूक्ष्म निर्णय की आवश्यकता होती है, विनियमित संस्थाओं को भी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। प्राथमिकता क्षेत्र ऋण पर मास्टर निर्देश - लक्ष्य और वर्गीकरण[9] को बैंक द्वारा जारी नियम-आधारित विनियमन का एक उदाहरण माना जा सकता है।

हाल ही में प्रमुखता प्राप्त करने वाला एक अन्य दृष्टिकोण परिणाम-आधारित विनियमन है, जो विशिष्ट प्रक्रियाओं और साधनों को निर्धारित करने के बजाय वांछित परिणामों पर केंद्रित है। यह दृष्टिकोण वांछित परिणाम "क्या" निर्धारित करता है, जबकि इसे "कैसे" प्राप्त किया जाए, इस पर लचीला होता है। डिजिटल ऋण पर आरबीआई के निर्देश[10], ऋण दरों या विधियों जैसी बारीकियों में जाने के बजाय, वांछित परिणाम, अर्थात उधारकर्ताओं के लिए पारदर्शिता और निष्पक्षता पर ज़ोर देते हैं।

आज के गतिशील वित्तीय परिदृश्य की जटिलताओं को देखते हुए, नवाचार को प्रोत्साहित करते हुए एक सक्षम और प्रभावी विनियामक वातावरण बनाने के लिए इन दृष्टिकोणों के बीच सही संतुलन बनाना महत्वपूर्ण है।

गतिविधि बनाम इकाई आधारित विनियमन

गतिविधि-आधारित विनियमन विशिष्ट गतिविधियों के लिए विनियामक दायित्वों को निर्धारित करता है, भले ही वह गतिविधि कोई भी इकाई कर रही हो। यह "समान गतिविधि, समान जोखिम, समान नियम" के सिद्धांत पर काम करता है। 'बैंकों द्वारा प्रदान की जाने वाली वित्तीय सेवाओं पर जारी निर्देश' को गतिविधि-आधारित विनियमन के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है।

इसके विपरीत, इकाई-आधारित विनियमन का उद्देश्य इकाई पर ध्यान केंद्रित करते हुए गतिविधियों के लचीलेपन को मजबूत करना है। इस दृष्टिकोण में अभिशासन, विवेकपूर्ण और आचरण संबंधी आवश्यकताएँ शामिल हैं, जिन्हें पर्यवेक्षी हस्तक्षेपों द्वारा सुदृढ़ किया जाता है। यह देखते हुए कि किसी इकाई का

[8] https://www.rbi.org.in/Scripts/NotificationUser.aspx?Id=11580&Mode=0

[9] https://rbi.org.in/scripts/NotificationUseraspx?Id=12799&fn=2754&Mde=0

[10] https://rbi.org.in/Scripts/NotificationUser.aspx?Id=12848&Mode=0

[11] https://www.rbi.org.in/scripts/BS_ViewMasDirections.aspx?id=10425

समग्र लचीलापन उसकी गतिविधियों की संरचना से निर्धारित होता है, इकाई-आधारित विनियमन लक्षित प्रतिबंध लगाते हैं - जो ऐसे विनियमन की एक अनिवार्य विशेषता है। पूँजी पर्याप्तता पर विवेकपूर्ण मानदंड इकाई-आधारित विनियमन की प्रकृति के होते हैं।

विभिन्न विनियामक क्षेत्रों को देखते हुए, और वित्तीय स्थिरता के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, विनियामक अक्सर एक मिश्रित दृष्टिकोण अपनाते हैं जो गतिविधि-आधारित और इकाई-आधारित विनियमन, दोनों के तत्वों को एकीकृत करता है। इस तरह का एक अनुकूलित विनियामक ढांचा निगरानी तंत्र की व्यापकता और लचीलेपन को बढ़ाता है। यह विनियामकों को बाजार के घटनाक्रमों और उभरते जोखिमों पर अधिक प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया करने में सक्षम बनाता है, जिससे समग्र विनियामक ढाँचा मज़बूत होता है और एक सुदृढ़, स्थिर और समावेशी वित्तीय प्रणाली को बढ़ावा मिलता है।[12]

'नियम-आधारित' बनाम 'जोखिम-आधारित' दृष्टिकोण[13]

नियम-आधारित विनियमन, जोखिम के स्तर को विचार में लिए बिना विनियामक निर्देशों के पालन पर केंद्रित है। हालाँकि यह कभी-कभी लाभदायक होता है, लेकिन इस दृष्टिकोण में आनुपातिकता के सिद्धांत को ध्यान में रखना चाहिए, क्योंकि सभी संस्थाओं में वित्तीय स्थिरता या उपभोक्ता संरक्षण संबंधी समान जोखिम नहीं होता है।

जोखिम-आधारित दृष्टिकोण अपनाने से विनियामक ऐसे विनियम बना पाते हैं जो आज के गतिशील वित्तीय परिवेश में प्रभावी और आनुपातिक दोनों हों। इससे सीमित विनियामक और पर्यवेक्षी संसाधनों को इष्टतम तरीके से निर्देशित करने में भी मदद मिलती है और साथ ही नवाचार और वित्तीय समावेशन को भी बढ़ावा मिलता है। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी)[14] के लिए आरबीआई द्वारा जारी पैमाना-आधारित विनियमन[14] और शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी)[15] के लिए संशोधित विनियामक ढाँचे को जोखिम-आधारित दृष्टिकोण के हालिया उदाहरण माना जा सकता है।

[12] https://www.fsb.org/uploads/P160724-2.pdf and https://www.bis.org/fsi/fsipapers19.pdf
[13] https://www.fsb.org/uploads/P160724-2.pdf
[14] https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_ViewMasDirections.aspx?id=12550
[15] https://rbi.org.in/Scripts/NotificationUser.aspx?Id=12416&Mode=0

'बाज़ार' बनाम 'इकाई' विनियमन

बाज़ार-आधारित विनियमन वित्तीय बाज़ारों की समग्र संरचना और कार्यप्रणाली पर केंद्रित होता है, जबकि इकाई-आधारित विनियमन व्यक्तिगत वित्तीय संस्थानों के विवेकपूर्ण मानदंडों, संचलन, शोधन क्षमता और आंतरिक जोखिम प्रबंधन से संबंधित होता है। हालाँकि प्रत्येक वित्तीय क्षेत्र विनियामक (एफएसआर) अर्थात आरबीआई, सेबी, आईआरडीएआई, पीएफआरडीए या आईएफएससीए का अपना विशिष्ट विनियामक क्षेत्राधिकार होता है, फिर भी उनके कई आरई की गतिविधियाँ एक-दूसरे के सीमाक्षेत्र में आ जाती हैं। अपनी गतिविधियों के आधार पर, ये संस्थाएँ कई विनियामक ढाँचों के अंतर्गत आ सकती हैं, जिसके परिणामस्वरूप अलग-अलग निगरानी और परिचालन जटिलताएँ बढ़ जाती हैं। उदाहरण के लिए, सरकारी प्रतिभूति बाज़ार में भाग लेने वाली कोई म्यूचुअल फ़ंड या बीमा कंपनी या कॉरपोरेट बॉण्ड बाज़ार में भाग लेने वाला कोई बैंक। ऐसे ओवरलैप को दूर करने के लिए, वित्तीय क्षेत्र विनियामक वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के व्यापक लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए विनियमन और पर्यवेक्षण के लिए एक समन्वित दृष्टिकोण अपना रहे हैं।

विनियमन निर्माण में चुनौतियाँ

विनियमन निर्माण एक जटिल प्रक्रिया है, जो मौजूदा विनियमों में जोखिमों या कमियों की पहचान करने, उन्हें दूर करने के विकल्पों के मूल्यांकन और अंततः एक उपयुक्त एवं प्रभावी विनियमन तैयार करने से शुरू होती है, जिसका उद्देश्य संस्था और वित्तीय प्रणाली (विवेक, लचीलापन और स्थिरता) के लिए जोखिमों का समाधान करना और/या उपभोक्ताओं को सशक्त बनाना और संस्थाओं के बीच निष्पक्ष संचलन सुनिश्चित करना (संचलन संबंधी मुद्दे) है। इस मार्ग पर चलते हुए, विनियामकों को अक्सर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। मैं उनमें से कुछ पर प्रकाश डालना चाहूंगा।

नवाचार और स्थिरता में संतुलन[16]

वित्तीय क्षेत्र में नवाचार ने परिवर्तनकारी बदलाव लाए हैं। हालाँकि, नवाचार की तीव्र गति विनियामकीय कमियों या अस्पष्ट क्षेत्रों को भी जन्म देती है। नवाचार अक्सर नए व्यावसायिक मॉडल

[16] https://rbi.org.in/Scripts/BS_SpeechesView.aspx?Id=1453

और तृतीय पक्षों के साथ साझेदारी का रूप लेते हैं, जो वित्तीय क्षेत्र विनियामक के विनियामकीय दायरे से बाहर होते हैं। विनियामक का काम इन खामियों को दूर करने के लिए ऐसे नियम बनाना है जो नवाचार को प्रोत्साहित करें, लेकिन वित्तीय प्रणाली को स्थिर और लचीला बनाए रखने के लिए पर्याप्त सुरक्षा कवच प्रदान करें। इसलिए विनियामक अधिक चुस्त और दूरदर्शी दृष्टिकोण अपना रहे हैं - जैसे कि विनियामक सैंडबॉक्स का विकास और नए सहभागियों को विनियामक ढांचे में एकीकृत करने के लिए प्रमुख हितधारकों के साथ संवाद बढ़ाना, तथा साथ ही वित्तीय स्थिरता का भी ध्यान रखना।

उभरते जोखिमों और प्रौद्योगिकियों के साथ तालमेल बनाए रखना

विनियामकों को गतिशील रूप से बदलते बाजारों के साथ तालमेल बनाए रखने और उभरते जोखिमों और प्रौद्योगिकियों से निपटने की आवश्यकता है। इसके लिए विनियामकों को ऐसे दृष्टिकोण विकसित करने होंगे जो यह सुनिश्चित करें कि उपभोक्ताओं के साथ उचित व्यवहार किया जाता है और साथ ही नवाचार के लिए मार्ग खुला रखते हुए वित्तीय प्रणाली की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाती है। मैं विनियामकों के सामने आने वाली चुनौतियों के दो उदाहरण देना चाहूँगा।

(I) जलवायु जोखिम

जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए न केवल स्थिरता की ओर संक्रमण की आवश्यकता है, बल्कि जलवायु संबंधी वित्तीय जोखिमों को विनियामक ढाँचे में एकीकृत करना भी आवश्यक है। दुनिया भर के विनियामक इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि क्या जलवायु जोखिम के लिए एक अलग ढाँचा आवश्यक है या इसे मौजूदा जोखिम श्रेणियों में ही समाहित किया जाना चाहिए। इस बात पर भी चर्चा चल रही है कि जलवायु जोखिम निगरानी को स्तंभ 2 (पर्यवेक्षी समीक्षा) का हिस्सा बनाया जाना चाहिए, या स्तंभ 1 (पूँजी और चलनिधि आवश्यकताएँ) का। यह विषय मानक निर्धारण निकायों, उद्योग और अन्य हितधारकों का ध्यान आकर्षित करता रहता है। पर्यावरणीय प्रबंधन और वित्तीय स्थिरता बनाए रखने के बीच सामंजस्य स्थापित करने के लिए सही संतुलन बनाने की आवश्यकता है।[17]

[17] https://www.bis.org/review/r231115f.pdf

(II) उभरती प्रौद्योगिकियाँ

नई प्रौद्योगिकियाँ व्यवसाय को आसान बनाती हैं, परिचालन और अनुपालन लागत कम करती हैं, लेकिन साथ ही विनियमन के लिए चुनौतियाँ भी लाती हैं। इन प्रौद्योगिकियों के विनियमन में तीन मुख्य चुनौतियाँ हैं: (i) उभरती प्रौद्योगिकियों पर निर्भर व्यावसायिक मॉडलों की अप्रत्याशित प्रकृति, (ii) डेटा गोपनीयता, सुरक्षा, स्वामित्व और नियंत्रण, और (iii) कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की जटिलता।[18] नए व्यावसायिक मॉडलों का एक उदाहरण है बैंकिंग-एज़-ए-सर्विस (बीएएएस) मॉडल है, जो वित्तीय उत्पादों के वितरण के पैमाने और गति को बढ़ाता है, लेकिन साथ ही वह व्यावसायिक संचलन के महत्वपूर्ण जोखिम भी पैदा कर सकता है। विनियामकों के सामने एक दुविधा है: क्या ऐसे वित्तीय नवाचारों के होने से पहले एक ढाँचा तैयार किया जाए या बाजारों को विकसित होने दिया जाए, जिससे अप्रत्याशित प्रणालीगत जोखिमों और उपभोक्ता शोषणकारी प्रथाओं का जोखिम बढ़ जाता है।[19] इसके अतिरिक्त, विनियामकों को प्रभावी विनियमन तैयार करने में क्षमता संबंधी बाधाओं और कानूनी जटिलताओं से निपटना होगा।

यहाँ भी, हमने इन उभरते तकनीकी क्षेत्रों में फिनटेक (उधार सेवा प्रदाताओं के रूप में) और विनियमित संस्थाओं (आरई) के बीच साझेदारी को शामिल करने वाले डिजिटल ऋण संबंधी दिशानिर्देश, वीडियो आधारित ग्राहक पहचान प्रक्रिया (वी-सीआईपी) की शुरुआत आदि जैसे विनियम बनाते समय सतर्क रुख अपनाया है। आरबीआई ने वित्तीय क्षेत्र के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एफआरईई-एआई) के उत्तरदायी और नैतिकतायुक्त सक्षमीकरण हेतु एक मजबूत, व्यापक और अनुकूलनीय ढाँचा विकसित करने हेतु एक समिति का गठन किया था[20] जिसने वित्तीय क्षेत्र में एआई को अपनाने के लिए एक सिद्धांत-आधारित दृष्टिकोण प्रस्तुत किया है।

विनियामकीय बोझ कम करना और अनुपालन सुनिश्चित करना

हालाँकि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में अपने कारोबारी माहौल को बेहतर बनाने में उल्लेखनीय प्रगति की है, अभी भी और सुधार की पर्याप्त गुंजाइश है। विनियामकीय बोझ और अनुपालन लागत,

[18] https://digitalregulation.org/3004297-2/

[19] https://www.bis.org/review/r231115f.pdf

[20] https://www.rbi.org.in/Scripts/PublicationReportDetails.aspx?UrlPage=&ID=1306

विनियमित संस्थाओं (आरई) के लिए, खासकर छोटे विनियमित संस्थाओं (आरई) के लिए चुनौतियाँ पेश करते हैं। विनियामकों को न केवल विनियमित संस्थाओं (आरई) के बोझ और अनुपालन लागत को कम करने के लिए एक नाज़ुक संतुलन बनाने की आवश्यकता है, बल्कि उन्हें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि इससे बाज़ारों के कुशल संचालन में बाधा न आए। रिज़र्व बैंक ने समय के साथ कुछ पहलों की शुरुआत की है जिन पर मैं प्रकाश डालना चाहूँगा:

ए. अनुपालन बोझ को कम करने के लिए, रिज़र्व बैंक ने 1999 में एक विनियामक समीक्षा प्राधिकरण (आरआरए) का गठन किया था, जिसके बाद 2021 में दूसरे आरआरए (आरआरए2.0) की स्थापना की गई। आरआरए2.0 के कारण कुल 1,673 परिपत्रों को वापस लिया गया या निरस्त किया गया, और 78 रिटर्न को समाप्त/ऑनलाइन रूपांतरित/विलय किया गया।

बी. नीति निर्माण और समीक्षा में आम जनता और हितधारकों की भागीदारी बढ़ाने और इस प्रक्रिया को और अधिक परामर्शकारी बनाने के लिए आरबीआई की वेबसाइट पर 'कनेक्ट टू रेगुलेट' (Connect 2 regulate) प्लेटफ़ॉर्म शुरू किया गया है।

सी. 'प्रवाह' (PRAVAAH) (विनियामक एप्लीकेशन, सत्यापन और प्राधिकरण के लिए प्लेटफ़ॉर्म) एक सुरक्षित और केंद्रीकृत वेब-आधारित पोर्टल है जिसके ज़रिए कोई भी व्यक्ति या संस्था रिज़र्व बैंक को भेजे गए किसी भी संदर्भ पर प्राधिकृतीकरण, लाइसेंस या विनियामक अनुमोदन प्राप्त कर सकता है। इसका उद्देश्य विनियामक अनुमोदन प्रदान करने से संबंधित प्रक्रियाओं की दक्षता बढ़ाना है।

डी. सहभागी और उत्तरदायी विनियमन निर्माण को औपचारिक रूप देने और पारदर्शिता बढ़ाने और परामर्शात्मक दृष्टिकोण के प्रति रिज़र्व बैंक की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने के लिए 7 मई 2025 को विनियम निर्माण हेतु व्यापक ढाँचा जारी किया गया था। यह रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमों के प्रारूपण, संशोधन और समीक्षा के लिए व्यापक सिद्धांत निर्धारित करता है।

ई. रिज़र्व बैंक एक विनियामक समीक्षा प्रकोष्ठ स्थापित करने की प्रक्रिया में है जो हर पाँच से सात वर्षों में सभी विनियमों की समीक्षा करेगा।

डेटा, क्षमता और संसाधन की कमी

विनियामकों का ध्यान लगातार आकर्षित करने वाला एक और क्षेत्र है नई नीतियों को प्रभावी ढंग से तैयार करने के लिए लगने वाले सटीक डेटा का अभाव। वित्तीय प्रौद्योगिकियों के तेज़ी से विकास के कारण उत्पन्न डेटा की मात्रा में तेज़ी से वृद्धि हुई है, हालाँकि, ऐसी जानकारी की व्यापकता, विश्वसनीयता और सटीकता के संबंध में चुनौतियाँ बनी हुई हैं। हालाँकि विनियामक स्वयं को नवीनतम उपकरणों और कौशल से लैस कर रहे हैं, लेकिन आवश्यकताएँ जिस गति से विकसित हो रही हैं वह अविश्वसनीय है। इसके लिए विनियामकों के भीतर निरंतर क्षमता निर्माण की आवश्यकता है।

अंतर-विनियामक समन्वय

जैसा कि पहले बताया गया है, भारतीय वित्तीय क्षेत्र में विविधता की एक महत्वपूर्ण विशेषता है, जिसमें विभिन्न संस्थाएँ शामिल हैं जो कई वित्तीय सेवा प्रदाताओं (एफएसआर) द्वारा अभिशासित हैं और प्रत्येक अपने क्षेत्राधिकार में कार्यरत संस्थाओं के लिए उत्तरदायी है। इसके लिए सुसंगत नीति निर्माण को सुगम बनाने हेतु सुदृढ़ और प्रभावी अंतर-विनियामक समन्वय की आवश्यकता है। इस चुनौती का समाधान करने के लिए, वित्तीय क्षेत्र के विनियामकों (एफएसआर) द्वारा 'प्रमुख विनियामक' सिद्धांत के आधार पर, विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत वित्तीय समूहों के लिए निगरानी हेतु एक एकीकृत दृष्टिकोण अपनाया गया है। इस दृष्टिकोण के अंतर्गत ऐसे वित्तीय समूहों के साथ संयुक्त पर्यवेक्षण और आवधिक द्विपक्षीय/बहुपक्षीय चर्चाएँ अपनाए गए कुछ उपाय हैं।

वित्त मंत्री की अध्यक्षता वाली वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (एफएसडीसी) और रिज़र्व बैंक गवर्नर की अध्यक्षता वाली इसकी उप-समिति, जिसमें सभी वित्तीय सेवा प्रदाताओं के प्रमुख

[21] प्रमुख प्रक्रियाओं में शामिल हैं: (क) विनियमन के उद्देश्य को रेखांकित करते हुए एक मसौदा और विषय विवरण जारी करके सार्वजनिक परामर्श, (ख) प्रभाव विश्लेषण (जहाँ तक संभव हो), (ग) प्राप्त सार्वजनिक टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया का सामान्य विवरण जारी करना, और (घ) घोषित उद्देश्यों, प्राप्त अनुभव, परिवर्तित परिवेश में प्रासंगिकता और अनावश्यकता को कम करने की संभावना जैसे पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आवधिक समीक्षा।

प्रतिनिधित्व करते हैं, वित्तीय स्थिरता के दृष्टिकोण से जोखिमों के संयुक्त मूल्यांकन के लिए एक मंच प्रदान करती है और उन मामलों में अंतर-विनियामक समन्वय के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है जहाँ वित्तीय सेवा प्रदाताओं के बीच ओवरलैप होता है। ऐसे प्लेटफ़ॉर्म भारत में वित्तीय क्षेत्र के व्यापक विकास के लिए अंतर-विनियामक समन्वय को और मज़बूत करने में मदद करते हैं।

हालाँकि, कुछ ऐसे क्षेत्र भी हो सकते हैं, जैसे तकनीकी फर्मों और विनियमित संस्थाओं के बीच बढ़ती साझेदारी, जहाँ गतिविधियाँ किसी भी वित्तीय विनियामक प्राधिकरण (एफएसआर) के अधिकार क्षेत्र से बाहर हो सकती हैं, जिससे विनियमित संस्थाओं को इन गतिविधियों से उत्पन्न होने वाले जोखिमों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे जोखिमों से निपटना कई बार विनियामकों के लिए चुनौतीपूर्ण हो जाता है और इसके लिए अंतराराष्ट्रीय विनियामकों/पर्यवेक्षकों के बीच प्रभावी समन्वय की आवश्यकता होती है ताकि वे किसी प्रणालीगत संकट का कारण न बनें। गुप्तता, गोपनीयता और प्रवर्तन से जुड़ी चिंताओं को देखते हुए, यह विनियामकों के लिए एक जटिल क्षेत्र बना हुआ है।

आगे की राह

सिद्धांत और परिणाम-आधारित दृष्टिकोण

कोई भी विनियामक दृष्टिकोण आदर्श नहीं हो सकता, हालाँकि, सिद्धांत और परिणाम-आधारित विनियमन आमतौर पर परिपक्व बाजारों के लिए अधिक उपयुक्त पाया जाता है। फिर भी, विकसित अर्थव्यवस्थाएँ भी उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए नियम-आधारित ढाँचे का उपयोग करती हैं। हम, रिज़र्व बैंक के रूप में धीरे-धीरे सिद्धांत और परिणाम-आधारित विनियमों की ओर बढ़ रहे हैं, क्योंकि यह विनियमित संस्थाओं को अपने कार्यों के संचालन के लिए परिचालनात्मक लचीलापन प्रदान करते हैं और उनकी गतिविधियों को उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप ढालते हैं, साथ ही उनसे अपेक्षित परिणाम प्राप्त करने के लिए विनियामक ढाँचे का पालन भी करते हैं।

दूरदर्शी और सक्रिय दृष्टिकोण

विनियामकों को अक्सर विनियम बनाते समय जटिल चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिसके लिए एक दूरदर्शी दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक हो जाता है। उभरते जोखिमों से निपटने के लिए लचीलापन सुनिश्चित करने हेतु सूक्ष्म और अनुकूलनीय रणनीतियों की आवश्यकता होती है। विनियामकों को एक ऐसी वित्तीय प्रणाली बनाने में मदद करने के लिए अधिक सक्रिय मानसिकता अपनानी चाहिए जो लचीली और अनुकूलनीय दोनों हो। सक्रिय होने का अर्थ है नवाचार को अपनाना और डेटा एवं प्रौद्योगिकी का पूर्ण लाभ उठाना। उन्हें अपनी आंतरिक और पर्यवेक्षी, दोनों तरह की दक्षता बढ़ाने, विनियामकीय जोखिम की समीक्षा करने और विनियामकीय प्रभावशीलता को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी का और अधिक लाभ उठाने की आवश्यकता है। वित्तीय प्रणाली में हो रहे बदलावों से अवगत रहने के लिए विनियामकों को चाहिए कि वे तेज़ी से विकसित हो रही प्रौद्योगिकियों का उपयोग करें और क्षेत्र विशेषज्ञों के साथ सहयोग करें जो कि समय की मांग है।

विनियामकीय प्रभाव आकलन (आरआईए)

विनियामकीय प्रभाव आकलन (आरआईए) नीति निर्माताओं के लिए आवश्यक साधन के रूप में तेजी से पहचाने जा रहे हैं, जो ऐसी नीतियों के निर्माण को सक्षम बनाते हैं जो साक्ष्यों पर आधारित हों, अपने उद्देश्य में स्पष्ट हों, डिज़ाइन में आनुपातिक हों और वास्तविक दुनिया की परिस्थितियों के अनुकूल हों। ये साधन अनावश्यक अनुपालन बोझ और विनियामकीय कमियों से बचाव करते हुए, जनता का विश्वास बढ़ाते हुए और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा को बढ़ाते हुए संतुलन बनाने में उपयोगी हो सकते हैं। आरआईए के दो आवश्यक तत्व हैं: (i) विनियमों का लागत-लाभ विश्लेषण (कॉस्ट बेनिफिट), जिसका मूल्यांकन गुणात्मक या मात्रात्मक मापदंडों के माध्यम से या दोनों के मिश्रण के माध्यम से किया जा सकता है, और (ii) हितधारकों के व्यापक वर्ग के साथ परामर्श। इस दूसरे तत्व से पारदर्शिता बढ़ती है, विश्वास बढ़ता है, और विनियमों की गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता में सुधार होता है, वहीं दूसरी ओर पहले वाले तत्व से संसाधनों का कुशल आवंटन सुनिश्चित करते हुए समस्या के समाधान हेतु इष्टतम समाधान निर्धारित करने में मदद मिलती है।

एक अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्र है विनियामक निर्देशों और रिपोर्टिंग तंत्रों की समयबद्ध समीक्षा करना ताकि उन्हें सुव्यवस्थित/तर्कसंगत बनाया जा सके और उन्हें अधिक प्रभावी बनाया जा सके। ऐसी समयबद्ध समीक्षाएं न केवल अनुपालन आवश्यकताओं

को कम करती हैं, बल्कि विनियामकों को विकसित हो रही बाजार प्रथाओं और विकास के अनुरूप विनियमों की उपयुक्तता की समीक्षा करने का अवसर भी प्रदान करती हैं। विनियामकों को संभावित प्रभाव का आकलन करने के लिए और अनपेक्षित परिणामों से बचने के लिए पूर्वोपाय (ex-ante) और वास्तविक प्रभाव का आकलन करने और भविष्य के नियमों के डिजाइन को बेहतर बनाते हुए पाठ्यक्रम सुधार का समर्थन करने के लिए बाद के उपाय (ex-post) का दृष्टिकोण अपनाना चाहिए ताकि कुल मिलाकर, यह सुनिश्चित किया जा सके कि विनियमन "पहली बार में सही" हो और "समय के साथ सही बना रहे"।

अनुपालन में बेहतरी

विनियामकों को विनियमित संस्थाओं द्वारा अनुपालन बेहतर बनाने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए ताकि उनके लिए विनियमों का अनुपालन आसान हो सके। यह विनियमों को सरल बनाकर, उनकी स्पष्टता बढ़ाकर और अनावश्यकता व दोहराव को दूर करके किया जा सकता है। रिज़र्व बैंक विनियमों में स्पष्टता पर ज़ोर दे रहा है और विनियमित संस्थाओं के लाभ के लिए अपने विनियमों के एक भाग के रूप में उदाहरणों, अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ) और दृष्टांतों को शामिल करना शुरू कर दिया है। विनियामक परिदृश्य का एक उच्च-स्तरीय अवलोकन प्रदान करने और विनियमित संस्थाओं की सामान्य समझ के लिए एक व्यापक संदर्भ बिंदु के रूप में सुविधा देने के लिए रिज़र्व बैंक ने ‘एक नज़र में विनियम’[22] (रेग्यूलेशन्स एट ए ग्लांस) नामक एक पुस्तिका प्रकाशित की है। इसके अलावा, रिज़र्व बैंक विनियमन विभाग द्वारा जारी 8,000 से अधिक विनियमों को 30-35 विषयगत विषयों के अंतर्गत समेकित करने की प्रक्रिया में है। विनियामकों को विनियमित संस्थाओं की प्रतिक्रियाशीलता बढ़ाने और वित्तीय क्षेत्र के विकास के लिए ऐसी पहलों को जारी रखने की आवश्यकता है।

अंतरराष्ट्रीय और घरेलू विनियामक सहयोग

संस्थाओं के अंतर-क्षेत्रीय संचालन को देखते हुए, वित्तीय सेवा प्रदाताओं (एफएसआर) के लिए अलग-थलग, क्षेत्र-विशिष्ट विनियमों से हटकर अंतर-कार्यात्मक सिद्धांत-आधारित विनियमों की ओर बढ़ना आवश्यक है। यह समन्वय नवाचार को बढ़ावा देगा और विनियमित संस्थाओं (आरई) को विभिन्न क्षेत्रों में सेवाएँ प्रदान करने में सक्षम बनाएगा, साथ ही यह भी सुनिश्चित करेगा कि उनके पास उपयुक्त जोखिम प्रबंधन प्रोटोकॉल हों। इससे विनियामक मध्यस्थता को सीमित करने में भी मदद मिलेगी, साथ ही विनियमित संस्थाओं (आरई) के लिए अनुपालन आवश्यकताओं को कम करने में भी मदद मिलेगी। इसके अतिरिक्त, गुणवत्ता से समझौता किए बिना अधिक कुशल विनियमन को सक्षम करने के लिए अंतर्दृष्टि, विशेषज्ञता और संसाधनों को साझा करने हेतु विभिन्न क्षेत्राधिकारों के विनियामकों के बीच सहयोग आवश्यक है।[23] अंतरराष्ट्रीय मानक एक मूल्यवान संदर्भ बिंदु के रूप में कार्य करते हैं; हालाँकि, उन्हें स्थानीय संदर्भों और परिस्थितियों के अनुकूल बनाया जाना चाहिए, क्योंकि आज के विविध विनियामक परिदृश्य में ‘एक ही नियम सभी के लिए उपयुक्त’ दृष्टिकोण न तो व्यावहारिक है और न ही प्रभावी।

उपभोक्ता-केंद्रितता

हमें वित्तीय प्रणाली के सबसे महत्वपूर्ण हितधारकों में से एक, यानी उपभोक्ताओं पर विनियमनों के प्रभाव पर विचार करने की आवश्यकता है। विनियामक उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने और उनके हितों की रक्षा करने की आवश्यकता के प्रति सचेत रहे हैं। इस उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए, उन्हें पारंपरिक दृष्टिकोणों से परे सोचना होगा। व्यवहारिक अर्थशास्त्र इस संबंध में एक शक्तिशाली साधन प्रदान करता है, जो उपभोक्ता व्यवहार और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। यह विनियामकों को नीतिगत साधनों के एक उन्नत समूह से सुसज्जित करता है, विशेष रूप से व्यवहारिक संकेत[24], जो बहुत कम अनुपालन लागत पर वांछित परिणाम प्राप्त करके पारंपरिक विनियामक ढाँचों का पूरक बन सकते हैं, और इस प्रकार एक अधिक कुशल और सामाजिक रूप से लाभकारी नीति विकल्प प्रस्तुत कर सकते हैं।[25]

[22] https://rbi.org.in/Scripts/BS_Pआरईssआरईleasedisplay.aspx?prid=59862

[23] अंतरराष्ट्रीय विनियामक सहयोग – ओईसीडी द्वारा नीति वक्तव्य, अप्रैल 2020

[24] थैलर और सनस्टीन (2008, पृष्ठ 6) के अनुसार, एक आकस्मिकता (nudge) विकल्प संरचना का एक पहलू है जो लोगों के व्यवहार को बिना किसी विकल्प को प्रतिबंधित किए या उनके आर्थिक प्रोत्साहनों में महत्वपूर्ण बदलाव लाए बिना, एक पूर्वानुमानित तरीके से बदलता है। केवल एक आकस्मिकता माने जाने के लिए ऐसा हस्तक्षेप आसान और सस्ते में टाला जाने योग्य होना चाहिए। आकस्मिकता अनिवार्य नहीं है।

[25] https://behaviouraleconomics.pmc.gov.au/blog/more-nudges-value-behavioural-economics-regulation

निष्कर्ष

विनियामक नीति को चाहिए कि वह वित्तीय क्षेत्र में स्थिरता की महत्वपूर्ण आवश्यकता और नवाचार, दक्षता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के उद्देश्यों के बीच एक इष्टतम संतुलन बनाए। यद्यपि प्रणालीगत जोखिमों को कम करना और उपभोक्ताओं की सुरक्षा करना आवश्यक है, लेकिन इससे रचनात्मकता, नवाचार या स्वस्थ बाजार गतिशीलता को हतोत्साहित नहीं करना चाहिए। दूसरी ओर, पर्याप्त सुरक्षा उपायों के बिना नवाचार और प्रतिस्पर्धा पर अत्यधिक ज़ोर देने से वित्तीय अस्थिरता, संसाधनों का गलत आवंटन और अंततः व्यवस्था में विश्वास की कमी हो सकती है। अर्थव्यवस्था के विशाल आकार और विविधता, बढ़ती आकांक्षाओं और उच्च संवृद्धि एवं विकास को बनाए रखने के लिए पर्याप्त निवेश आवश्यकताओं को देखते हुए, यह सही संतुलन पाना भारत के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। विनियामकों को इस संतुलन को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। जैसा कि महात्मा गांधी ने कहा था, “आप कभी नहीं जान सकते कि आपके कार्यों का क्या परिणाम होगा, लेकिन अगर आप कुछ नहीं करेंगे, तो कोई परिणाम नहीं मिलेगा।"

आपके साथ अपने विचार साझा करने का अवसर देने के लिए एक बार फिर धन्यवाद। मैं सभी प्रतिभागियों के लिए कार्यक्रम में समृद्ध और सफल विचार-विमर्श की कामना करता हूँ।

वंजी से विकसित भारत तक: विश्वास, प्रौद्योगिकी और परिवर्तन पर बैंकिंग*

श्री स्वामीनाथन जे

करूर वैश्य बैंक परिवार - यहाँ उपस्थित चेयरपर्सन, बोर्ड के निदेशक-गण, शेयरधारक, एमडी सीईओ, कर्मचारीगण, अधिकारीगण, बैंक के ग्राहक और उनके परिवार-जन, देवियो और सज्जनो, अनिवरुक्कम वणक्कम। नमस्कारम। आप सभी का हार्दिक अभिवादन।

केवीबी के 109वें स्थापना दिवस के महत्वपूर्ण अवसर पर करूर में आपके साथ शामिल होना मेरे लिए सम्मान और सौभाग्य की बात है। मैं प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री रमेश बाबू के इस स्नेहपूर्ण आमंत्रण के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।

करूर एक ऐसा शहर है जहाँ इतिहास, वाणिज्य और चरित्र गहराई से जुड़े हुए हैं। संगम साहित्य में इसे ***'करुवूर'*** या ***'वंजी'*** के नाम से जाना जाता है—काव्य, व्यापार और शिल्पकला का एक समृद्ध केंद्र, जो प्रारंभिक चेर राजाओं की राजधानी रहा। उद्यमशीलता और सांस्कृतिक गौरव की यह भावना केवीबी जैसी संस्थाओं के माध्यम से जीवित है।

दूरदर्शिता के साथ स्थापना[1]

आज का दिन केवल बीते समय को याद करने के प्रतीकात्मक एक औपचारिक समारोह नहीं है। यह दूरदर्शिता, दृढ़ संकल्प और दृढ़ निश्चय का उत्सव है—यह उन लोगों के प्रति श्रद्धांजलि है जिन्होंने अनिश्चितता के बावजूद एक स्थायी संस्था का निर्माण करने का निर्णय लिया।

1916 में, जब प्रथम विश्व युद्ध के कारण व्यवधान और कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही थीं, तब करूर के दो दूरदर्शी व्यक्ति, श्री एम.ए. वेंकटराम चेट्टियार और श्री अथी कृष्ण चेट्टियार एक साथ आए और विश्वास और सामुदायिक सेवा पर आधारित एक बैंक की स्थापना की।

संस्थापकों ने पूरे क्षेत्र में यात्रा की, कभी-कभी वे अमरावती नदी को डोली से पार कर ज़मींदारों और व्यापारियों से अपील करते थे और हिचकिचाते निवेशकों को आश्वस्त करने के लिए अपनी व्यक्तिगत गारंटी देते थे। आर्बुथनॉट दुर्घटना[2] जैसी वित्तीय विफलताओं की यादें अभी भी ताज़ा थीं, और बैंकिंग में जनता का विश्वास कमज़ोर था। फिर भी, संस्थापकों की ईमानदारी और दृढ़ता ने जीत हासिल की। 22 जून 1916 को ₹1.20 लाख की चुकता पूँजी के साथ केवीबी का औपचारिक पंजीकरण हुआ, जो उनके मूल लक्ष्य से कहीं अधिक थी। संयोगवश, पहली शेयरधारक भगवती गायत्री देवी थीं, जो आज भी बैंक और उसके ग्राहकों पर अपना आशीर्वाद बनाए हुई हैं।

बैंक की संस्थापक टीम ने इसके ढांचे में दूरदर्शी सिद्धांतों को शामिल किया: उन्होंने स्वेच्छा से एक ऐसा प्रावधान शामिल किया जो निदेशकों को बैंक से ऋण लेने से रोकता था—एक सुरक्षा उपाय जो दशकों बाद बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 के साथ एक वैधानिक आवश्यकता बन गया। उन्होंने कर्मचारियों को शेयर आवंटित करके बैंक के भविष्य में कर्मचारियों की भागीदारी की भी परिकल्पना की—स्टॉक विकल्पों के विचार के प्रचलन में आने से बहुत पहले। प्रत्येक प्रबंधक के पास 50 शेयर, अधिकारियों के पास 20 शेयर और कैशियर को, उनकी प्रमुख भूमिका को दर्शाते हुए, 40 शेयर आवंटित किए जाने थे।

जो कार्य उन्होंने विवेक और उद्देश्य के साथ शुरू किया था, वह आज ₹1.86 लाख करोड़ के संस्थान के रूप में विकसित हो चुका है, जो उनके मूल्यों, दूरदर्शिता और सामुदायिक उद्यम में अटूट विश्वास का प्रमाण है।

---

* शुक्रवार को करूर वैश्य बैंक के 109वें स्थापना दिवस पर भारतीय रिज़र्व बैंक के डिप्टी गवर्नर श्री स्वामीनाथन जे. का संबोधन.

[1] श्रीराम, वी, करूर वैश्य बैंक, शताब्दी पुस्तक, https://www.kvb.co.in/docs/kvb-history-book-part1.pdf (20 जुलाई 2025 को एक्सैस किया गया) से सामग्री पर आधारित।

[2] 1906 की आर्बुथनॉट दुर्घटना औपनिवेशिक भारत की सबसे कुख्यात बैंकिंग विफलताओं में से एक थी। मद्रास स्थित एक प्रमुख ब्रिटिश फ़र्म, आर्बुथनॉट एंड कंपनी का अव्यवहार्य कुप्रबंधन के कारण पतन हो गया, जिससे व्यापक रूप से अफरा-तफरी मच गई। पेंशनभोगियों और अधिकारियों, यहाँ तक कि मद्रास के गवर्नर सहित हजारों जमाकर्ताओं ने अपनी बचत गँवा दी। इस घटना ने विदेशी बैंकों में विश्वास को बुरी तरह से कम कर दिया और 1907 में इंडियन बैंक की स्थापना को प्रेरित किया।

विकसित भारत के लिए बैंकिंग: उद्देश्य और तत्परता के साथ अनुकूलन

केवीबी का 109वां वर्ष भारत की अर्थव्यवस्था और व्यापक वित्तीय प्रणाली में व्यापक परिवर्तन के दौर में आ रहा है। जैसे-जैसे राष्ट्र विकसित भारत 2047 के विजन की ओर बढ़ रहा है, बैंकों से न केवल ऋण का विस्तार करने, बल्कि समावेशी विकास को बढ़ावा देने, वित्तीय स्थिरता बनाए रखने और ज़िम्मेदार नवाचार को बढ़ावा देने में एक गहन भूमिका निभाने का भी आह्वान किया जा रहा है ।

मुझे यकीन है कि केवीबी ने इस दिशा में पहले ही सार्थक कदम उठा लिए हैं। लेकिन आगे की यात्रा और भी अधिक तत्परता, दूरदर्शिता और उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्धता की मांग करेगी।

केवीबी जैसे बैंक किस प्रकार आगे का रास्ता तय कर सकते हैं, इस बारे में सोचते हुए मुझे तिरुक्कुरल की एक पंक्ति याद आती है, जो विचारशील कार्रवाई के लिए शाश्वत मार्गदर्शन का खजाना है:

"பொருள் கருவி காலம் வினை-யிடனொடு
ஐந்தும் இருள்தீர எண்ணிச் செயல்"

(Poruḷ karuvi kāalam viṉai-yiṭaṉodu aindhum
iruḷtheera eṇṇi cheyal)

शाब्दिक अर्थ[3]:

"धन, साधन, समय, निष्पादन और स्थान- इन पाँच बातों पर उचित विचार करने के बाद ही कोई कार्य करें।"

संत तिरुवल्लुवर हमें बताते हैं: "बुद्धिमान व्यक्ति किसी भी अनिश्चितता को दूर करने और स्पष्टता के साथ कार्य करने के लिए पांच चीजों - संसाधन, उपकरण, समय, कार्य और स्थान या संदर्भ - पर विचार करने के बाद ही कार्य करता है।"

मेरे विचार से, यह केवल शास्त्रीय ज्ञान नहीं है—यह एक व्यावहारिक ढाँचा है, जो आधुनिक बैंकिंग के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। इन पाँच तत्वों ने केवीबी की अब तक की यात्रा को आकार दिया है, और ये इसके भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। तो आइए हम इनमें से प्रत्येक पर विचार करें—दर्शन के रूप में नहीं, बल्कि एक मज़बूत, चुस्त और जिम्मेदार बैंकिंग संस्थान की आधारशिला के रूप में।

पोरुल (धन/संसाधन): अनुशासन के साथ शक्ति का प्रयोग

बैंकिंग में, संसाधन केवल वित्तीय पूँजी नहीं हैं। वे इससे कहीं ऊपर हैं। इनमें लोग, प्रणालियाँ, संस्थागत स्मृति, ग्राहक विश्वास और प्रतिष्ठा शामिल हैं। सुदृढ़ संसाधन प्रबंधन का तात्पर्य निर्णयों की गुणवत्ता और परिणामों की स्थिरता से है।

विनियामकीय सीमाओं को पूरा करना या प्रमुख आंकड़ों में सुधार करना ही पर्याप्त नहीं है। महत्वपूर्ण यह है कि इन वित्तीय संसाधनों का उपयोग कैसे किया जाता है—चाहे वे समावेशी ऋण, दीर्घकालिक निवेश, या विश्वास और पारदर्शिता को बढ़ावा देने वाले व्यावसायिक मॉडल का समर्थन करते हों। प्रत्येक रुपये में केवल ब्याज नहीं, बल्कि उद्देश्य भी होना चाहिए।

उतने ही महत्वपूर्ण वे कम मूर्त, लेकिन कम आवश्यक नहीं, संसाधन हैं जो बैलेंस शीट में शामिल नहीं होते। इनमें वे लोग शामिल हैं जो हर दिन ग्राहकों से जुड़ते हैं, आंतरिक नियंत्रण जो निर्णय लेते हैं और जोखिम प्रबंधन करते हैं, और संस्थागत मूल्य जो आंतरिक संस्कृति को आकार देते हैं।

एक बार स्थापित हो जाने पर, किसी बैंक की प्रतिष्ठा उसकी सबसे मूल्यवान संपत्तियों में से एक बन जाती है। बढ़ती प्रतिस्पर्धा और बदलती ग्राहक अपेक्षाओं के माहौल में, आगे बढ़ने का रास्ता ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने में निहित है जो विश्वास, निष्ठा और दीर्घकालिक मूल्य को बढ़ावा देता है।

करुवी (उपकरण/साधन): ज़िम्मेदार नवाचार के साथ आगे बढ़ना

बैंकिंग के उपकरण तेज़ी से विकसित हुए हैं—पासबुक और लेज़र से लेकर कोर बैंकिंग प्लेटफ़ॉर्म, मोबाइल ऐप, रियल-टाइम भुगतान प्रणाली और कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक।

[3] तिरुकुरल 675: रेव्ह डॉ. जी. यू. पोप, रेव्ह डब्ल्यू. एच. डू, रेव्ह जॉन लाज़रस और श्री एफ. डब्ल्यू. एलिस द्वारा अंग्रेजी अनुवाद और व्याख्या। प्रोजेक्ट मदुरै पर उपलब्ध। https://www.projectmadurai.org/pm_etexts/utf8/pmuni0153.html

ये उपकरण यह निर्धारित करते हैं कि सेवाएँ कैसे प्रदान की जाती हैं, निर्णय कैसे लिए जाते हैं, और धीरे-धीरे, जोखिमों का प्रबंधन कैसे किया जाता है। इस परिवेश में, किसी बैंक की तकनीकी क्षमताएँ अब केवल परिचालन संबंधी सहायक नहीं रह गई हैं; वे रणनीतिक विभेदक बन गई हैं।

हालाँकि, हर उपकरण ज़िम्मेदारी के साथ आता है। डिजिटल अपनाने की गति और पैमाने के साथ-साथ साइबर सुरक्षा, डेटा गवर्नेंस और नैतिक सुरक्षा उपायों में भी उतना ही मज़बूत निवेश ज़रूरी है। हाल के वैश्विक और घरेलू अनुभवों ने दिखाया है कि अगर समय रहते तकनीकी कमियों को दूर नहीं किया गया, तो वे प्रणालीगत कमजोरियों का कारण बन सकती हैं।

जिम्मेदारी से विस्तार करने की चाह रखने वाले बैंकों के लिए, उपकरण आधुनिक, चुस्त और निरंतर विकसित होने वाले होने चाहिए। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उनका प्रबंधन सुचारु होना चाहिए। तकनीक को कभी भी संगठन की प्रबंधन क्षमता से आगे नहीं बढ़ना चाहिए। निदेशकों और वरिष्ठ प्रबंधन को इस संवाद का नेतृत्व करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जोखिम, अनुपालन और आंतरिक लेखा परीक्षा कार्यों में गति बनाए रखने के लिए आवश्यक संसाधन और दृश्यता उपलब्ध हो।

कालम (समय): यह जानना कि कब कार्य करना है

बैंकिंग में, समय का सही होना सफलता और छूटे हुए अवसर के बीच, लचीलेपन और पछतावे के बीच का अंतर हो सकता है। चाहे ऋण देना हो, नए बाज़ारों में प्रवेश करना हो, या पोर्टफोलियो को पुनर्संतुलित करना हो, सही समय पर और सही निर्णय लेने की क्षमता जरूरी है।

समय का सही आकलन करने के लिए संदर्भगत जागरूकता की भी आवश्यकता होती है। आर्थिक चक्र, ब्याज दरों में बदलाव, नियामक परिवर्तन, भू-राजनीतिक घटनाक्रम और यहाँ तक कि जलवायु परिवर्तन—ये सभी इस बात को प्रभावित करते हैं कि निर्णय कब और कैसे लिए जाने चाहिए। किसी तनाव को जल्दी पहचानने में देरी, या बाज़ार के संकेतों पर जल्दबाज़ी में प्रतिक्रिया देने के दीर्घकालिक परिणाम हो सकते हैं।

लेकिन समय का मतलब सिर्फ़ बाहरी घटनाओं पर प्रतिक्रिया देना नहीं है। इसका मतलब यह भी है कि किसी संस्था को कब आंतरिक रूप से बदलने की जरूरत है—कब प्रणालियों का आधुनिकीकरण करना है, कब नेतृत्व को नया रूप देना है, कब रुकना और समेकित करना है, और कब आगे बढ़ने के लिए साहसिक कदम उठाने हैं। इतिहास उन संस्थाओं को पुरस्कृत करता है जो जल्दी काम करती हैं, न कि उन्हें जो उत्तम काम करती हैं।

केवीबी के संस्थापकों ने ऐसे ही क्षण में कदम उठाया। युद्ध और आर्थिक अनिश्चितता के बीच, 1916 में बैंक स्थापित करने का उनका निर्णय साहसिक, सामयिक और सामुदायिक जरूरतों के अनुरूप था। समय और संवेदनशीलता की यही समझ अब बैंक को अपने अगले चरण में मार्गदर्शन प्रदान करेगी।

विनय (कार्य/निष्पादन): विचार को क्रियान्वयन में परिवर्तित करना - बोर्डरूम से शाखा तक

रणनीति का कोई मतलब नहीं है, जब तक कि उसे अमल में न लाया जाए। एक बैंक के लिए, इसका मतलब यह सुनिश्चित करना है कि शीर्ष स्तर के इरादे ज़मीनी स्तर पर नतीजों में दिखाई दें। बोर्डरूम में बनाई गई नीतियों को शाखा में सार्थक अभिव्यक्ति मिलनी चाहिए। सबसे मज़बूत ढाँचे—चाहे वे जोखिम, ऋण, तकनीक या अनुपालन से संबंधित हों—तभी प्रभावी होते हैं जब ग्राहक इंटरफ़ेस पर उनका क्रियान्वयन होता है।

प्रभावी कार्रवाई के लिए स्पष्टता, समन्वय और जवाबदेही ज़रूरी है। चाहे कोई नया उत्पाद लॉन्च करना हो, किसी नए क्षेत्र में प्रवेश करना हो, या अनुपालन सुधार लागू करना हो, सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि लक्ष्यों को कितनी अच्छी तरह से संप्रेषित किया जाता है, भूमिकाएँ कितने स्पष्ट रूप से परिभाषित की जाती हैं, और परिणामों पर कैसे नज़र रखी जाती है।

केरोसिन (सब्सिडी वाला)	₹/लीटर	46.65	43.03	44.47	7.1	3.4
एलपीजी (गैर-सब्सिडी)	₹/सिलेंडर	813.25	863.25	863.25	0.0	0.0

टिप्पणियाँ: 1. ^ : 1-22 अगस्त, 2025 की अवधि के लिए।

2. केरोसिन के अलावा, ये कीमतें चार प्रमुख महानगरों (दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई) में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) की औसत कीमतों को दर्शाती हैं। केरोसिन के लिए, ये कीमतें कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में सब्सिडी वाले मूल्यों का औसत दर्शाती हैं।

स्रोत: आईओसीएल; पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी); और आरबीआई स्टाफ के अनुमान।

चार्ट III.16: ग्रामीण नाममात्र मजदूरी

(वर्ष-दर-वर्ष, प्रतिशत)



स्रोत: श्रम ब्यूरो, श्रम और रोजगार मंत्रालय।

जून 2025 में ग्रामीण श्रमिकों की मजदूरी वृद्धि काफी हद तक स्थिर रही क्योंकि गैर-कृषि क्षेत्र की मजदूरी में बढ़ोतरी हुई, जबकि कृषि क्षेत्र में मजदूरी वृद्धि में मामूली सुधार देखा गया (चार्ट III.16)। गैर-कृषि मजदूरी वृद्धि में वृद्धि मुख्य रूप से झाड़ू लगाने/सफाई, हल्के मोटर वाहन और ट्रैक्टर चालकों, तथा राज मिस्त्री श्रमिकों जैसे व्यवसायों से प्रेरित थी।

IV. वित्तीय स्थितियाँ

जुलाई और अगस्त (21 अगस्त तक) के दौरान समग्र वित्तीय स्थितियाँ अनुकूल रहीं [चार्ट IV.1]।

चार्ट IV.1: भारत के लिए दैनिक वित्तीय स्थिति सूचकांक

(2012 से औसत मान से मानक विचलन)



टिप्पणी: वित्तीय स्थिति सूचकांक अपने ऐतिहासिक औसत पर आधारित एक मीट्रिक प्रदान करता है: इस संदर्भ में, शून्य मान उस वित्तीय प्रणाली से मेल खाता है जो सूचकांक में शामिल सभी वित्तीय संकेतकों के ऐतिहासिक औसत स्तर पर कार्य कर रही है। परिणामों को प्रस्तुत करने के लिए, मानकीकृत सूचकांक का उपयोग किया जाता है।[22]

स्रोत: आरबीआई स्टाफ का अनुमान।

[22] विस्तृत कार्यप्रणाली के लिए, बंद्योपाध्याय, पी., कुमार, ए., कुमार, पी. और भट्टाचार्य, आई. (2025), 'भारत के लिए वित्तीय स्थिति सूचकांक: एक उच्च आवृत्ति दृष्टिकोण'; भारतीय रिज़र्व बैंक बुलेटिन, जून HTTPS://RBI.ORG.IN/SCRIPTS/BS_VIEWBULLETIN.ASPX?ID=23451 देखें।

जुलाई और अगस्त (21 अगस्त तक) के दौरान प्रणालीगत चलनिधि अधिशेष में रही, जो मुख्य रूप से उच्च सरकारी खर्च से प्रेरित थी। 16 जुलाई से 21 अगस्त, 2025 के दौरान चलनिधि समायोजन सुविधा के तहत औसत दैनिक निवल अवशोषण ₹3.07 लाख करोड़ रहा, जो पिछले एक महीने की अवधि (चार्ट IV.2) की तुलना में मामूली कम है। इस अवधि के दौरान, अतिरिक्त चलनिधि को अवशोषित करने के लिए, जो एक दिवसीय मुद्रा बाजार दरों पर दबाव डाल रही थी, रिज़र्व बैंक ने 12 परिवर्तनीय दर रिवर्स रेपो (वीआरआरआर) नीलामियां (ओवरनाइट से 8-दिवसीय) संचालित कीं।[23] कर संबंधी बहिर्वाह के कारण अस्थायी चलनिधि की तंगी से निपटने के लिए, रिज़र्व बैंक ने 2-दिवसीय और एक दिवसीय परिपक्वता वाली तीन परिवर्तनीय दर रेपो (वीआरआर) नीलामियां भी संचालित कीं। [24]

मुद्रा बाजार

पर्याप्त चलनिधि के बीच, भारित औसत कॉल दर – मौद्रिक नीति का परिचालन लक्ष्य – गलियारे के निचले आधे हिस्से में गतिमान रही। हालाँकि, यह दर बड़े जीएसटी बहिर्वाह के कारण 21 जुलाई से 23 जुलाई के दौरान सीमांत स्थायी सुविधा दर की ओर थोड़ी बढ़ गई। वीआरआरआर नीलामियों के माध्यम से अधिशेष चलनिधि अवशोषण के परिणामस्वरूप, भारित औसत कॉल दर और पॉलिसी रेपो दर के बीच का अंतर कम हो गया (चार्ट IV.3ए)।[25] संपार्श्विक खंडों में एकदिवसीय दरें – त्रिपक्षीय और बाजार रेपो – तथा बेंचमार्क सुरक्षित एकदिवसीय रुपया दर बड़े पैमाने पर गैर-संपार्श्विक दर के अनुरूप चलीं।[26] हाल ही में, रिज़र्व बैंक के मौजूदा चलनिधि प्रबंधन ढांचे की समीक्षा के लिए एक आंतरिक कार्य समूह ने मौद्रिक नीति के परिचालन

चार्ट IV.2: चलनिधि परिचालन

(₹ लाख करोड़)



स्रोत: आरबीआई।

[23] तदनुसार, स्थायी जमा सुविधा के माध्यम से औसत अवशोषण 16 जुलाई से 21 अगस्त 2025 के दौरान कुल अवशोषण का 40.3 प्रतिशत रह गया, जबकि 16 जून से 15 जुलाई 2025 के दौरान यह 76.3 प्रतिशत था।

[24] औसतन 0.02 लाख करोड़ रु.

[25] भारित औसत माँग दर और रेपो दर के बीच का स्प्रेड 16 जुलाई से 14 अगस्त 2025 के दौरान (-) 6 बीपीएस तक कम हो गया, जो 16 जून से 21 जुलाई 2025 के दौरान (-)19 बीपीएस था।

[26] एमआईबीओआर बेंचमार्क समिति (अध्यक्ष: श्री रामानाथन सुब्रमण्यन) की सिफारिशों के अनुरूप, सुरक्षित मुद्रा बाजारों (बास्केट रेपो और त्रिपक्षीय रेपो दोनों) पर आधारित एक बेंचमार्क सुरक्षित एक-दिवसीय रुपया दर विकसित करने का प्रस्ताव किया गया था। फाइनेंशियल बेंचमार्क्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एफबीआईएल) ने दैनिक अंतराल पर इस दर का प्रकाशन शुरू कर दिया है।

चार्ट IV.3: नीति गलियारा और मुद्रा बाजार दरें



स्रोत: आरबीआई; भारतीय समाशोधन निगम लिमिटेड; और ब्लूमबर्ग।

लक्ष्य के रूप में भारित औसत कॉल दर को जारी रखने की सिफारिश की है।[27]

कुल मिलाकर, सावधि मुद्रा बाज़ार में ब्याज दरें मोटे तौर पर स्थिर रहीं (चार्ट IV.3बी)। [28] ट्रेजरी बिलों के लिए औसत प्रतिफल मामूली रूप से बढ़ी, जबकि वाणिज्यिक पत्रों और जमा प्रमाणपत्रों की दरें कम हुईं। [29]

सरकारी प्रतिभूति (जी-सेक) बाजार

निश्चित आय खंड में, भारत-अमेरिका व्यापार वार्ताओं को लेकर अनिश्चितताओं और मौद्रिक नीति में और ढील की उम्मीदों में कमी के बीच, 10-वर्षीय सरकारी प्रतिभूतियों पर प्रतिफल जुलाई के मध्य से अगस्त के प्रारंभ तक मज़बूत हुआ। 14 अगस्त, 2025 को एसएंडपी द्वारा भारत की राष्ट्रिक रेटिंग में सुधार की घोषणा के बाद, 10-वर्षीय सरकारी प्रतिभूतियों पर प्रतिफल में कुछ समय के लिए कमी आई। इसके बाद, अगस्त के तीसरे सप्ताह में प्रतिफल में और वृद्धि हुई। औसत अवधि प्रीमियम (10-वर्षीय सरकारी प्रतिभूतियों पर प्रतिफल और 91-दिवसीय ट्रेजरी बिल पर प्रतिफल के बीच का अंतर) 16 जून से 15 जुलाई, 2025 की तुलना में 16 जुलाई से 21 अगस्त, 2025 के दौरान 3 आधार अंकों से (बीपीएस) बढ़ा (चार्ट IV.4ए और IV.4बी)।

कॉरपोरेट बॉण्ड बाजार

कॉरपोरेट बॉण्ड के प्रतिफल और साथ ही संबंधित जोखिम-मुक्त दरों पर उनका प्रसार आम तौर पर अवधि और रेटिंग स्पेक्ट्रम में बढ़ा (सारणी IV.1)[30]

धन और ऋण

नकद आरक्षित अनुपात में बदलावों के पहले दौर के प्रभाव को समायोजित करते हुए, प्रचलन में मुद्रा में वृद्धि के अनुरूप, आरक्षित मुद्रा वृद्धि, महीने के दौरान बढ़ी। त्योहारी सीज़न से

[27] भारित औसत माँग दर, संपार्श्विक खंडों में अन्य एक-दिवसीय मुद्रा बाजार दरों के साथ अत्यधिक सहसंबद्ध पाई गई है और विभिन्न परिपक्वताओं में अन्य मुद्रा बाजार लिखतों को संकेत प्रेषित करने में भी प्रभावी पाई गई है। अधिक जानकारी चलनिधि प्रबंधन ढाँचे की समीक्षा हेतु गठित आंतरिक कार्य समूह की रिपोर्ट - जुलाई 2025 HTTPS://RBIDOCS.RBI.ORG.IN/RDOCS//PUBLICATIONREPORT/PDFS/IWG060820254255B36745A04F23A683956447CB227A.PDF में पाई जा सकती है।

[28] 16 जुलाई से 21 अगस्त 2025 की अवधि के दौरान 3 महीने के ट्रेजरी बिलों पर औसत प्रतिफल में 6 बीपीएस की वृद्धि हुई, जबकि एनबीएफसी द्वारा जारी 3 महीने के वाणिज्यिक पत्रों और 3 महीने के जमा प्रमाणपत्र के औसत प्रतिफल में 16 जून से 15 जुलाई 2025 की अवधि की तुलना में क्रमशः 1 बीपीएस और 3 बीपीएस की गिरावट आई।

[29] मुद्रा बाजार में औसत जोखिम प्रीमियम (एनबीएफसी द्वारा 3 महीने के वाणिज्यिक पत्र पर प्रतिफल और 91-दिवसीय ट्रेजरी बिल के बीच का स्प्रेड) पिछली अवधि के 82 बीपीएस से घटकर चालू अवधि में 75 बीपीएस हो गया।

[30] जून 2025 तक कॉरपोरेट बॉण्ड निर्गम ₹1.08 लाख करोड़ के उच्च स्तर पर रहा, जो मई 2025 में 0.95 लाख करोड़ था।

चार्ट IV.4: सरकारी प्रतिभूतियों के बाज़ार में गतिविधि





टिप्पणी: चार्ट बी में, सावधि प्रीमियम की गणना 10-वर्षीय जी-सेक प्रतिफल और 91-दिवसीय खजाना बिल प्रतिफल के बीच के अंतर के रूप में की जाती है।
स्रोत: ब्लूमबर्ग: एफआईएमएमडीए; और आरबीआई स्टाफ अनुमान।

पहले और ₹2000 मूल्यवर्ग के बैंक नोटों की वापसी के प्रभाव में कमी आने से पहले प्रचलन में मुद्रा में वृद्धि हुई। जुलाई के दौरान मुद्रा आपूर्ति (एम3) में वृद्धि मोटे तौर पर स्थिर रही (चार्ट IV.5)।[31, 32]

जुलाई में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की ऋण वृद्धि धीमी बनी रही, जबकि पिछले महीने की तुलना में इसमें मामूली वृद्धि हुई, जबकि जमा वृद्धि स्थिर रही (चार्ट IV.6 और अनुलग्नक चार्ट ए9)। 33 2025-26 के दौरान अब तक, जबकि गैर-खाद्य बैंक ऋण प्रवाह में गिरावट आई है, यह कमी गैर-बैंक स्रोतों से अधिक अंतर्वाह से काफी हद तक संतुलित रही। परिणामस्वरूप, बैंक ऋण में धीमी वृद्धि के बावजूद, वाणिज्यिक क्षेत्र में वित्तीय संसाधनों के कुल प्रवाह में वृद्धि दर्ज की गई। मुद्रा

सारणी IV.1: कॉरपोरेट बॉण्ड- दरें और स्प्रेड

लिखत	ब्याज दरें *(प्रतिशत)*			स्प्रेड *(बीपीएस)* (संबंधित जोखिम-मुक्त दर से अधिक)		
	16 जून 2025-15 जुलाई 2025	16 जुलाई 2025-20 अगस्त 2025	अंतर (बीपीएस में)	16 जून 2025-15 जुलाई 2025	16 जुलाई 2025-20 अगस्त 2025	अंतर (बीपीएस में)
1	2	3	(4 = 3-2)	5	6	(7 = 6-5)
कॉरपोरेट बॉण्ड						
(i) एएए (1-वर्ष)	6.55	6.54	-1	95	92	-3
(ii) एएए (3-वर्ष)	6.91	6.97	6	95	97	2
(iii) एएए (5-वर्ष)	7.13	7.13	0	96	93	-3
(iv) एए (3-वर्ष)	7.84	8.03	19	188	203	15
(v) बीबीबी- (3-वर्ष)	11.49	11.66	17	553	566	13

टिप्पणी: संबंधित अवधि के लिए प्रतिफल और स्प्रेड की गणना औसत के रूप में की गई है।
स्रोत: फिक्स्ड इनकम मनी मार्केट एंड डेरिवेटिव्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफआईएमएमडीए) और ब्लूमबर्ग।

[31] 15 अगस्त 2025 तक आरक्षित मुद्रा (सीआरआर के लिए समायोजित) में 8.9 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि हुई [18 जुलाई 2025 तक 7.8 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष)]। 15 अगस्त 2025 तक प्रचलन में मुद्रा में 8.8 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि हुई [18 जुलाई 2025 तक 7.2 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष)]।

[32] 8 अगस्त 2025 तक मुद्रा आपूर्ति में 9.6 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि हुई [11 जुलाई 2025 तक 9.5 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष)]। इसमें एक गैर-बैंक के किसी बैंक में विलय का प्रभाव शामिल है (1 जुलाई 2023 से प्रभावी)।

[33] 8 अगस्त, 2025 तक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की ऋण वृद्धि 10.2 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) थी [एक महीने पहले 9.9 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष)]। 8 अगस्त 2025 तक जमा वृद्धि 10.1 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) थी [एक महीने पहले 10.1 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष)]।

चार्ट IV. 5: आरक्षित मुद्रा और मुद्रा आपूर्ति (एम$_3$) में वृद्धि

(वर्ष-दर-वर्ष, प्रतिशत)



स्रोत: आरबीआई।

बाजारों में मौद्रिक नीति के तीव्र संचरण के साथ, बड़ी कंपनियाँ वित्तपोषण के लिए वाणिज्यिक पत्र और कॉरपोरेट बॉण्ड जैसे बाजार-आधारित लिखतों की ओर तेजी से मुड़ रही हैं, जिससे बैंक ऋण की माँग कम हो रही है।

जून में सभी प्रमुख क्षेत्रों में बैंक ऋण वृद्धि में मामूली सुधार दर्ज किया गया (अनुलग्नक चार्ट ए10)।[34,35] ऋण वृद्धि के प्राथमिक चालक, व्यक्तिगत ऋणों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। इसे मुख्यतः आवास क्षेत्र जो व्यक्तिगत ऋणों के अंतर्गत

चार्ट IV.6: अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक: ऋण और जमा वृद्धि

(वर्ष-दर-वर्ष, प्रतिशत)



टिप्पणी: अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के डेटा में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शामिल हैं। इस डेटा में एक बैंक में एक गैर-बैंक के विलय का प्रभाव शामिल है।

स्रोत: पाक्षिक सेक्शन 42 रिटर्न्स, आरबीआई।

34 जून के अंत तक, गैर-खाद्य बैंक ऋण में वृद्धि 10.2 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) रही, जो मई 2025 में दर्ज 9.8 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) से अधिक है।

35 क्षेत्रवार गैर-खाद्य ऋण आँकड़े क्षेत्रवार और उद्योगवार बैंक ऋण (एसआईबीसी) रिटर्न पर आधारित हैं, जिसमें चुनिंदा बैंक शामिल हैं, जो महीने के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार तक सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा दिए गए कुल गैर-खाद्य ऋण का लगभग 95 प्रतिशत प्रदान करते हैं। इस आँकड़े में किसी गैर-बैंक के किसी बैंक में विलय का प्रभाव शामिल नहीं है।

दिए गए ऋणों का लगभग आधा हिस्सा है, के माध्यम से समर्थन प्राप्त हुआ। साथ ही वाहन ऋण और अन्य व्यक्तिगत ऋणों में भी वृद्धि हुई। सेवा क्षेत्र में भी वृद्धि दर्ज की गई, क्योंकि एनबीएफसी को प्रदत्त बैंक ऋण सकारात्मक हो गया, जिससे पिछले महीने देखी गई गिरावट उलट गई। फिर भी, इन संस्थाओं ने मुद्रा और पूँजी बाजार के माध्यम से धन प्राप्त करना जारी रखा। औद्योगिक ऋण में भी सुधार देखा गया। जहाँ अवसंरचना क्षेत्र में संकुचन जारी रहा, वहीं एमएसएमई को प्रदत्त ऋण में तेज गति से वृद्धि हुई।

जमा और उधार दरें

फरवरी 2025 से जून 2025 के दौरान रेपो दर में हुई संचयी 100-आधार अंकों की कमी का प्रभाव अंतरण उधार और जमा दरों, विशेष रूप से नई जमा और ऋणों पर, मज़बूत रहा है। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के नए और बकाया रुपया ऋणों पर भारित औसत उधार दर में गिरावट आई है। जमा पक्ष पर, नए और बकाया जमा पर भारित औसत घरेलू सावधि जमा दरें भी कम हुई हैं (सारणी IV.2)।

नए और बकाया रुपया ऋणों पर भारित औसत उधार दर में गिरावट निजी बैंकों की तुलना में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में अधिक थी (चार्ट IV.7)। इसी प्रकार, जमा पक्ष में, निजी बैंकों की तुलना में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में संचरण अधिक था।

इक्विटी बाजार

जुलाई में सुस्त टैरिफ़ अनिश्चितता और 2025-26 की पहली तिमाही के मिश्रित कॉरपोरेट आय परिणामों के बीच इक्विटी बाजारों में गिरावट दर्ज की गई। घरेलू संस्थागत निवेशकों, विशेष रूप से म्यूचुअल फंडों से लगातार अंतर्वाह के चलते इक्विटी से एफपीआई के बहिर्वाह के प्रभाव को कम करने में सहायता मिली। अगस्त की शुरुआत में ऑटोमोबाइल क्षेत्र के शेयरों में बढ़त के कारण हुआ मामूली सुधार भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता को लेकर फैली नई अनिश्चितता के कारण फीका पड़ गया। भारत की सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग में सुधार और जीएसटी सुधारों की घोषणा को लेकर उपजे आशावाद के बीच बाज़ारों में बाद में सुधार हुआ (चार्ट IV.8)।

वित्त के बाह्य स्रोत

जून में सकल आवक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) चार वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुँच गया (चार्ट IV.9ए)। अमेरिका, साइप्रस और सिंगापुर ने कुल एफडीआई अंतर्वाह में तीन-चौथाई से अधिक का योगदान दिया। कंप्यूटर सेवाएँ, विनिर्माण और निर्माण क्षेत्र शीर्ष प्राप्तकर्ता क्षेत्र थे। हालाँकि, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रत्यावर्तन और बाह्य

सारणी IV.2: बैंकों की जमा और उधार दरों में संचरण

(आधार अंकों में भिन्नता)

अवधि		सावधि जमा दरें		उधार दरें				
	रेपो दर	डब्लयूएडी-टीडीआर-नया जमा	डब्लूयूएडी-टीडीआर-बकाया जमा	ईबीएलआर	1-वर्षीय एमसीएलआर (माध्यिका)	डब्ल्यूएएलआर -नया रुपया उधार		डब्ल्यूए-एलआर-बकाया रुपया उधार
						समग्र	ब्याज दर प्रभाव #	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
सख्ती की अवधि मई 2022 से जनवरी 2025	+250	259	206	250	175	181	193	115
नरमी की अवधि फरवरी 2025 से जुलाई* 2025	-100	-87	-10	-100	-25	-71	-55	-39

टिप्पणी: ईबीएलआर पर डेटा 32 घरेलू बैंकों से संबंधित है।
*: डब्ल्यूएडीटीडीआर और डबल्यूएएलआर पर डेटा जून 2025 से संबंधित है। **#:** स्थिर मात्रा में।
डब्ल्यूएएलआर: भारित औसत उधार दर; **डब्ल्यूएडीटीडीआर:** भारित औसत घरेलू सावधि जमा दर;
एमसीएलआर: निधि की सीमांत लागत आधारित उधार दर; **ईबीएलआर:** बाह्य बेंचमार्क आधारित उधार दर।
स्रोत: आरबीआई।

चार्ट IV.7: बैंक समूहों के बीच संचरण (फरवरी 2025 से जून 2025)



टिप्पणी: जून 2025 की भारित औसत उधार और जमा दरों से जनवरी 2025 की भारित औसत उधार और जमा दरों को घटाकर फरवरी से जून 2025 के दौरान संचरण की गणना की गई है।
स्रोत: आरबीआई।

एफडीआई दोनों में वृद्धि हुई। बाह्य एफडीआई के शीर्ष क्षेत्रों में वित्तीय, विनिर्माण, बीमा और व्यावसायिक सेवाएँ शामिल थीं, और प्रमुख गंतव्य सिंगापुर, अमेरिका, ब्रिटेन और संयुक्त अरब अमीरात थे (चार्ट IV.9बी)। परिणामस्वरूप, निवल एफडीआई अंतर्वाह धीमा रहा।

जुलाई और अगस्त में एफपीआई ने निवल बहिर्वाह दर्ज किया, जिससे लगातार दो महीनों का अंतर्वाह उलट गया, क्योंकि वैश्विक व्यापार तनाव और अमेरिकी टैरिफ घोषणाओं के बाद जोखिम-मुक्ति के रुख के बीच इक्विटी बहिर्वाह में तेज़ी आई (चार्ट IV.10)। इसके विपरीत, ऋण खंड में मामूली निवल अंतर्वाह देखा गया, जिसे प्राथमिक ऋण निर्गमों और पूरी तरह

चार्ट IV.8: बीएसई सेंसेक्स और संस्थागत प्रवाह

(सूचकांक, बायाँ मान, ₹ हजार करोड़, दायाँ मान)



टिप्पणी: एफपीआई और एमएफ फ्लो को 15-दिवसीय रोलिंग सम आधार पर दर्शाया गया है।
स्रोत: ब्लूमबर्ग।

चार्ट IV.9: प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह



स्रोत: आरबीआई।

से सुलभ मार्ग के माध्यम से सरकारी प्रतिभूतियों में अंतर्वाह से समर्थन मिला।[36]

2025-26 की पहली तिमाही में बाह्य वाणिज्यिक उधारों के पंजीकरण में कमी आई, हालाँकि अंतर्वाह बहिर्वाह से अधिक रहा, जिसके परिणामस्वरूप निवल अंतर्वाह सकारात्मक रहा (चार्ट IV.11)। उल्लेखनीय है कि इस अवधि के दौरान पंजीकृत कुल बाह्य वाणिज्यिक उधारों का लगभग आधा हिस्सा पूंजीगत व्यय के लिए था।

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार पर्याप्त बना हुआ है, जो 11 महीने से अधिक के माल आयात और मार्च 2025 के अंत तक

चार्ट IV.10: विदेशी पोर्टफोलियो निवेश

(बिलियन अमेरिकी डॉलर)



टिप्पणियाँ: 1. ऋण में हाइब्रिड लिखत के अंतर्गत निवेश भी शामिल है।
2. *डाटा 21 अगस्त तक का है।

स्रोत: नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल)।

[36] पूर्णतः सुलभ मार्ग, आरबीआई द्वारा 1 अप्रैल, 2020 से शुरू किया गया एक अलग चैनल है, जो गैर-निवासियों को बिना किसी निवेश सीमा के भारत सरकार की निर्दिष्ट प्रतिभूतियों में निवेश करने में सक्षम बनाता है।

चार्ट IV.11: बाहरी वाणिज्यिक उधार- पंजीकरण और प्रवाह

(यूएस $ बिलियन)



स्रोत: फॉर्म ईसीबी, आरबीआई।

चार्ट IV.12: भारत की विदेशी मुद्रा आरक्षित निधियाँ

(बिलियन अमेरिकी डॉलर, बायाँ स्केल, माह, दायाँ स्केल)



टिप्पणियाँ: 1. *15 अगस्त 2025 की स्थिति के अनुसार

2. भुगतान संतुलन के आंकड़ों के अनुसार, जून और अगस्त 2025 तक का आयात कवर डेटा 2024-25 के वार्षिक पण्य आयात पर आधारित है।

स्रोत: आरबीआई।

94 प्रतिशत से अधिक बकाया विदेशी ऋण के लिए कवर प्रदान करता है (चार्ट IV.12)।[37]

विदेशी मुद्रा बाजार

जुलाई में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये में मामूली गिरावट आई, जो वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं और एफपीआई के बहिर्वाह को दर्शाता है (चार्ट IV.13)। इस गिरावट के बावजूद, रुपया महीने के दौरान प्रमुख ईएमडीई में सबसे कम अस्थिर मुद्राओं में से एक रहा। अगस्त में, एस&पी द्वारा भारत की सॉवरेन रेटिंग में सुधार की घोषणा के बाद, भारतीय रुपये ने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले कुछ बढ़त दर्ज की।

चार्ट IV.13: जुलाई 2025 में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले प्रमुख मुद्राओं में उतार-चढ़ाव

(प्रतिशत, माह-दर-माह, बायाँ मान, प्रतिशत, दायाँ मान)



टिप्पणियां: 1. मूल्यवृद्धि/ मूल्यह्रास (माह-दर-माह) की गणना मासिक औसत विनिमय दरों का प्रयोग कर की गई है।

2. अमेरिकी डॉलर (डीएक्सवाई) प्रमुख मुद्रा समूह (यूरो, जापानी येन, ब्रिटिश पाउंड, कनाडाई डॉलर, स्वीडिश क्रोना, स्विस फ्रैंक) के मुकाबले अमेरिकी डॉलर के उतार-चढ़ाव को मापता है।

3. जुलाई 2025 के लिए दैनिक विनिमय दर का प्रयोग कर प्रत्येक मुद्रा की अस्थिरता को चर(100*मानक विचलन/ माध्य मान) के गुणक के रूप में मापा गया है।

स्रोत: एफबीआईएल; थॉमसन रॉयटर्स; और आरबीआई स्टाफ के अनुमान

[37] वस्तुओं और सेवाओं के लिए संयुक्त आयात कवर लगभग नौ महीने का था।

चार्ट IV.14: 40-मुद्रा वास्तविक प्रभावी विनिमय दर में उतार-चढ़ाव



स्रोत: आरबीआई।

वास्तविक प्रभावी शर्तों में, जुलाई में भारतीय रुपये में वृद्धि हुई (चार्ट IV.14ए)। भारत की मुद्रास्फीति (माह-दर-माह आधार पर) उसके प्रमुख व्यापारिक साझेदारों की भारित औसत मुद्रास्फीति से अधिक थी, जो नाममात्र प्रभावी शर्तों में भारतीय रुपये के मूल्यह्रास से अधिक थी (चार्ट IV.14बी)।

V. निष्कर्ष

खरीफ कृषि मौसम के लिए अनुकूल वर्षा और तापमान की स्थिति शुभ संकेत हैं। वास्तविक ग्रामीण मजदूरी में वृद्धि वित्तीय वर्ष की दूसरी छमाही में ग्रामीण माँग को बढ़ावा दे सकती है।38 अनुकूल वित्तीय स्थितियों, ब्याज दरों में कटौती के निरंतर प्रसार, सहायक राजकोषीय उपायों और बढ़ते घरेलू आशावाद के साथ, समग्र माँग को बनाए रखने के लिए वातावरण अनुकूल है। दूसरी ओर, भारत-अमेरिका व्यापार नीतियों से संबंधित निरंतर अनिश्चितताएँ नकारात्मक जोखिम पैदा कर रही हैं। निकट भविष्य के लिए मुद्रास्फीति का दृष्टिकोण पहले के अनुमान से अधिक सौम्य हो गया है। अनुकूल आधार प्रभावों द्वारा समर्थित मंद खाद्य मूल्य दबावों से प्रेरित हेडलाइन मुद्रास्फीति के वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही में धीरे-धीरे बढ़ने से पहले, दूसरी तिमाही में 4 प्रतिशत के लक्ष्य से और नीचे आने की संभावना है। कुल मिलाकर, इस वर्ष औसत हेडलाइन मुद्रास्फीति के लक्ष्य से काफी नीचे रहने की उम्मीद है।39 आगे बढ़ते हुए, मौद्रिक नीति उपयुक्त मौद्रिक नीति पथ तैयार करने के लिए आने वाले आँकड़ों और विकसित हो रही घरेलू विकास-मुद्रास्फीति गतिशीलता पर कड़ी निगरानी बनाए रखेगी।

[38] 6 अगस्त 2025 के मौद्रिक नीति समिति के संकल्प में 2025-26 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है, जिसमें पहली तिमाही में यह 6.5 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 6.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 6.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 6.3 प्रतिशत रहेगी। 2026-27 की पहली तिमाही के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया।

[39] 6 अगस्त 2025 के मौद्रिक नीति समिति के संकल्प में 2025-26 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति 3.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया, जिसमें दूसरी तिमाही में यह 2.1 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 3.1 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.4 प्रतिशत रहेगी। 2026-27 की पहली तिमाही के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया।

अनुलग्नक

चार्ट ए1: वैश्विक आपूर्ति शृंखला दबाव सूचकांक

टिप्पणी: सूचकांक रीडिंग सूचकांक के ऐतिहासिक औसत मान से मानक विचलन को मापता है।
स्रोत: फेडरल रिजर्व बैंक ऑफ न्यूयॉर्क।

चार्ट ए3: उपभोक्ता विश्वास सूचकांक



स्रोत: ग्रामीण एवं शहरी उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण, आरबीआई।

चार्ट ए2: मुद्रास्फीति अंतराल (वास्तविक से लक्ष्य को घटाकर)
(प्रतिशत अंक)



टिप्पणी: यूएस के लिए मुद्रास्फीति यूएस (पीसीई) डेटा पर आधारित है।
स्रोत: ब्लूमबर्ग; और आरबीआई स्टाफ के अनुमान।

चार्ट ए4: भारत का पण्य निर्यात

ए. निर्यात में रुझान

(बिलियन अमेरिकी डॉलर, बायाँ मान, प्रतिशत में वृद्धि, दायाँ मान)



बी: निर्यात वृद्धि में अनुक्रमिक परिवर्तन का अपघटन

(प्रतिशत वर्ष-दर-वर्ष)



स्रोत: पीआईबी; डीजीसीआई &एस; और आरबीआई स्टाफ का अनुमान।

चार्ट ए5: भारत का पण्य आयात

ए. आयात में रुझान

(बिलियन अमेरिकी डॉलर, बायाँ मान, प्रतिशत में वृद्धि, दायाँ मान)



बी. आयात वृद्धि में अनुक्रमिक परिवर्तन का वियोजन

(बिलियन अमेरिकी डॉलर, बायाँ मान, प्रतिशत में वृद्धि, दायाँ मान)



स्रोत: पीआईबी; डीजीसीआई &एस; और आरबीआई स्टाफ का अनुमान

चार्ट ए6: भारत के लिए आपूर्ति शृंखला दबाव का सूचकांक

(औसत मान से मानक विचलन)



टिप्पणी: आईएसपीआई लंबी अवधि के औसत से प्रत्येक माह में आपूर्ति शृंखला के विचलन की ओर इंगित करता है। (समय-शृंखला मार्च 2005 से शुरू)

स्रोत: आरबीआई स्टाफ का अनुमान

चार्ट ए7: पीएमआई - इनपुट और आउटपुट मूल्य

टिप्पणी: 50 का स्तर गतिविधि में 'कोई परिवर्तन नहीं' और 50 से ऊपर की रीडिंग 'विस्तार और उसके विपरीत' की ओर संकेत करता है।
स्रोत: एस&पी

चार्ट ए8: परिवारों की औसत मुद्रास्फीति प्रत्याशा



स्रोत: ग्रामीण उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण; और परिवारों की मुद्रास्फीति प्रत्याशा सर्वेक्षण, आरबीआई।

चार्ट ए9: अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक: ऋण और जमा वृद्धि

(प्रतिशत अंक)



टिप्पणी: अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के डेटा में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का डेटा शामिल है। इस डेटा में एक गैर बैंक का बैंक के साथ विलय का प्रभाव शामिल है।
स्रोत: पाक्षिक सेक्शन 42 रिटर्न्स, आरबीआई।

चार्ट ए10: बैंक ऋण का क्षेत्रीय परिनियोजन

(वर्ष-दर-वर्ष, प्रतिशत)



टिप्पणियाँ: 1. क्षेत्रीय गैर-खाद्य ऋण डेटा क्षेत्रवार और उद्योगवार बैंक ऋण (एसआईबीसी) रिटर्न पर आधारित है, जिसमें चुनिंदा बैंकों को शामिल किया गया है, जो सभी एससीबी द्वारा दिए गए कुल गैर-खाद्य ऋण का लगभग 95 प्रतिशत प्रदान करते हैं। डेटा अनंतिम हैं। एसआईबीसी रिटर्न के अंतर्गत शामिल बैंक समूह हैं: सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, प्राइवेट क्षेत्र के बैंक, विदेशी बैंक और स्माल फ़ाइनेंस बैंक।

2. डेटा में किसी गैर-बैंक के बैंक में विलय का असर शामिल नहीं है।

स्रोत: आरबीआई।

निजी कॉरपोरेट निवेश: 2024-25 में संवृद्धि और 2025-26 के लिए संभावना

स्निग्धा योगिन्द्रन, सुक्ति खांडेकर, राजेश बी कावेडिया और आलोक घोष द्वारा ^

यह आलेख बैंकों और वित्तीय संस्थानों (एफआई) द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं के आधार पर 2024-25 के दौरान भारत में निजी कॉरपोरेट निवेश के इरादों और 2025-26 के लिए संभावनाओं की जांच करता है। बैंकों / एफआई द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं की कुल लागत 2024-25 के लिए ₹3.68 लाख करोड़ है, जो पिछले वर्ष की तुलना में कम है। यह निजी कॉरपोरेट्स के निवेश के प्रति आशावाद को इंगित करता है। सभी चैनलों के माध्यम से वित्तपोषित पाइपलाइन परियोजनाओं के आधार पर, पूंजीगत व्यय 2025-26 में बढ़कर ₹2.67 लाख करोड़ हो जाने की उम्मीद है, जो मजबूत समष्टि आर्थिक बुनियादी ढाँचे, बेहतर बैलेंस शीट, बढ़ती क्षमता उपयोग, सुगम चलनिधि स्थिति, अवसंरचना को प्रोत्साहन और फरवरी 2025 से शुरू होने वाली 100-बीपीएस नीति दर में कटौती से समर्थित है।

परिचय

निजी कॉरपोरेट निवेश भारत के दीर्घकालिक विकास पथ में महत्वपूर्ण योगदानकर्ताओं में से एक बना हुआ है। महामारी के वर्षों के दौरान सुस्त गतिविधियों के बाद, सहायक कारकों के संयोजन से निवेश चक्र में नई जान आ रही है। 2024-25 में, मजबूत जीडीपी वृद्धि, निरंतर अवस्फीति और परिणामस्वरूप अनुकूल मौद्रिक नीति रुख समष्टि आर्थिक पृष्ठभूमि की विशेषता रही। घरेलू अर्थव्यवस्था में 2024-25 में 6.5 प्रतिशत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि के साथ लचीलापन जारी रहेगा, जिससे भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बन जाएगा, जो मजबूत घरेलू माँग और सार्वजनिक अवसंरचना निवेश में निरंतर प्रगति से समर्थित है।

पिछले कुछ वर्षों में, भारतीय कॉरपोरेट जगत बैलेंस शीट सुधार के दौर से गुज़रा है, जिसे डीलीवरेजिंग, बेहतर नकदी प्रवाह और कई क्षेत्रों में मजबूत लाभप्रदता से बढ़ावा मिला है (आरबीआई, एफएसआर, जून 2025)। बैंकिंग क्षेत्र की बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता और प्रचुर चलनिधि ने ऋण परिवेश को और बेहतर बनाया है, जिससे क्षमता विस्तार के लिए वित्तपोषण तक आसान पहुँच संभव हुई है। उच्च-आवृत्ति संकेतकों में हालिया रुझान—जैसे पूंजीगत वस्तुओं का बढ़ता आयात, बेहतर क्षमता उपयोग और कॉरपोरेट बॉण्ड बाजारों में बढ़ता प्रवाह—विभिन्न कंपनियों में नए सिरे से निवेश की इच्छा का संकेत देते हैं। इसके अतिरिक्त, क्षेत्र-विशिष्ट नीतियाँ, जैसे उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाएँ, ऊर्जा संक्रमण निवेश और डिजिटल अवसंरचना विस्तार, कॉर्पोरेट्स को नए निवेश करने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं।

इस सुधार के बीच, इस आलेख का मुख्य उद्देश्य निजी कॉरपोरेट निवेश के उभरते परिदृश्य और उसकी निकट भविष्य की संभावनाओं का आकलन करना है। इस विश्लेषण को कई प्रश्न निर्देशित करते हैं: क्या निवेश की मंशा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है? कौन से क्षेत्र और प्रदेश इस सुधार का नेतृत्व कर रहे हैं? पारंपरिक बैंक ऋण के अलावा वैकल्पिक वित्तपोषण माध्यमों की क्या भूमिका है?

चूँकि कॉरपोरेट बैलेंस शीट को अंतिम रूप देने में समय लगता है, इसलिए कई देश कॉरपोरेट निवेश और संभावित योजना के निकट-अवधि के दृष्टिकोण का आकलन करने के लिए सर्वेक्षण-आधारित दृष्टिकोण अपनाते हैं। ऐसे सर्वेक्षण, निवेश की मात्रा और समय के बारे में प्रमुख जानकारी प्रदान करते हैं जिससे कंपनियों के निवेश इरादों का प्रत्यक्ष आकलन किया जा सके, जिसकी निकट से मध्यम अवधि में साकार होने की उम्मीद है।

भारतीय संदर्भ में, रिज़र्व बैंक निवेश परिदृश्य का आकलन करने के लिए बैंकों/वित्तीय संस्थानों (एफआई) द्वारा वित्त पोषित परियोजनाओं की निगरानी के माध्यम से निजी पूंजीगत

^ लेखक सांख्यिकी एवं सूचना प्रबंध विभाग से हैं। आलेख में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं और भारतीय रिज़र्व बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

व्यय योजनाओं पर नज़र रख रहा है। यह आलेख 2024-25 में निजी कंपनियों द्वारा शुरू की गई पूंजीगत व्यय परियोजनाओं की विशेषताओं, वित्त पोषण पैटर्न, क्षेत्रीय और स्थानीय वितरण, और चरणबद्ध रूपरेखा का विश्लेषण करता है। पाइपलाइन परियोजनाओं[1] से परिकल्पित पूंजीगत व्यय, जो कार्यान्वयन के लिए पहले से शुरू की गई परियोजनाओं को संदर्भित करता है, का भी 2024-25 के लिए अनुमान लगाया गया है। यह आलेख निवेश इरादों का एक समग्र दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिए बैंक/एफआई प्रतिबंधों, बाहरी वाणिज्यिक उधार और इक्विटी निर्गम जैसे कई स्रोतों का उपयोग करता है। प्रस्तावित पूंजीगत व्यय के समय और संरचना पर केंद्रित होते हुए यह आलेख 2025-26 के लिए निवेश चक्र और इसके समष्टि आर्थिक निहितार्थों के बारे में मूल्यवान दूरदर्शी अंतर्दृष्टि प्रदान करता है।

यह आलेख पाँच खंडों में संरचित है। खंड II में कार्यप्रणाली और धारणाओं का विवरण दिया गया है। खंड III में 2024-25 के दौरान बैंकों/वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं की प्रमुख विशेषताओं पर चर्चा की गई है, जिसमें वित्तपोषण पैटर्न और क्षेत्रीय/स्थानीय वितरण शामिल है। खंड IV में चरणबद्ध रूपरेखा का मूल्यांकन और निवेश वृद्धि के अनुमान प्रस्तुत किए गए हैं और खंड V में अध्ययन का समापन किया गया है।

II. कार्यप्रणाली और धारणाएँ

निजी कॉरपोरेट निवेश के अल्प से मध्यम अवधि के परिदृश्य का आकलन करने के लिए, यह अध्ययन रंगराजन (1970)[2] द्वारा विकसित कार्यप्रणाली ढाँचे को अपनाता है। यह विश्लेषण तीन मुख्य डेटा स्रोतों पर आधारित है जो पूंजीगत परियोजनाओं के लिए विविध वित्तपोषण मार्गों को दर्शाते हैं: (i) बैंकों और वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वीकृत निजी कॉरपोरेट पूंजीगत व्यय परियोजनाएँ, (ii) पूंजीगत व्यय से संबंधित बाह्य वाणिज्यिक उधार (ईसीबी), जिनमें विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बॉण्ड (एफसीसीबी) और रुपया-मूल्यवर्ग बॉण्ड (आरडीबी) शामिल हैं, और (iii) पूंजीगत व्यय के उद्देश्य से प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (आईपीओ), अनुवर्ती सार्वजनिक प्रस्ताव (एफपीओ), और अधिकार निर्गमों के माध्यम से जुटाई गई धनराशि।

पूँजी निवेश की दोहरी गणना और उसके परिणामस्वरूप अति-अनुमान से बचने हेतु, यह सुनिश्चित करने के लिए सावधानीपूर्वक प्रयास किए गए हैं कि प्रत्येक परियोजना को डेटासेट में केवल एक बार ही शामिल किया जाए। यह रिज़र्व बैंक के आंतरिक डेटाबेस का उपयोग करके और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा प्रदान की गई जानकारी को शामिल करके प्राप्त किया गया है, भले ही किसी परियोजना को कई स्रोतों से वित्त पोषित किया गया हो। यह अध्ययन विशेष रूप से उन परियोजनाओं पर केंद्रित है जिन्हें उपर्युक्त स्रोतों से वित्तपोषण प्राप्त हुआ है, जिनकी परियोजना लागत ₹10 करोड़ से अधिक है, और परियोजना में निजी कंपनियों की बहुलांश हिस्सेदारी है। केंद्र और/या राज्य सरकारों के पास बहुलांश हिस्सेदारी वाली परियोजनाएँ, और ट्रस्टों और शैक्षणिक संस्थानों द्वारा शुरू की गई परियोजनाएँ इस अध्ययन के दायरे से बाहर हैं।

ये अनुमान इस धारणा के तहत निकाले गए हैं कि कंपनियाँ अपनी प्रत्याशित पूंजीगत व्यय योजनाओं का पालन करती हैं। हालांकि, इस बात पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है कि ये अनुमान विभिन्न कारणों से वास्तविक निवेशों से भिन्न हो सकते हैं, जैसे (ए) नियोजित निवेशों के समय या पैमाने में संशोधन, (बी) वित्तपोषण के पैटर्न में बदलाव—उदाहरण के लिए, ऋण या इक्विटी वित्तपोषण को आंतरिक स्रोतों या एफडीआई से प्रतिस्थापित करना, जो आरबीआई द्वारा एकत्र किए गए परियोजना वित्त डेटा में शामिल नहीं हैं, और (सी) नई परियोजनाओं का उदय या पहले की परियोजनाओं का रद्द होना। इसके अलावा, यह जानने की आवश्यकता है कि आलेख में प्रस्तुत विश्लेषण केवल उन पूंजीगत व्यय परियोजनाओं पर आधारित है जिनके लिए निजी कंपनियों ने वित्तपोषण के लिए बैंकों/वित्तीय संस्थानों से संपर्क किया था और तदनुसार, ये अनुमान निवेश गतिविधि के एक प्रमुख संकेतक के रूप में कार्य करते हैं और निजी कॉरपोरेट स्थिर पूंजी निर्माण के राष्ट्रीय लेखा-आधारित अनुमानों से भिन्न हो सकते हैं।

[1] पाइपलाइन परियोजनाएँ वे परियोजनाएँ हैं जो पहले से ही कार्यान्वयन के लिए शुरू की जा चुकी हैं। पाइपलाइन परियोजनाओं से पूंजीगत व्यय किसी वर्ष के लिए परिकल्पित राशि होती है, जिसे उस वर्ष से पहले स्वीकृत किया गया हो।

[2] यह कार्यप्रणाली 19 दिसंबर, 1970 को इकोनॉमिक एंड पॉलिटिकल वीकली (ईपीडब्ल्यू), खंड संख्या 5, अंक संख्या 51, पृष्ठ 2049-2051 में डॉ. सी. रंगराजन द्वारा लिखित आलेख "फॉरकास्टिंग कैपिटल एक्सपेंडिचर इन द कॉर्पोरेट सैक्टर" में प्रकाशित हुई थी।

III. स्वीकृत/अनुबंधित परियोजनाओं की विशेषताएँ

2024-25 के दौरान, लगभग 907 परियोजनाओं को बैंकों/वित्तीय संस्थाओं से सहायता मिली, जिनकी कुल लागत ₹3,67,973 करोड़ थी, जबकि पिछले वर्ष स्वीकृत 944 परियोजनाओं की कुल लागत ₹3,91,003 करोड़ थी (अनुलग्नक सारणी ए1)।

2024-25 के दौरान, 448 निजी कंपनियों, जिन्होंने पूंजीगत व्यय परियोजनाओं के लिए बैंकों/वित्तीय संस्थाओं से कोई वित्तपोषण नहीं लिया था, ने पूंजीगत व्यय के उद्देश्य से ईसीबी के माध्यम से ₹96,966 करोड़ जुटाए, जबकि 229 अन्य कंपनियों ने अपनी पूंजीगत व्यय आवश्यकताओं के वित्तपोषण के लिए प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (आईपीओ) के तहत घरेलू इक्विटी निर्गमों के माध्यम से ₹32,295 करोड़ जुटाए। कुल मिलाकर, 2024-25 के दौरान 1,584 परियोजनाओं की निवेश योजना बनाई गई, जिसमें ₹4,97,235 करोड़ के निवेश की मंशा थी, जबकि 2023-24 में ₹5,47,734 करोड़ के निवेश की मंशा वाली 1500 परियोजनाएं बनाई गई (अनुलग्नक सारणी ए1 - ए4)।

i) आकार-वार

2024-25 के दौरान, दस मेगा परियोजनाएँ (परियोजना लागत ₹5,000 करोड़ और उससे अधिक) और 75 बड़ी परियोजनाएँ (₹1000 करोड़-₹5000 करोड़), बैंकों/वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वीकृत की गई, जिनकी कुल परियोजना लागत में क्रमशः 25.8 प्रतिशत और 37.2 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। इन मेगा/बड़ी परियोजनाओं का पूंजीगत व्यय की चरणबद्ध योजनाओं से विचलन मध्यम अवधि में समग्र पूंजीगत व्यय पैटर्न को प्रभावित कर सकता है (अनुलग्नक सारणी ए5)।

ii) उद्देश्य-वार

2024-25 के दौरान बैंकों/वित्तीय संस्थाओं द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं की कुल लागत में ग्रीन फील्ड (नई) परियोजनाओं में निवेश का हिस्सा सर्वाधिक लगभग 92 प्रतिशत रहा, जो पूर्व में देखी गई प्रवृत्ति के अनुरूप है। ग्रीन फील्ड निवेश आम तौर पर कंपनियों के लिए नए और अतिरिक्त संसाधन और परिसंपत्तियाँ लाता है और सकल स्थिर पूँजी निर्माण (जीएफसीएफ) को बढ़ावा देता है। इस प्रकार, ग्रीन फील्ड परियोजनाओं में अधिक निवेश भविष्य में निजी कंपनियों द्वारा संभावित क्षमता विस्तार की ओर इशारा करता है। मौजूदा परियोजनाओं[3] के विस्तार और आधुनिकीकरण में निवेश का कुल परियोजना लागत में 7.8 प्रतिशत हिस्सा रहा (अनुलग्नक सारणी ए6)।

iii) उद्योग-वार

2024-25 के दौरान स्वीकृत परियोजनाओं का उद्योग-वार वितरण दर्शाता है कि अवसंरचना क्षेत्र[4] परियोजनाओं की

चार्ट 1: बैंक/ वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं की समग्र लागत में प्रमुख उद्योगों का हिस्सा

(प्रतिशत)



स्रोत: बैंक/ वित्तीय संस्थाओं से एकत्रित परियोजना- वित्त डेटा; और आरबीआई स्टाफ का अनुमान

[3] मौजूदा परियोजनाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण में निवेश आम तौर पर उत्पादन और/या इसकी गुणवत्ता में सुधार के लिए मौजूदा प्रौद्योगिकी/प्रक्रियाओं के उन्नयन के लिए आवश्यक निवेश से संबंधित होता है।

कुल लागत में 50.6 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ प्रमुख क्षेत्र बना रहा, जो मुख्य रूप से 'बिजली' में निवेश से प्रेरित है, उसके बाद 'सड़क और पुल' (अनुलग्नक सारणी ए7) का स्थान है। हालाँकि, परियोजनाओं की कुल लागत में अवसंरचना से संबंधित परियोजनाओं की हिस्सेदारी पिछले दस वर्षों में सबसे कम थी। अवसंरचना के अलावा, अन्य प्रमुख उद्योगों में, रसायन और कीटनाशक, निर्माण, इलैक्ट्रिकल उपकरण, और धातु और धातु उत्पादों का भी परियोजनाओं की कुल लागत में बड़ा हिस्सा है (चार्ट 1 और अनुलग्नक सारणी 7)।

iv) राज्य-वार

स्थानीय कारक, जैसे कच्चे माल की पहुँच, आपूर्तिकर्ताओं की उपलब्धता, कुशल श्रम की उपलब्धता, पर्याप्त अवसंरचना का होना, बाजार का आकार, विकास क्षमता और माँग की स्थितियाँ, निवेश के लिए गंतव्य चुनने में महत्वपूर्ण रहते हैं। विश्लेषण के उद्देश्य से, इस आलेख में, कई राज्यों में फैली परियोजनाओं को "बहु-राज्य" परियोजनाओं के रूप में वर्गीकृत किया गया है। स्वीकृत परियोजनाओं के राज्यवार वितरण से पता चला है कि शीर्ष पाँच राज्य, अर्थात् गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश, 2024-25 के दौरान परियोजनाओं की कुल लागत में लगभग 60 प्रतिशत हिस्सेदारी रखते हैं। गुजरात, महाराष्ट्र और राजस्थान की हिस्सेदारी पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय रूप से सुधरी है (चार्ट 2 और अनुलग्नक सारणी ए8)।

IV. निवेश इरादों की चरणबद्ध रूपरेखा

वित्त वर्ष 2024-25 के अंत तक बैंकों/वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं के पूंजीगत व्यय की चरणबद्ध रूपरेखा, निजी निगमों के निकट-अवधि (एक वर्ष आगे) निवेश परिदृश्य को दर्शाती है। 2024-25 में स्वीकृत परियोजनाओं के समूह से चरणबद्ध रूपरेखा यह दर्शाती है कि कुल प्रस्तावित पूंजीगत व्यय का 39.3 प्रतिशत (₹1,44,782 करोड़) वर्ष 2024-25 के अंत तक निवेश करने की योजना थी, जबकि 35.2 प्रतिशत (₹1,29,591 करोड़) 2025-26 में और 25.4 प्रतिशत (₹93,600 करोड़) बाद की अवधि में खर्च करने की योजना है। 2024-25 तक बैंकों/वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं की चरणबद्ध रूपरेखा के आधार पर, परिकल्पित पूंजीगत व्यय में पिछले वर्ष की तुलना में 2024-25 के दौरान 0.4 प्रतिशत की मामूली वृद्धि के साथ ₹2,95,234 करोड़ दर्ज किया गया (अनुलग्नक सारणी ए1)।

निजी कंपनियों द्वारा ईसीबी और आईपीओ के माध्यम से जुटाए गए संसाधन उनकी निवेश गतिविधियों के वित्तपोषण

चार्ट 2: बैंक/ वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं की समग्र लागत में प्रमुख राज्यों का हिस्सा
(प्रतिशत)



स्रोत: बैंक/ वित्तीय संस्थाओं से एकत्रित परियोजना- वित्त डेटा; और आरबीआई स्टाफ का अनुमान

[4] अवसंरचना क्षेत्र में (ए) बिजली, (बी) दूरसंचार, (सी) बंदरगाह और हवाई अड्डे, (दी) भंडारण और जल प्रबंधन, (ई) विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड), औद्योगिक, जैव प्रौद्योगिकी और आईटी पार्क, और (एफ) सड़कें और पुल शामिल हैं।

के पूरक हैं। 2024-25 और उससे पहले की अवधि के दौरान पूंजीगत व्यय के उद्देश्य से ईसीबी के माध्यम से जुटाई गई धनराशि से, 2024-25 के दौरान किए जाने वाले नियोजित पूंजीगत व्यय ₹1,00,747 करोड़ के मजबूत स्तर पर बने रहे, हालाँकि यह पिछले वर्ष की तुलना में कम रहा। साथ ही, पूंजीगत व्यय के उद्देश्य से आईपीओ के माध्यम से जुटाई गई धनराशि से नियोजित पूंजीगत व्यय 2024-25 में उल्लेखनीय रूप से बढ़कर ₹18,943 करोड़ हो गया, हालाँकि कुल परिकल्पित पूंजीगत व्यय में इसका हिस्सा नगण्य रहा (अनुलग्नक सारणी ए2 और ए3)।

कुल मिलाकर, वित्त पोषण के विभिन्न चैनलों के आधार पर, जैसा कि पहले बताया गया है, 2024-25 में निजी कॉरपोरेट क्षेत्र द्वारा कुल ₹4,14,923 करोड़ का पूंजी निवेश किया जाना था, जो मोटे तौर पर पिछले वर्ष के दौरान नियोजित पूंजीगत व्यय के समान था। संदर्भ वर्ष से पहले के वर्षों में बैंकों/वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वीकृत पाइपलाइन परियोजनाओं के आधार पर परिकल्पित पूंजीगत व्यय की चरणबद्ध रूपरेखा दर्शाती है कि परिकल्पित पूंजी निवेश 2024-25 में ₹1,68,204 करोड़ से बढ़कर 2025-26 में ₹1,91,073 करोड़ हो गया; जबकि वित्त पोषण के सभी चैनलों को मिलाकर, यह 2024-25 के ₹2,20,132 करोड़ की तुलना में 2025-26 में ₹2,67,432 करोड़ है (अनुलग्नक सारणी ए1 और ए4)।

V. निष्कर्ष

परियोजना वित्त डेटा का विश्लेषण निवेश के प्रति कम आशावाद की ओर इशारा करता है, जैसा कि पिछले वर्ष की तुलना में 2024-25 के दौरान परियोजनाओं की कुल लागत में कमी से परिलक्षित होता है। अवसंरचना क्षेत्र ने परिकल्पित पूंजी निवेश का बड़ा हिस्सा आकर्षित करना जारी रखा, जिसका नेतृत्व 'विद्युत' क्षेत्र कर रहा है। 2024-25 के दौरान बैंकों/वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं की कुल लागत में से, 39.3 प्रतिशत वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंत तक निवेश करने की योजना थी, 35.2 प्रतिशत 2025-26 के लिए प्रदान किया गया है और शेष 25.4 प्रतिशत बाद के वर्षों में निवेश करने की परिकल्पना की गई है। तीनों चैनलों के माध्यम से वित्तपोषित पाइपलाइन परियोजनाओं की चरणबद्ध रूपरेखा बताती है कि परिकल्पित पूंजीगत व्यय 2024-25 के ₹2,20,132 करोड़ से बढ़कर 2025-26 में ₹2,67,432 करोड़ हो सकता है।

वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद, भारतीय कंपनियाँ नए वित्तीय वर्ष में बेहतर बैलेंस शीट, ज़्यादा नकदी भंडार, बेहतर लाभप्रदता और विविध वित्तपोषण स्रोतों तक बेहतर पहुँच के साथ प्रवेश कर रही हैं। अवसंरचना के लिए निरंतर नीतिगत प्रोत्साहन, निरंतर अवस्फीति, कम ब्याज दरों, सुगम चलनिधि स्थितियों और बढ़ते क्षमता उपयोग के साथ, निजी निवेश के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा दे रहे हैं।

भविष्य की ओर देखते हुए, निवेश परिदृश्य सतर्कतापूर्वक आशावादी बना हुआ है। जहाँ भू-राजनीतिक तनाव, वैश्विक अनिश्चितता और माँग में मंदी जैसे बाहरी जोखिम निवेश की भावना को प्रभावित कर सकते हैं, वहीं घरेलू बुनियादी ढाँचे मज़बूत दिखाई दे रहे हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि निवेश की संरचना—मुख्यतः ग्रीनफ़ील्ड अवसंरचना परियोजनाओं द्वारा संचालित—न केवल चक्रीय सुधार, बल्कि संरचनात्मक क्षमता निर्माण का भी संकेत देती है। कंपनियों के इरादों को क्रियान्वयन में बदलने की क्षमता भारत के विकास के अगले चरण को आकार देने में महत्वपूर्ण होगी। इसलिए, परियोजना कार्यान्वयन की निरंतर निगरानी और सहायक नीतिगत उपाय इस गति को स्थायी आर्थिक लाभ में बदलने के लिए महत्वपूर्ण होंगे।

संदर्भ:

C Rangarajan (1970). Forecasting Capital Expenditure in the Corporate Sector. *Economic and Political Weekly (EPW)*, Volume No. 5, Issue No. 51, Page 2049-2051.

RBI (2025). Financial Stability Report, June. Retrieved from https://rbidocs.rbi.org.in/rdocs/PublicationReport/Pdfs/0FSRJUNE20253006258AE798B4484642AD861CC35BC2CB3D8E.PDF

सारणी ए1: बैंकों/वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं के पूंजीगत व्यय का चरणबद्ध निर्धारण

स्वीकृति वर्ष ↓	परियो-जनाओं की संख्या	स्वीकृति वर्ष में परियोजना लागत (₹ करोड़)	संशोधन/निरस्त करने के कारण परियोजना लागत^ (₹ करोड़)	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26	से आगे 2025-26
	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17
तक				1,70,603	93658	34172	14421	4722	1472								
2013-14																	
2014-15	326	87,601	87,253 (0.4)	14,920	34,589	25,765	9,535	1,246	162	1,036							
2015-16	346	95,371	91,781 (3.8)	3,787	7,434	37,517	28,628	8,079	4,964	1,152	220						
2016-17	541	1,82,807	1,79,249 (2.0)	1,352	3,952	25,388	71,186	41,075	21,643	8,566	4,001	2,086					
2017-18	485	1,72,831	1,68,239 (2.6)		620	15,184	12,445	63,001	41,436	22,767	10,202	2,342	242				
2018-19	409	1,76,581	1,59,189 (9.8)			569	6,862	11,000	59,973	47,080	21,248	9,759	2,663	35			
2019-20	320	2,00,038	1,75,83 (12.1)					4,049	14,524	53,978	58,556	28,116	14,114	2,299	194		
2020-21	220	75,558	75,558 (0.0)						2,491	3,709	29,013	26,166	9,711	3,867	601		
2021-22	401	1,43,314	1,42,111 (0.8)							3,610	10,543	59,622	44,306	18,447	3,541	1,646	396
2022-23	547	2,66,547	2,66,621 (0.0)							1,127	2,150	16,663	87,996	92,539	47,942	15,338	2,865
2023-24	944	3,90,978	3,91,003 (0.0)								2,235	6,783	39,455	1,63,608	1,15,926	44,499	18,497
2024-25	907	3,67,973										1,476	3,073	13,204	1,27,029	1,29,591	93,600
कुल योग &				**1,90,662**	**1,40,253**	**1,38,595**	**1,43,077**	**1,33,172**	**1,46,665**	**1,43,025**	**1,38,169**	**1,53,013**	**2,01,561**	**2,93,999**	**2,95,234**	**1,91,073**	**1,15,358**
प्रतिशत परिवर्तन					**-26.4**	**-1.2**	**3.2**	**-6.9**	**10.1**	**-2.5**	**-3.4**	**10.7**	**31.7**	**45.9**	**0.4**	**#**	

&: कॉलम का योग किसी विशेष वर्ष में परिकल्पित पूंजीगत व्यय को दर्शाता है, जिसमें विभिन्न वर्षों में वित्तीय सहायता प्राप्त परियोजनाओं को शामिल किया गया है। यह अनुमान पूर्व-निर्धारित है और इसमें केवल परिकल्पित निवेश शामिल हैं। ये वास्तव में प्राप्त/उपयोग किए गए निवेशों से भिन्न हैं।

#: 2025-26 के लिए प्रतिशत परिवर्तन की गणना नहीं की गई है क्योंकि 2025-26 में स्वीकृत होने वाले संभावित प्रस्ताव का पूंजीगत व्यय अभी उपलब्ध नहीं है।

^: कोष्ठक में दिए गए आंकड़े संशोधन/निरस्तीकरण का प्रतिशत हैं।

सारणी ए2: ईसीबी/एफसीसीबी/आरडीबी के माध्यम से वित्तपोषित पूंजीगत व्यय परियोजनाओं का चरणबद्ध विकास*

स्वीकृति वर्ष ↓	जारी किए गए LRN की संख्या	कुल दिया गया ऋण (₹ करोड़)	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26	2025-26 से आगे
	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
2013-14 तक			78,864	27,376	4,896											
2014-15	478	57,327		36,791	16,806	3,151	575	2	2							
2015-16	314	38,885			28,998	7,311	2,572	4								
2016-17	346	22,154				14,953	6,005	1,192	2	2						
2017-18	419	37,896					17,822	13,054	6,484	529	7					
2018-19	515	72,490						46,221	17,725	1,236	5,398	1,844	66			
2019-20	495	95,491							65,367	17,157	11,717	965	285			
2020-21	362	40,564								21,865	13,574	3,219	1,675	231		
2021-22	363	51,059								13	29,315	16,554	5,089	89		
2022-23	393	81,101										33,927	31,785	14,438	950	
2023-24	433	1,50,421											76,336	34,178	21,169	18,738
2024-25	448	96,966											12	51,811	40,660	4,483
कुल योग &			**78,864**	**64,167**	**50,700**	**25,415**	**26,974**	**60,473**	**89,580**	**40,802**	**60,011**	**56,509**	**1,15,248**	**1,00,747**	**62,779**	**23,221**
प्रतिशत परिवर्तन				**-18.6**	**-21.0**	**-49.9**	**6.1**	**124.2**	**48.1**	**-54.5**	**47.1**	**-5.8**	**103.9**	**-12.6**	**#**	

*: वे परियोजनाएँ जिन्हें बैंकों/वित्तीय संस्थाओं से सहायता नहीं मिली।
**: रुपया मूल्यवर्ग बॉण्ड (आरडीबी) को 2016-17 से शामिल किया गया है।
#: 2025-26 के लिए प्रतिशत परिवर्तन की गणना नहीं की गई है क्योंकि 2025-26 में निकाले जाने वाले संभावित प्रस्तावों का पूंजीगत व्यय अभी उपलब्ध नहीं है।
&: अनुमान पूर्व-निर्धारित है जिसमें केवल परिकल्पित निवेश शामिल है। ये वास्तव में प्राप्त/उपयोग किए गए निवेश से भिन्न हैं।
LRN: ऋण पंजीकरण संख्या।

सारणी ए3: इक्विटी निर्गमों के माध्यम से वित्तपोषित परियोजनाओं के पूंजीगत व्यय का चरणबद्ध निर्धारण*

के दौरान जारी की गई ↓	कंपनियों की संख्या	अनुमानित पूंजीगत व्यय (₹करोड़)	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26	2025-26 से आगे
	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
2013-14 तक			494	492	70											
2014-15	24	1,078		189	557	332										
2015-16	40	4,511		11	644	2,753	849	183	71							
2016-17	29	1,159			14	471	368	163	143							
2017-18	51	1,538					419	327	787	5						
2018-19	39	609						506	90	13						
2019-20	12	53						2	49	2						
2020-21	12	663								139	421	84	19			
2021-22	27	3,410								10	757	1,304	939	400		
2022-23	42	3,629										1,172	2,181	276		
2023-24	123	6,310										58	2,999	2,316	937	
2024-25	229	32,295											199	15,951	12,643	3,503
कुल योग &			**494**	**692**	**1,285**	**3,556**	**1,636**	**1,181**	**1,140**	**169**	**1,178**	**2,618**	**6,337**	**18,943**	**13,580**	**3,503**
प्रतिशत परिवर्तन				**40.1**	**85.7**	**176.7**	**-54.0**	**-27.8**	**-3.5**	**-85.2**	**597.0**	**122.2**	**142.1**	**198.9**	**#**	

*: वे परियोजनाएं जिन्हें बैंकों/वित्तीय संस्थाओं/ईसीबी/एफसीसीबी/आरडीबी से सहायता नहीं मिली।
#: 2025-26 के लिए प्रतिशत परिवर्तन की गणना नहीं की गई है क्योंकि 2025-26 में लागू होने वाले प्रस्तावों का पूंजीगत व्यय अभी तक उपलब्ध नहीं है
।&: अनुमान पूर्व-निर्धारित है जिसमें केवल परिकल्पित निवेश शामिल है, वे वास्तव में प्राप्त/उपयोग किए गए निवेश से भिन्न हैं।

सारणी ए4: बैंकों/वित्तीय संस्थाओं/आईपीओ/ईसीबी/एफसीसीबी/आरडीबी*/आईपीओ के माध्यम से वित्तपोषित परियोजनाओं के पूंजीगत व्यय का चरणबद्ध निर्धारण

स्वीकृति का वर्ष ↓	कंपनियों या बैंकों/एफआई/ईसीबी/एफसीसीबी/आरडीबी/आईपीओ की संख्या	परयोजना लागत (₹ करोड़)	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26	2025-26 से आगे
	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
2013-14 तक			2,49,961	1,21,526	39,138	14,421	4,722	1,472								
2014-15	828	1,46,006	14,920	71,569	43,128	13,018	1,821	164	1,038							
2015-16	700	1,38,767	3,787	7,445	67,159	38,692	11,500	5,151	1,223	220						
2016-17	916	2,06,120	1,352	3,952	25,402	86,610	47,448	22,998	8711	4,003	2,086					
2017-18	955	2,12,265		620	15,184	12,445	81,242	54,817	30038	10,736	2,349	242				
2018-19	963	2,49,680			569	6,862	11,000	1,06,700	64895	22,497	15,157	4,507	101			
2019-20	827	2,95,582					4,049	14,526	119,394	75,715	39,833	15,079	2,584	194		
2020-21	594	1,16,785						2,491	3709	51,017	40,161	13,014	5,561	832		
2021-22	791	1,96,580							3,610	10,566	89,694	62,164	24,475	4,030	1,646	396
2022-23	982	3,51,351							1,127	2,150	16,663	1,23,095	1,26,505	62,656	16,288	2,865
2023-24	1,500	5,47,734								2,235	6,783	39,513	2,42,943	1,52,420	66,604	37,235
2024-25	1,584	4,97,235									1,476	3,073	13,415	1,94,791	1,82,895	1,01,586
कुल योग&			**270,020**	**2,05,112**	**1,90,580**	**1,72,048**	**1,61,782**	**2,08,319**	**2,33,745**	**1,79,139**	**2,14,202**	**2,60,688**	**4,15,583**	**4,14,923**	**2,67,432**	**1,42,082**
प्रतिशत परिवर्तन				**-24.0**	**-7.1**	**-9.7**	**-6.0**	**28.8**	**12.2**	**-23.4**	**19.6**	**21.7**	**59.4**	**-0.2**	**#**	

*: रुपया मूल्यवर्ग बॉण्ड (आरडीबी) को 2016-17 से शामिल किया गया है।

#: 2025-26 के लिए प्रतिशत परिवर्तन की गणना नहीं की गई है क्योंकि 2025-26 में स्वीकृत होने वाले प्रस्तावों का पूंजीगत व्यय अभी तक उपलब्ध नहीं है।

&: अनुमान पूर्व-निर्धारित है जिसमें केवल परिकल्पित निवेश शामिल है, वे वास्तव में प्राप्त/उपयोग किए गए निवेश से भिन्न हैं।

सारणी ए5: बैंकों/वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं का आकार-वार वितरण: 2013-14 से 2024-25

अवधि	परियोजनाओं की संख्या और हिस्सेदारी	₹100 करोड़ से कम	₹100 करोड़ से ₹500 करोड़	₹500 करोड़ से ₹1000 करोड़	₹1000 करोड़ से ₹5000 करोड़	₹5000 करोड़ और उससे अधिक	कुल
2013-14	परियोजनाओं की संख्या	306	115	25	21	5	**472**
	प्रतिशत शेयर	8.3	20.0	13.9	29.1	28.7	**100 (1,27,328)**
2014-15	परियोजनाओं की संख्या	223	65	18	19	1	**326**
	प्रतिशत शेयर	9.0	16.6	14.6	47.8	12.0	**100 (87,253)**
2015-16	परियोजनाओं की संख्या	214	76	34	21	1	**346**
	प्रतिशत शेयर	8.6	20.9	26.0	38.5	5.9	**100 (91,781)**
2016-17	परियोजनाओं की संख्या	287	180	29	40	5	**541**
	प्रतिशत शेयर	5.8	23.3	11.9	41.7	17.4	**100 (1,79,239)**
2017-18	परियोजनाओं की संख्या	263	149	28	42	3	**485**
	प्रतिशत शेयर	5.2	21.0	10.8	43.8	19.1	**100 (1,68,239)**
2018-19	परियोजनाओं की संख्या	220	110	39	36	4	**409**
	प्रतिशत शेयर	4.8	17.0	17.0	39.6	21.6	**100 (1,59,189)**
2019-20	परियोजनाओं की संख्या	150	84	45	36	5	**320**
	प्रतिशत शेयर	3.3	11.9	18.6	37.4	28.8	**100 (1,75,830)**
2020-21	परियोजनाओं की संख्या	128	52	15	24	1	**220**
	प्रतिशत शेयर	5.5	16.8	14.2	53.5	10.0	**100 (75,558)**
2021-22	परियोजनाओं की संख्या	201	125	37	36	2	**401**
	प्रतिशत शेयर	5.6	19.7	20.0	46.9	7.9	**100 (1,42,111)**
2022-23	परियोजनाओं की संख्या	267	158	50	64	8	**547**
	प्रतिशत शेयर	3.9	13.8	13.9	41.3	27.1	**100 (2,66,621)**
2023-24	परियोजनाओं की संख्या	484	265	107	77	11	**944**
	प्रतिशत शेयर	4.6	16.6	20.0	37.1	21.7	**100 (3,91,003)**
2024-25	परियोजनाओं की संख्या	502	234	86	75	10	**907**
	प्रतिशत शेयर	5.2	14.8	17.1	37.2	25.8	**100 (3,67,973)**

टिप्पणी: i . कोष्ठक में दिए गए आंकड़े परियोजनाओं की कुल लागत (करोड़ रुपये में) दर्शाते हैं।
ii. प्रतिशत हिस्सा परियोजनाओं की कुल लागत में हिस्सेदारी है। पूर्णांकन के कारण प्रतिशत का कुल योग 100 नहीं हो सकता है।

सारणी ए6: 2013-14 से 2024-25 के दौरान बैंकों/वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं का उद्देश्य-वार वितरण

अवधि	संख्या और परियोजनाओं का हिस्सा	नया	विस्तार & आधुनिकीकरण	विविधता	अन्य	कुल
2013-14	परियोजनाओं की संख्या	361	95	2	14	**472**
	प्रतिशत शेयर	65.2	20.1	-	14.7	**100 (1,27,328)**
2014-15	परियोजनाओं की संख्या	203	92	2	29	**326**
	प्रतिशत शेयर	39.4	14.7	0.2	45.7	**100 (87,253)**
2015-16	परियोजनाओं की संख्या	260	64	3	19	**346**
	प्रतिशत शेयर	73.6	14.3	0.1	12.0	**100 (91,781)**
2016-17	परियोजनाओं की संख्या	429	97	4	11	**541**
	प्रतिशत शेयर	78.6	9.9	0.1	11.3	**100 (1,79,249)**
2017-18	परियोजनाओं की संख्या	396	80	2	7	**485**
	प्रतिशत शेयर	89.0	9.5	0.1	1.5	**100 (1,68,239)**
2018-19	परियोजनाओं की संख्या	309	80	-	20	**409**
	प्रतिशत शेयर	76.8	19.3	-	3.9	**100 (1,59,189)**
2019-20	परियोजनाओं की संख्या	262	37	1	20	**320**
	प्रतिशत शेयर	79.8	13.7	-	6.4	**100 (1,75,830)**
2020-21	परियोजनाओं की संख्या	181	38	1	-	**220**
	प्रतिशत शेयर	94.1	5.9	-	-	**100 (75,558)**
2021-22	परियोजनाओं की संख्या	312	88	1	-	**401**
	प्रतिशत शेयर	89.1	10.8	0.1	0.0	**100 (1,42,111)**
2022-23	परियोजनाओं की संख्या	440	101	-	6	**547**
	प्रतिशत शेयर	93.1	6.1	-	0.8	**100 (2,66,621)**
2023-24	परियोजनाओं की संख्या	767	167	4	6	**944**
	प्रतिशत शेयर	89.1	8.7	0.1	2.2	**100 (3,91,003)**
2024-25	परियोजनाओं की संख्या	734	162	5	6	**907**
	प्रतिशत शेयर	91.6	7.8	0.1	0.5	**100 (3,67,973)**

टिप्पणी: i . कोष्ठक में दिए गए आंकड़े परियोजनाओं की कुल लागत (करोड़ रुपये में) दर्शाते हैं।

ii. प्रतिशत हिस्सा परियोजनाओं की कुल लागत में हिस्सा है। पूर्णांकन के कारण प्रतिशत का योग 100 नहीं हो सकता।

iii. -: शून्य/नगण्य।

सारणी ए7: बैंकों/वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं का उद्योगवार वितरण : 2013-14 से 2024-25

Industry	2013-14		2014-15		2015-16		2016-17		2017-18		2018-19		2019-20		2020-21		2021-22		2022-23		2023-24		2024-25	
	परियोजनाओं की संख्या	प्रतिशत शेयर	परियोजनाओं की संख्या	प्रतिशत शेयर	परियोजनाओं की संख्या	प्रतिशत शेयर	परियोजनाओं की संख्या	प्रतिशत शेयर	परियोजनाओं की संख्या	प्रतिशत शेयर	परियोजनाओं की संख्या	प्रतिशत शेयर	परियोजनाओं की संख्या	प्रतिशत शेयर	परियोजनाओं की संख्या	प्रतिशत शेयर	परियोजनाओं की संख्या	प्रतिशत शेयर	परियोजनाओं की संख्या	प्रतिशत शेयर	परियोजनाओं की संख्या	प्रतिशत शेयर	परियोजनाओं की संख्या	प्रतिशत शेयर
आधारभूत संरचना	87	39.7	74	48.9	108	72.0	204	62.5	150	51.7	122	60.3	99	61.5	63	74.3	95	56.3	135	60.0	245	55.5	207	50.6
i) पावर	70	35.1	65	42.2	92	57.1	170	45.4	117	36.5	78	26.8	47	32.9	35	49.3	58	29.0	53	20.3	139	24.4	146	39.7
ii) दूरसंचार	1	-	1	4.9	1	0.3	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	1	0.6	-	-
iii) बंदरगाह और हवाई अड्डे	1	0.8	-	-	3	2.4	8	5.7	6	3.1	4	14.2	4	8.4	1	0.1	2	5.9	2	0.4	9	4.8	3	0.6
iv) भंडारण और जल प्रबंधन	5	1.1	2	0.6	4	4.2	6	3.7	2	0.4	13	5.7	4	0.4	5	1.2	2	0.2	3	0.8	4	0.0	8	0.2
v) एसईजेड, औद्योगिक, बायोटेक और आईटी पार्क	8	1.5	3	0.9	1	0.4	2	0.4	9	1.6	11	3.2	8	1.3	5	2.2	3	1.1	8	1.9	10	0.5	8	1.2
vi) सड़कें और पुल	2	1.2	3	0.3	7	7.6	17	7.3	16	10.1	16	10.4	36	18.5	17	21.5	30	20.2	69	36.5	82	25.2	42	8.9
धातु और धातु उत्पाद	44	17.4	17	17.4	14	1.5	23	4.9	21	9.7	16	3.0	14	0.8	6	0.8	27	4.3	60	14.6	71	9.3	68	4.6
निर्माण	27	2.1	29	4.0	26	1.8	60	12.0	39	5.3	26	2.3	44	11.4	27	4.8	22	7.4	35	4.0	56	8.0	57	5.6
इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स	9	2.0	7	0.2	2	0.2	9	0.2	6	0.2	1	0.1	4	-	1	0.1	5	4.0	9	1.1	15	4.4	28	4.6
खाद्य उत्पाद	43	1.8	34	2.9	26	1.8	38	0.9	47	2.8	28	1.4	32	1.9	20	1.5	25	1.7	40	2.5	107	3.0	86	2.6
रसायन और कीटनाशक	15	1.0	7	2.6	11	1.6	10	2.1	23	11.4	19	2.9	12	1.3	9	1.6	20	3.4	16	2.3	33	2.9	24	7.9
वस्त्र	58	10.3	50	4.1	49	4.8	57	4.1	54	3.7	27	3.4	11	0.5	15	1.8	56	4.5	42	2.8	58	2.2	38	1.2
परिवहन सेवाएं	14	0.5	5	0.6	10	1.2	12	0.4	16	4.1	5	0.2	14	1.4	1	0.1	19	2.5	21	0.6	35	2.1	46	2.1
कोक और पेट्रोलियम उत्पाद	1	0.5	1	3.4	2	2.0	2	0.5	1	0.4	-	-	3	8.0	-	-	7	1.0	17	1.1	28	1.6	23	1.8
सीमेंट	12	7.1	7	3.8	5	1.9	5	2.3	3	0.6	10	5.1	2	0.1	5	1.3	3	3.3	2	0.8	11	1.3	4	1.0
परिवहन उपकरण और पुर्जे	14	1.0	7	5.3	4	2.5	9	3.6	10	0.3	5	0.8	5	0.4	2	0.3	5	0.4	16	0.6	12	1.2	16	1.8
खनन और उत्खनन	1	0.6	2	0.1	10	2.7	4	0.4	1	-	-	-	-	-	-	-	1	0.1	7	1.8	11	1.2	9	2.2
होटल और रेस्तरां	22	2.2	15	1.1	16	1.1	12	0.8	29	2.9	26	1.9	16	1.7	4	2.9	12	0.9	13	0.4	58	1.1	61	1.5
दवाइयों	19	1.3	9	1.5	11	0.3	12	1.1	15	0.6	23	1.6	9	0.6	7	0.5	20	1.3	30	2.1	29	0.8	42	1.0
अस्पताल और स्वास्थ्य सेवाएं	10	0.7	2	0.1	1	-	22	1.1	18	1.8	15	2.6	12	0.7	7	0.3	19	2.3	20	1.1	25	0.7	34	1.5
रबर और प्लास्टिक उत्पाद	9	0.3	8	0.8	4	0.5	8	0.2	10	2.5	5	0.5	5	0.3	17	2.1	12	0.8	13	0.8	24	0.7	35	1.9
आईटी सॉफ्टवेयर	3	0.1	1	-	1	-	-	-	1	-	2	0.7	1	-	-	-	2	0.6	4	1.2	4	0.6	10	3.9
अन्य*	84	11.4	51	3.2	46	4.1	54	2.9	41	2.0	79	13.3	37	9.3	36	7.6	51	5.1	67	2.3	122	3.5	119	4.2
कुल	**472**	**100**	**326**	**100**	**346**	**100**	**541**	**100**	**485**	**100**	**409**	**100**	**320**	**100**	**220**	**100**	**401**	**100**	**547**	**100**	**944**	**100**	**907**	**100**
कुल परियोजना लागत ₹ करोड़ में	**1,27,328**		**87,253**		**91,781**		**1,79,249**		**1,68,239**		**1,59,189**		**1,75,830**		**75,558**		**1,42,111**		**2,66,621**		**3,91,003**		**3,67,973**	

*: इसमें कागज़ और कागज़ उत्पाद, कृषि और संबंधित गतिविधियाँ, विद्युत और गैर-विद्युत मशीनरी का निर्माण, कांच और मिट्टी के बर्तन, चीनी और संबंधित उत्पाद, मनोरंजन, सेवाओं का व्यापार, मुद्रण और प्रकाशन, अन्य विनिर्माण और अन्य सेवाएँ जैसे उद्योग शामिल हैं।

टिप्पणी: i . प्रतिशत हिस्सा परियोजना की कुल लागत में हिस्सा है। पूर्णांकन के कारण प्रतिशत का योग 100 नहीं हो सकता।

ii. -: शून्य/नगण्य।

सारणी ए8: बैंकों/वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं का राज्यवार वितरण: 2013-14 से 2024-25

राज्य	2013-14		2014-15		2015-16		2016-17		2017-18		2018-19		2019-20		2020-21		2021-22		2022-23		2023-24		2024-25	
	परियोजनाओं की संख्या	प्रतिशत शेयर	परियोजनाओं की संख्या	प्रतिशत शेयर	परियोजनाओं की संख्या	प्रतिशत शेयर	परियोजनाओं की संख्या	प्रतिशत शेयर	परियोजनाओं की संख्या	प्रतिशत शेयर	परियोजनाओं की संख्या	प्रतिशत शेयर	परियोजनाओं की संख्या	प्रतिशत शेयर	परियोजनाओं की संख्या	प्रतिशत शेयर	परियोजनाओं की संख्या	प्रतिशत शेयर	परियोजनाओं की संख्या	प्रतिशत शेयर	परियोजनाओं की संख्या	प्रतिशत शेयर	परियोजनाओं की संख्या	प्रतिशत शेयर
गुजरात	66	14.5	71	9.5	61	15.1	102	23.0	71	8.0	56	11.1	47	15.1	54	17.1	82	11.7	82	14.0	154	14.7	152	21.4
महाराष्ट्र	76	19.7	38	14.8	36	9.4	57	8.8	65	23.3	34	11.5	41	6.9	13	8.5	44	9.6	48	7.9	93	11.7	111	15.1
कर्नाटक	39	6.2	27	5.4	21	6.2	52	6.8	64	9.6	34	5.7	33	17.2	11	6.1	24	6.9	37	7.3	61	11.1	60	6.2
आंध्र प्रदेश	37	4.0	24	8.1	33	12.3	47	8.0	22	9.9	29	11.1	12	4.0	7	15.0	11	2.1	27	4.4	51	10.1	28	9.3
उतार प्रदेश।	21	1.1	20	5.4	15	2.5	22	3.7	30	2.4	28	4.8	24	5.4	30	13.7	33	12.7	45	16.2	69	7.6	78	7.1
ओडिशा	10	11.7	5	15.9	6	3.1	6	3.1	5	3.0	9	1.4	6	1.9	2	0.1	9	2.2	12	11.8	23	6.7	18	4.6
तेलंगाना	-	-	-	-	10	3.8	51	5.5	17	1.9	26	9.1	12	4.0	9	1.9	16	3.4	30	1.9	40	4.1	42	2.8
राजस्थान	24	1.4	29	11.1	10	0.9	23	2.8	33	6.3	21	7.7	23	3.8	21	17.1	32	12.6	22	3.1	61	3.6	45	7.3
झारखंड	4	0.3	2	0.7	5	0.3	1	0.0	3	0.3	2	0.5	4	9.4	1	0.2	6	0.8	12	1.9	17	3.4	7	1.3
मध्य प्रदेश	30	6.1	14	3.9	21	7.0	18	7.5	10	0.7	12	1.6	10	1.2	19	2.8	18	4.2	35	5.0	56	3.4	41	2.7
छत्तीसगढ	16	10.7	8	7.4	8	4.6	15	4.0	7	4.8	6	0.9	6	0.2	3	1.2	4	0.8	8	1.4	26	3.3	24	1.1
तमिलनाडु	33	5.4	27	2.9	26	9.3	23	4.4	28	6.6	32	12.8	28	8.3	7	0.7	40	8.8	44	4.7	83	3.0	73	4.7
बिहार	6	0.2	4	0.1	6	0.2	4	0.2	3	0.1	6	0.4	6	3.4	1	0.0	5	3.4	6	1.6	13	2.6	11	0.9
पश्चिम बंगाल	12	1.2	9	1.3	14	3.1	18	1.7	14	1.8	13	1.1	7	0.9	3	0.4	11	2.6	16	1.0	28	2.3	34	2.3
जम्मू और कश्मीर	10	5.2	2	0.1	9	0.2	3	0.1	8	2.0	11	0.4	3	0.3	5	0.2	5	0.2	23	3.1	36	1.9	54	3.8
पंजाब	28	1.5	6	0.3	11	1.7	29	2.1	31	2.2	15	1.9	9	0.8	4	0.7	15	2.2	21	2.5	34	1.6	28	1.5
हरयाणा	15	1.1	11	1.9	16	3.6	13	1.6	21	0.5	18	1.7	20	3.4	15	7.8	14	2.0	14	1.0	25	1.5	20	0.6
दिल्ली	5	0.4	2	0.1	1	0.1	5	0.3	6	1.2	8	1.3	3	0.5	2	0.1	3	0.6	12	0.4	10	1.2	14	0.3
असम	4	0.3	2	0.2	4	0.4	10	0.6	5	0.8	4	0.2	1	0.3	3	4.4	2	0.0	6	0.7	13	0.9	14	1.2
हिमाचल प्रदेश	3	1.8	3	0.1	8	1.4	1	0.0	8	2.3	7	0.3	6	0.1	4	0.2	7	1.2	11	2.2	10	0.3	9	0.1
केरल	3	0.0	4	0.2	4	0.1	6	2.7	3	0.1	6	0.9	3	1.0	-	-	5	4.2	12	0.9	11	0.2	12	0.3
गोवा	-	-	-	-	1	0.0	3	0.6	2	1.9	3	1.8	2	0.1	-	-	3	3.0	3	0.8	4	0.1	3	0.6
उत्तराखंड	5	0.1	5	0.2	2	0.1	11	0.4	6	0.4	9	0.4	5	0.1	2	0.1	2	0.4	5	0.1	8	0.1	14	0.3
बहु-राज्य #	21	6.9	10	9.5	13	13.5	17	11.8	16	7.5	15	9.8	8	11.7	2	1.4	7	4.0	10	5.5	12	4.4	9	4.5
अन्य*	4	0.2	3	0.9	5	1.1	4	0.3	7	2.4	5	1.7	1	0.0	2	0.3	3	0.3	6	0.3	6	0.3	6	0.1
कुल	**472**	**100**	**326**	**100**	**346**	**100**	**541**	**100**	**485**	**100**	**409**	**100**	**320**	**100**	**220**	**100**	**401**	**100**	**547**	**100**	**944**	**100**	**907**	**100**
परियोजनाओं की कुल लागत (करोड़ रुपये में)	**1,27,328**		**87,253**		**91,781**		**1,79,249**		**1,68,239**		**1,59,189**		**1,75,830**		**75,558**		**142,111**		**2,66,621**		**3,91,003**		**3,67,973**	

#: इसमें कई राज्यों की परियोजनाएँ शामिल हैं।

*: इसमें शेष राज्य/केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं।

टिप्पणी: i . प्रतिशत हिस्सा परियोजना की कुल लागत में हिस्सा है। पूर्णांकन के कारण प्रतिशत का योग 100 नहीं हो सकता।

ii. -: शून्य/नगण्य।

भारत के बचत परिदृश्य में बदलाव लाते इक्विटी म्यूचुअल फंड

मयंक गुप्ता, सत्यम कुमार, अभिनंदन बोराद, सुब्रत कुमार सीत और प्रतिभा केडिया द्वारा ^

यह आलेख भारत में इक्विटी म्यूचुअल फंड प्रवाह के निर्धारकों की जांच करता है तथा पिछले एक दशक में इक्विटी-उन्मुख आस्तियों की ओर खुदरा निवेशकों के व्यवहार में आए बदलाव पर प्रकाश डालता है। मशीन लर्निंग तकनीकों का उपयोग करते हुए, अनुभवजन्य विश्लेषण से पता चलता है कि बढ़ता वित्तीय समावेशन (डीमैट खातों द्वारा प्रदर्शित), सावधि जमा दरें, और कारोबारी विश्वास - इक्विटी म्यूचुअल फंड प्रवाह को आकार देने वाले तीन सबसे प्रभावशाली कारक हैं। ग्रेंजर कॉज़ालिटी विश्लेषण से आगे पता चलता है कि वास्तविक जीडीपी वृद्धि इन प्रवाहों का पूर्वानुमान लगाने में मदद करती है, जो यह दर्शाता है कि आर्थिक प्रदर्शन निवेशकों के व्यवहार को कैसे प्रभावित करता है। यह आलेख भारत में खुदरा निवेशकों की बढ़ती समझ और दीर्घकालिक रुझान को रेखांकित करता है। हालिया वृद्धि के बावजूद, उन्नत अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत का म्यूचुअल फंड उद्योग अपेक्षाकृत छोटा है, जो भविष्य में विस्तार की महत्वपूर्ण संभावनाओं का संकेत देता है।

परिचय

खुदरा निवेशक पारंपरिक बचत साधनों की तुलना में इक्विटी निवेश को अधिक पसंद कर रहे हैं, जो भारत में वित्तीय परिदृश्य को नया रूप दे रहा है। यदि इक्कीसवीं सदी के दौरान भारत के वित्तीय क्षेत्र में हुए महत्वपूर्ण विकास घटनाक्रमों का वर्णन करना हो, तो म्यूचुअल फंड (एमएफ) की उल्लेखनीय वृद्धि निःसंदेह एक प्रमुख बिंदु होगा। घरेलू क्षेत्र की सकल वित्तीय बचत में एमएफ की हिस्सेदारी 2011-12 के 0.9 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 6 प्रतिशत हो गई (चार्ट 1ए)। एमएफ, घरेलू निवेशकों के लिए इक्विटी बाज़ारों में निवेश करने का पसंदीदा माध्यम बनकर उभरे हैं [1] (चार्ट 1बी)।

पिछले कुछ दशकों में, भारत में म्यूचुअल फंड ने काफी लोकप्रियता हासिल की है, जिसका श्रेय आय के स्तर में वृद्धि, वित्तीय साक्षरता के बढ़ते स्तर, युवा जनसांख्यिकीय संरचना, डिजिटल पारितंत्र और इंटरनेट कनेक्टिविटी के व्यापक विकास तथा एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के नेतृत्व में विपणन पहलों की सफलता को दिया जा सकता है, जिससे विश्वास का निर्माण हुआ है। एमएफ उद्योग की प्रबंधनाधीन आस्तियां (एयूएम) मार्च 2010 के अंत में ₹6.1 लाख करोड़ से बढ़कर मार्च 2025 के अंत में 17.1 प्रतिशत की संमिश्र वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) पर ₹65.7 लाख करोड़ हो गई है। भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और व्यापार संबंधी अनिश्चितताओं के कारण हाल के समय में भारतीय इक्विटी बाजारों में अत्यधिक अस्थिरता के बावजूद, सुनियोजित निवेश योजनाओं (एसआईपी) के माध्यम से मासिक प्रवाह नए सर्वोच्च स्तर दर्ज कर रहा है, जो जून 2025 में ₹27,000 करोड़ के आंकड़े को पार कर गया है।

म्यूचुअल फंड में शीर्ष 30 (T30[2]) शहरों[3] की तुलना में छोटे शहरों (30 या B-30 केंद्रों से परे) से नए एसआईपी खातों में उच्च वृद्धि के साथ-साथ ही महिलाओं की अधिक भागीदारी भी देखने को मिल रही है - उद्योग आस्तियों में उनकी हिस्सेदारी मार्च 2017 के 15 प्रतिशत से बढ़कर दिसंबर 2023 तक लगभग

^ लेखक आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग से हैं। इस आलेख में व्यक्त विचार स्वयं लेखकों के हैं और भारतीय रिज़र्व बैंक के विचारों को नहीं दर्शाते हैं।

[1] वर्तमान घरेलू वित्तीय बचत आँकड़े, केवल प्राथमिक बाज़ार से इक्विटी में होने वाले प्रवाह को ही दर्शाते हैं। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (2024) ने द्वितीयक बाजार के प्रवाह को शामिल करके और कतिपय पद्धतिगत सुधारों को लागू करके एक विस्तृत विश्लेषण किया। इन समायोजनों के बावजूद, निष्कर्ष बताते हैं कि म्यूचुअल फंडों में प्रवाह - प्राथमिक और द्वितीयक, दोनों बाज़ारों के माध्यम से इक्विटी में होने वाले संयुक्त प्रवाह से काफी अधिक है।

[2] टी30 (टॉप-30) भारत के शीर्ष 30 भौगोलिक स्थानों को संदर्भित करता है और बी30 (बियोंड 30) शीर्ष 30 से इतर स्थानों को संदर्भित करता है। टी30 शहरों की सूची https://www.amfiindia.com/research-information/aum-data/listoftop30cities पर देखी जा सकती है।

[3] https://www.business-standard.com/markets/stock-market-news/sip-soars-beyond-city-limits-small-towns-lead-in-account-additions-123112600539_1.html

चार्ट 1: घरेलू बचत का वित्तीयकरण



स्रोत: एमओएसपीआई, आरबीआई एवं लेखक की गणना।

21 प्रतिशत हो गई है। इस बदलाव का एक और उत्साहजनक पहलू यह है कि महिलाओं की भागीदारी की वृद्धि की गति छोटे शहरों में अधिक महत्वपूर्ण है - बी-30 शहरों में महिलाओं के फोलियो और आस्तियों की हिस्सेदारी इसी अवधि के दौरान 15 प्रतिशत और 17 प्रतिशत से बढ़कर क्रमशः 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत हो गई है।[4] भारत में एमएफ में महिला निवेशकों की प्रबंधनाधीन आस्तियां (एयूएम) मार्च 2019 के ₹4.59 लाख करोड़ के दोगुने से अधिक हो कर मार्च 2024 में ₹11.25 लाख करोड़ हो गई[5]। ऐसे समय में जब इक्विटी बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की हिस्सेदारी धीरे-धीरे ही सही, कम हो रही है, घरेलू इक्विटी बाजारों में म्यूचुअल फंडों का स्वामित्व अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर है। आने वाले वर्षों में घरेलू म्यूचुअल फंड उद्योग की पूर्वानुमानित तीव्र वृद्धि को देखते हुए, इस प्रवृत्ति के और सुदृढ़ होने की उम्मीद है [6]। ऐसे माहौल में, म्यूचुअल फंडों, विशेष रूप से इक्विटी-उन्मुख म्यूचुअल फंड, जिन्होंने खुदरा निवेशकों का पर्याप्त ध्यान आकर्षित किया है, में धन के अंतर्वाह को प्रभावित करने वाले कारकों और घरेलू वित्तीय बाजारों पर इसके प्रभावों की बारीकी से जाँच करना आवश्यक है।

इस पृष्ठभूमि में, वर्तमान अध्ययन 'रैंडम फॉरेस्ट' जैसी मशीन लर्निंग तकनीकों का उपयोग करके भारत में इक्विटी म्यूचुअल फंड में प्रवाह के प्रमुख निर्धारकों की जाँच करने का प्रयास करता है। जब डेटा गैर-रैखिक और परस्पर क्रियाशील प्रभाव प्रदर्शित करता है, तो रैखिक मॉडलों की तुलना में रैंडम फ़ॉरेस्ट विशेषताओं के बीच जटिल परस्पर क्रियाओं को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में सक्षम होता है। इस अभ्यास में विभिन्न संभावित चैनलों की खोज शामिल है, जैसे कि वैकल्पिक निवेश के अवसरों पर तुलनात्मक प्रतिफल, बचत का बढ़ता वित्तीयकरण, तथा वित्तीय बाजारों और कारोबारी वातावरण का समग्र दृष्टिकोण।

आलेख का शेष भाग इस प्रकार व्यवस्थित है: भाग II में इक्विटी म्यूचुअल फंड और हाल के रुझानों पर शोधपरक तथ्यों पर चर्चा की गई है। भाग III में इक्विटी म्यूचुअल फंडों पर उपलब्ध साहित्य की समीक्षा की गई है। भाग IV में इक्विटी म्यूचुअल फंडों में अंतर्वाह के निर्धारकों का विश्लेषण और म्यूचुअल फंड प्रवाह और वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के बीच संबंध का आकलन शामिल है। अंत में, भाग V में समापन टिप्पणियाँ प्रस्तुत की गई हैं।

[4] https://www.amfiindia.com/Themes/Theme1/downloads/AMFI_womensDay_Mar2024.pdf

[5] https://www.amfiindia.com/Themes/Theme1/downloads/AMFIFactbook%202024.pdf

[6] https://www.mordorintelligence.com/industry-reports/india-mutual-fund-industry

II. भारत में एमएफ उद्योग के शोधपरक तथ्य

म्यूचुअल फंडों में बढ़ती रुचि का अंदाजा निवेशक खातों की संख्या में वृद्धि से लगाया जा सकता है, जो दिसंबर 2014 से लगभग छह गुना बढ़कर मार्च 2025 तक 23.5 करोड़ तक पहुँच गए हैं। उल्लेखनीय है कि इनमें से 91.7 प्रतिशत खाते खुदरा निवेशकों के हैं (चार्ट 2ए और 2बी)। वर्ष 2024 में विशिष्ट म्यूचुअल फंड निवेशकों की संख्या पाँच करोड़ का आंकड़ा पार कर गई [7]।

निवेश के लिहाज से, म्यूचुअल फंड, बैंक जमाराशियों के एक संभावित प्रतिस्पर्धी के रूप में उभर रहे हैं, विशेषकर भारत में महत्वाकांक्षी मध्यम वर्ग के बीच। कुल जमाराशियों की तुलना में म्यूचुअल फंड उद्योग के एयूएम का अनुपात मार्च 2014 के अंत में लगभग 10 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2024 के अंत में 23.8 प्रतिशत हो गया है (चार्ट 3ए)। हालिया उच्च-वृद्धि चरण के बावजूद, म्यूचुअल फंडों के पास अभी भी आधिपत्य जमाने के लिए एक विशाल क्षेत्र है। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में म्यूचुअल फंडों की आस्तियों का उनकी जीपीडी के प्रतिशत के रूप में हिस्सा, भारत की तुलना में अधिक है (चार्ट 3बी)।

घरेलू इक्विटी बाजारों के शानदार प्रदर्शन और खुदरा निवेशकों से इक्विटी-उन्मुख निधियों में निरंतर अंतर्वाह के समर्थन से इक्विटी एमएफ, गैर-इक्विटी निधियों की तुलना में तेजी से बढ़े हैं, इक्विटी एयूएम मार्च 2010 के अंत में ₹2.1 लाख करोड़ से बढ़कर मार्च 2025 के अंत में ₹34.5 लाख करोड़ हो गया है (चार्ट 4ए और 4बी)।

इक्विटी की ओर खुदरा निवेशकों का झुकाव इस तथ्य में भी परिलक्षित होता है कि सभी एमएफ खातों का लगभग दो-तिहाई इक्विटी-उन्मुख आस्तियों पर केंद्रित है। निवेशक खातों की संख्या में वृद्धि के साथ-साथ एसआईपी में भी वृद्धि हुई है। भारतीय एमएफ के पास जून 2025 के अंत में लगभग 9.2 करोड़ एसआईपी खाते थे, जिनके माध्यम से निवेशकों ने नियमित रूप से भारतीय एमएफ योजनाओं में निवेश किया। जबकि निवेशक खातों की संख्या में वृद्धि - लघु निवेशकों के बीच एमएफ की बढ़ती लोकप्रियता को इंगित करती है, वहीं एसआईपी निवेश में एक दीर्घकालिक वृद्धि खुदरा निवेशकों की बढ़ती समझ का प्रमाण है (चार्ट 5ए)। दो ध्रुवीकरण प्रवृत्तियों यथा, इक्विटी डेरिवेटिव के

चार्ट 2: म्यूचुअल फंड (एमएफ) उद्योग खाते



स्रोत: एएमएफआई।

[7] https://www.business-standard.com/markets/mutual-fund/mf-investor-count-crosses-50-million-after-10-million-additions-in-a-year-124102501213_1.html

[8] जमाराशियों में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) के पास जमाराशियाँ, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और शहरी सहकारी बैंकों के पास सार्वजनिक जमाराशियाँ शामिल हैं।

चार्ट 3: खुदरा निवेशकों के बीच लोकप्रियता हासिल कर रहे म्यूचुअल फंड



स्रोत: आरबीआई, सेबी, विश्व बैंक एवं लेखकों की गणना।

माध्यम से अल्पकालिक व्यापार और एसआईपी के माध्यम से दीर्घकालिक निवेश के लिए पसंद ने एक साथ गति पकड़ी है। यह ध्यान देने योग्य है कि जहां डेरिवेटिव ट्रेडिंग में खुदरा निवेशकों के नुकसान की चिंता रही है [9], वहीं खुदरा निवेशकों के एक वर्ग ने अधिक धैर्य दिखाया है, जो इस तथ्य से परिलक्षित होता है कि खुदरा निवेशकों ने 24 महीने से अधिक की अवधि के लिए (मार्च 2025 के अंत तक) 61 प्रतिशत इक्विटी एमएफ आस्तियाँ धारित की हैं (चार्ट 5बी)। इक्विटी के साथ खुदरा निवेशकों का जुड़ाव मजबूत होने के संकेत दे रहा है क्योंकि यह हिस्सा (दो वर्ष से अधिक समय तक इक्विटी आस्तियों को धारित करने वाले खुदरा निवेशक) मार्च 2023 के अंत और मार्च 2024 के अंत में क्रमशः 44.9 प्रतिशत और 53.3 प्रतिशत था। ऐसा लगता है कि

चार्ट 4: इक्विटी-उन्मुख म्यूचुअल फंड्स में वृद्धि ने डेट फंड्स को पीछे छोड़ दिया है



टिप्पणी: अन्य में संतुलन/संकर/समाधान-उन्मुख योजनाएं शामिल हैं।
स्रोत: एएमएफआई एवं लेखक की गणना।

[9] https://www.sebi.gov.in/reports-and-statistics/research/jul-2025/comparative-study-of-growth-in-equity-derivatives-segment-vis-vis-cash-market-after-recent-measures_95105.html

चार्ट 5: खुदरा निवेशकों की बढ़ती परिपक्वता





टिप्पणी: धारिता अवधि में सभी श्रेणी के निवेशकों से संबंधित डेटा शामिल है। डेटा मार्च 2025 के अंत तक का है।
स्रोत: एएमएफआई।

एमएफ ने लघु निवेशकों को दीर्घावधि के लिए निवेशित रहने के लिए सफलतापूर्वक राजी कर लिया है।

जैसा कि ऊपर चर्चा की गई है, मेट्रो शहरों से परे इक्विटी के लिए बढ़ती प्राथमिकता के संकेत हैं, जैसा कि टियर-2 और टियर-3 शहरों से नए डीमैट खाते खोलने की संख्या में वृद्धि से पता लगता है[10]। हालांकि छोटे शहर इक्विटी के लिए रुचि विकसित करने के शुरुआती चरण में हैं, और अधिकांश प्रवाह अभी भी कुछेक राज्यों से ही आता है, पर स्पष्ट परिवर्तन देखे जा सकते हैं। इक्विटी-उन्मुख एमएफ के संबंध में, अकेले महाराष्ट्र के अंतर्गत एयूएम का एक चौथाई से अधिक हिस्सा है। घनी आबादी वाले उत्तरी और पूर्वी राज्यों की हिस्सेदारी अपेक्षाकृत कम है (चार्ट 6ए)। हालांकि, एयूएम में वृद्धि दर पर एक नज़र

चार्ट 6: इक्विटी उन्मुख म्यूचुअल फंड की प्रबंधनाधीन आस्तियों (AUM) का भौगोलिक वितरण





टिप्पणी: गहरे रंग उच्च मानों को दर्शाते हैं। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख का डेटा जम्मू और कश्मीर के साथ मिला दिया गया है।
स्रोत: एएमएफआई एवं लेखक की गणना।

[10] प्रवासी श्रमिकों द्वारा अपना पता अद्यतन न करने के कारण, आंकड़ों में इस प्रवृत्ति को थोड़ा बढ़ा-चढ़ाकर बताया जा सकता है।

डालने से पता चलता है कि पिछड़े राज्यों ने गति पकड़ने की प्रवृत्ति दिखाई है (चार्ट 6बी)।

बाजार विनियामक और उद्योग निकाय ने टी30 शहरों से परे एमएफ के विस्तार को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया है। जून 2025 के अंत तक, एमएफ उद्योग की 18 प्रतिशत आस्तियों के स्रोत बी30 स्थल रहे हैं। छोटे शहरों में म्यूचुयल फंड को लोकप्रिय बनाने के लिए, एमएफ वितरकों को उच्च कमीशन प्रदान करने के लिए बी30 शहरों से ₹2 लाख तक के नए अंतर्वाह पर 0.3 प्रतिशत का अतिरिक्त व्यय अनुपात प्रभार लगा सकते हैं।[11] हाल के वर्षों में, एमएफ में प्रत्यक्ष निवेश को सक्षम करने वाले डिजिटल प्लेटफॉर्म के विकास के बावजूद, खुदरा निवेशक वितरकों के माध्यम से निवेश करना चाहते हैं जो प्रशासनिक सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। केवल 27 प्रतिशत खुदरा निवेशकों ने सीधे निवेश करना चुना (जून 2025 के अंत तक 29 प्रतिशत इक्विटी योजना आस्तियां प्रत्यक्ष मार्ग से आयी)। कॉरपोरेट घराने और एचएनआई बड़े शहरों में केंद्रित हैं, और इस प्रकार, टी30 स्थलों में अधिकांश गैर-इक्विटी आस्तियां हैं (चार्ट 7)।

चार्ट 7: आस्ति मिश्रण (जून 2025 के अंत तक)

(प्रतिशत)



स्रोत: एएमएफआई।

[11] सेबी ने प्रोत्साहन तंत्र के कार्यान्वयन के तरीके में दुरुपयोग, विसंगतियों और कमियों के कारण 1 मार्च 2023 से अगले निदेशों तक प्रोत्साहन योजना को रोक दिया है।

चार्ट 8: एमएफ की कुल धारिता (मार्च 2025)



टिप्पणी: अन्य में इक्विटी-भारत में असूचीबद्ध, खजाना बिल, सावधि, मीयादी और मार्जिन जमा, कमोडिटी, वैकल्पिक निवेश निधियाँ एवं भू-संपदा निवेश न्यास (रीट्स)/अवसंरचना निवेश न्यास (इन्विट्स) शामिल हैं।
स्रोत: प्राइम डेटाबेस।

इक्विटी, एमएफ के लिए सबसे महत्वपूर्ण निवेश वर्ग है, तथा बैंकिंग एवं वित्त क्षेत्र में एमएफ इक्विटी निवेश का एक-चौथाई से भी अधिक हिस्सा संलग्न है (चार्ट 8)।

म्यूचुअल फंड की ओर बढ़ते प्रवाह के साथ, पिछले एक दशक में घरेलू इक्विटी में उनका स्वामित्व काफी बढ़ा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में सूचीबद्ध कंपनियों में म्यूचुअल फंड की शेयरधारिता मार्च 2010 के अंत के 3.7 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2025 के अंत में 10.4 प्रतिशत हो गई है (चार्ट 9)।

कंपनियों में बढ़ती शेयरधारिता और पर्याप्त मताधिकार शक्ति के साथ, म्यूचुअल फंड की यह सुनिश्चित करने की ज़िम्मेदारी बढ़ जाती है कि जिन कंपनियों में वे निवेश करते हैं, वे कॉरपोरेट अभिशासन के सिद्धांतों का पालन करें। यह सुनिश्चित करने के लिए कि म्यूचुअल फंड अपनी नेतृत्वकारी भूमिका से पीछे न हटें और अपने यूनिटधारकों के सर्वोत्तम हित में मतदान करें, सेबी ने 1 अप्रैल 2021 की प्रभावी तिथि से, म्यूचुअल फंडों को कॉरपोरेट अभिशासन से लेकर उन कंपनियों की पूंजी संरचना[12], जिनमें वे निवेश करते हैं, में बदलाव करने तक कई संकल्पों पर मतदान करने के लिए अनिवार्य कर दिया है। दिशानिर्देशों में बदलाव के बाद, म्यूचुअल फंडों ने कॉरपोरेट संकल्पों पर

[12] https://www.sebi.gov.in/legal/circulars/mar-2021/circular-on-guidelines-for-votes-cast-by-mutual-funds_49405.html

चार्ट 9: एनएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों में म्यूचुअल फंड्स की शेयरधारिता बढ़ी है

(प्रतिशत)



स्रोत: प्राइम डेटाबेस।

मतदान में अधिक सक्रिय और विविध भागीदारी दिखाई है, जो संकल्प के 'विरुद्ध' मतदान के बड़े अंश में भी परिलक्षित होता है। कॉरपोरेट संकल्प के विरुद्ध मतदान करने वाले म्यूचुअल फंडों की हिस्सेदारी 2014-15 के 4.4 प्रतिशत से बढ़कर 2024-25 में 11.9 प्रतिशत हो गई है, जबकि संकल्पों पर मतदान से परहेज करने वाले म्यूचुअल फंडों की हिस्सेदारी 2014-15 के 21.5 प्रतिशत से घटकर 2024-25 में 0.2 प्रतिशत हो गई है।

दुनिया भर में निष्क्रिय निवेश में बढ़ती रुचि एक और उल्लेखनीय प्रवृत्ति रही है। मॉर्निंगस्टार के अनुसार, वर्ष 2024 की स्थिति में निष्क्रिय निवेश, दुनिया भर में दीर्घावधि आस्तियों का 43.5 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करते हैं, जो वर्ष 2023 के अंत से 3.2 प्रतिशत की वृद्धि है[13]। निष्क्रिय निधियों को घरेलू निवेशकों के बीच भी पसंद किया गया है, उद्योग की आस्तियों के प्रतिशत के रूप में निष्क्रिय निधियों की हिस्सेदारी मार्च 2019 के 6.1 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2024 में 17 प्रतिशत हो गई है[14]। 2024-25 के दौरान, पैसिव फंड/एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में ₹1.4 लाख करोड़ का निवल प्रवाह देखा गया, जिसका प्रमुख कारण घरेलू ईटीएफ और घरेलू इंडेक्स फंड में अंतर्वाह रहा। इक्विटी-उन्मुख ईटीएफ में संस्थागत प्रवाह द्वारा समर्थित सबसे बड़ा हिस्सा है [15] (चार्ट 10)।

म्यूचुअल फंड घरेलू निवेशकों को अंतरराष्ट्रीय इक्विटी में निवेश करने और विविधीकरण के लाभ प्राप्त करने के अवसर भी प्रदान करते हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान घरेलू इक्विटी से

चार्ट 10: निष्क्रिय निधियों (पैसिव फंड्स) की वृद्धि



टिप्पणी: अन्य निष्क्रिय निधियों में आय/कर्ज-उन्मुख ईटीएफ, गोल्ड ईटीएफ, सिल्वर ईटीएफ, निष्क्रिय निधियों में विदेशों में निवेश करने वाले फंड ऑफ फंड्स, इक्विटी-उन्मुख इंडेक्स फंड (अंतरराष्ट्रीय इंडेक्स फंड), इक्विटी-उन्मुख ईटीएफ (अंतरराष्ट्रीय ईटीएफ), आय/कर्ज-उन्मुख सूचकांक निधियाँ (लक्ष्य पर परिपक्वता वाली सूचकांक निधियों के अलावा), सक्रिय निधियों में विदेशों में निवेश करने वाले फंड ऑफ फंड्स, आय/कर्ज उन्मुख इंडेक्स फंड [लक्ष्य पर परिपक्वता वाली सूचकांक निधियाँ (इंडेक्स फंड)] शामिल हैं।
स्रोत: एएमएफआई एवं लेखक की गणना।

[13] https://www.morningstar.com/business/insights/research/global-asset-flows-report

[14] https://www.amfiindia.com/Themes/Theme1/downloads/AMFIFactbook%202024.pdf

[15] ईपीएफओ बीएसई-सेंसेक्स एवं निफ्टी50- सूचकांकों की अनुकृति करने वाले ईटीएफ के माध्यम से इक्विटी बाजारों में निवेश करता है।

चार्ट 11: म्यूचुअल फंड के माध्यम से विदेशी निवेश



स्रोत: सेबी और आरबीआई।

परे देखने का चलन बढ़ा। हालाँकि, घरेलू इक्विटी बाजारों के बेहतर निष्पादन और म्यूचुअल फंड उद्योग के विदेशी निवेश के लिए अधिकतम स्वीकार्य सीमा के करीब पहुँचने के कारण हाल के समय में इसमें कुछ कमी आयी है (चार्ट 11ए)। म्यूचुअल फंड के माध्यम से विदेशी निवेश पर प्रतिबंध, अनजाने में निवेशकों का रुख उदारीकृत विप्रेषण योजना (एलआरएस) जैसे वैकल्पिक मार्गों की ओर मोड़ सकते हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय इक्विटी में संभावित रूप से और अधिक जोखिमपूर्ण एक्सपोजर देखा जा सकता है (चार्ट 11बी)।

म्यूचुअल फंड योजनाओं के पुनर्वर्गीकरण ने निवेशकों को योजनाओं के अंतिम निवेश जगत के बारे में अधिक स्पष्टता प्रदान की है। फ्लेक्सी-कैप [16] फंडों ने ओपन-एंडेड इक्विटी योजनाओं में पर्याप्त निवल अंतर्वाह देखा है, संभवतः इन योजनाओं द्वारा प्रदान किए गए अधिक लचीलेपन के कारण, जबकि सेक्टोरल/थीमैटिक फंड [17] में 2024-25 में तेजी आई (चार्ट 12)।

निरंतर एमएफ अंतर्वाह ने एफपीआई बहिर्वाह से उपजी अस्थिरता के विरुद्ध इक्विटी बाजार को सहारा देने में मदद की है। घरेलू बाजारों को प्रभावित करने की एमएफ की क्षमता मजबूत हुई है। अनुभवजन्य साक्ष्य दर्शाते हैं कि एमएफ प्रवाह स्मॉल और मिडकैप सेगमेंट[18] में इक्विटी बाजार के रिटर्न को प्रभावित करते हैं। व्यापक बाजारों में पिछले कुछ वर्षों में निवेशकों की रुचि बढ़ी है, जिसमें मिडकैप और स्मॉलकैप फंड, वर्ष 2024-25 में ओपन-एंडेड इक्विटी-उन्मुख एमएफ में निवल अंतर्वाह का लगभग पांचवां

चार्ट 12: ओपन-एंडेड इक्विटी योजनाओं में निवेश

(₹ हजार करोड़)



टिप्पणी: अन्य में डिविडेंड यील्ड फंड, वैल्यू फंड/कॉन्ट्रा फंड, फोकस्ड फंड और इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम (ईएलएसएस) शामिल हैं।
स्रोत: एएमएफआई।

[16] सेबी ने नवंबर 2020 में इस श्रेणी को एक ओपन-एंडेड डाइनैमिक इक्विटी स्कीम के रूप में पेश किया, जो लार्ज कैप, मिड कैप, स्मॉल कैप शेयरों में निवेश करती है।

[17] https://www.cnbctv18.com/personal-finance/mutual-funds-thematic-schemes-rise-in-inflows-returns-should-you-invest-19424553.htm

[18] https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_ViewBulletin.aspx?Id=22189

चार्ट 13: मिडकैप और स्मॉलकैप योजनाओं में प्रवाह

(कुल प्रवाह का प्रतिशत)

टिप्पणी: प्रवाह डेटा केवल कुल प्रवाह के प्रतिशत के रूप में ओपन-एंडेड इक्विटी-उन्मुख योजनाओं से संबंधित है। 2020-21 में ओपन-एंडेड इक्विटी-उन्मुख योजनाओं से निवल बहिर्वाह हुआ, जिसमें से 26.1 प्रतिशत मिडकैप और स्मॉल-कैप योजनाओं से था।

स्रोत: सेबी और लेखक की गणना।

हिस्सा हैं (चार्ट 13)। एमएफ द्वारा धारित स्मॉल और मिडकैप शेयरों का बाजार मूल्य मार्च 2025 के अंत में लगभग ₹14 लाख करोड़ [19] था, जो एमएफ की इक्विटी धारिताओं/होल्डिंग्स के एक-चौथाई हिस्से से अधिक था। स्मॉल और मिडकैप खंडों में अपेक्षाकृत कम चलनिधि के मद्देनजर, तीव्र गिरावट की स्थिति में, म्यूचुअल फंडों को निकासी (redemption) दबावों के कारण बड़े चलनिधि जोखिमों का सामना करना पड़ सकता है, जिससे वित्तीय बाजारों के अन्य खंडों पर दबाव पड़ सकता है। स्मॉल और मिडकैप फंडों के निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए, सेबी ने म्यूचुअल फंडों से निवेशकों की सुरक्षा के लिए उचित और सक्रिय उपाय करने का निर्देश दिया है। इसके लिए वे अंतर्वाहों को नियंत्रित करने, पोर्टफोलियो को पुनर्संतुलित करने जैसे उपायों का उपयोग करें तथा यह सुनिश्चित करें कि बड़े पैमाने पर निकासी की स्थिति में, निवेशकों को पहले बेचने/निकासी करने वाले 'फर्स्ट मूवर एडवांटेज' से बचाया जाए। इसके अलावा, बाजार विनियामक ने इन इक्विटी योजनाओं के लिए चलनिधि दबाव परीक्षणों को नियमित कर दिया है, जो 'डेट' योजनाओं के लिए पहले से ही नियमित रूप से किया जाता रहा है।[20]

[19] प्राइम एमएफ डेटाबेस से डेटा का उपयोग करके की गई गणना के अनुसार।

[20] https://www.msn.com/en-in/news/other/latest-stress-test-shows-this-about-small-cap-mutual-funds-check-details-here/ar-AA1FMddc?ocid=BingNewsSerp

III. साहित्य समीक्षा

म्यूचुअल फंड में प्रवाह को प्रभावित करने वाले कारकों को समझना महत्वपूर्ण है क्योंकि ये प्रवाह उपभोक्ता बचत पैटर्न, व्यक्तिगत धन और निवेश निर्णयों को दर्शाते हैं। ये निधि प्रबंधकों (फंड मैनेजर्स) के प्रोत्साहनों को भी प्रभावित करते हैं, निवेशक व्यवहार को प्रकट करते हैं, और वित्तीय बाजारों की समग्र दक्षता को प्रभावित करते हैं (फर्सन एवं किम, 2012; कोप्स एवं अन्य, (2015)। म्यूचुअल फंड प्रवाह पर पिछले अध्ययनों में व्यष्टि और समष्टि, दोनों दृष्टिकोणों का उपयोग किया गया है। सूक्ष्म/व्यष्टि दृष्टिकोण वैयक्तिक म्यूचुअल फंड में प्रवाह के विश्लेषण पर केंद्रित है, जबकि समष्टि दृष्टिकोण समग्र रूप से म्यूचुअल फंड उद्योग में कुल अंतर्वाह और बहिर्वाह की जाँच करता है (एलेक्साकिस एवं अन्य, 2005, 2013; रेमोलोना एवं अन्य, 1997; एडवर्ड एवं झांग, 1998; वॉटसन एवं विक्रमनायके, 2012; जैंक, 2012; फोंग एवं अन्य, 2018)।

भारतीय संदर्भ में, अध्ययनों ने वैयक्तिक निधियों में प्रवाह के विश्लेषण के साथ-साथ डेट एवं इक्विटी निधियों, दोनों के मामले में म्यूचुअल फंड उद्योग में समग्र प्रवाह पर ध्यान केंद्रित किया है (कृपया कुमार एवं अन्य, 2020; मिश्रा, 2011; गुप्ता एवं अन्य, 2022 देखें)। मधुमती एवं अन्य, (2012) भारत में इक्विटी म्यूचुअल फंड प्रवाह को प्रभावित करने वाले कारकों की जाँच करते हैं। यह अध्ययन जुलाई 2005 से अगस्त 2012 की अवधि को कवर करता है, रैखिक ऑटोरिग्रैसिव इंटीग्रेटेड मूविंग एवरेज (ARIMA) मॉडल का उपयोग करता है, और इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवल प्रवाह को प्रभावित करने वाले कारकों के रूप में अस्थिरता, मात्रा, लाभांश प्रतिफल, विनिमय दर, निवेशक व्यवहार, अमेरिकी बाजार रिटर्न, कॉल दरों और पिछले निधि प्रवाहों की पहचान करता है। कुमारी और देबनाथ (2022) द्वारा किए गए एक हालिया अध्ययन में जनवरी 2012 से दिसंबर 2020 तक के मासिक आंकड़ों का उपयोग करके बीएसई सेंसेक्स के संदर्भ में एमएफ प्रवाह के निर्धारकों की जांच की गई है। लेखकों ने पाया है कि स्टॉक रिटर्न और अस्थिरता का एमएफ प्रवाह पर एक असममित प्रभाव पड़ता है और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का ट्रेडिंग पैटर्न विपरीत होता है, यानी एफआईआई की खरीद से एमएफ की बिक्री होती है और इसके विलोमतः होता है।

हाल के वर्षों में, भारत में वर्ष 2017 से (2020 को छोड़कर) डेट योजनाओं की तुलना में इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं

में लगातार अधिक निवल अंतर्वाह हुआ है, जो निवेशकों की पसंद में बदलाव का संकेत देता है। वर्तमान अध्ययन में, इक्विटी म्यूचुअल फंड प्रवाह के निर्धारकों पर गौर करके, विशिष्ट फंड-टू-फंड बदलावों के बजाय निवेशकों की पसंद और व्यवहार में सामान्य बदलावों का आकलन करने के लिए मैक्रो दृष्टिकोण को चुना गया है।

IV. डेटा एवं कार्यप्रणाली

इक्विटी म्यूचुअल फंडों में प्रवाह के कारकों का अनुमान लगाने के लिए मासिक आवृत्ति वाले निम्नलिखित चरों का उपयोग किया गया है (सारणी 1)। यह डेटा अप्रैल 2015 से नवंबर 2024 तक का है।

म्यूचुअल फंड प्रवाह को प्रभावित करने वाले कारकों की विविध और गतिशील प्रकृति को देखते हुए, मशीन लर्निंग एल्गोरिदम सबसे प्रभावशाली भविष्यवाणियों को उजागर करने के लिए उपयुक्त हैं। पारंपरिक रैखिक मॉडल, जो डेटा में जटिल इंटरैक्शन या गैर-रैखिक पैटर्न में चूक सकते हैं, के विपरीत रैंडम फ़ॉरेस्ट जैसे मशीन लर्निंग एल्गोरिदम एक विशिष्ट कार्यात्मक रूप को ग्रहण किए बिना प्रभावी रूप से ऐसी जटिलताओं को संभाल सकते हैं। रैंडम फ़ॉरेस्ट एक एन्सेम्बल मशीन-लर्निंग विधि है जो इंडिविजुयल ट्री क्लासिफिकेशन या रिग्रेशन (ब्रेइमन 2001) के आधार पर निर्मित है। एनसेंबल लर्निंग कई मॉडलों को मिलाकर एक अधिक सुदृढ़ और सटीक पूर्वानुमानात्मक मॉडल तैयार करती है। रैंडम फ़ॉरेस्ट के मामले में वैयक्तिक मॉडल, डिसीजन ट्री होते हैं। यह एक गैर-पैरामीट्रिक पर्यवेक्षित मशीन लर्निंग एल्गोरिथम है तथा विचरण को कम करता है, जिसके परिणामस्वरूप एक स्थिर और विश्वसनीय मॉडल प्राप्त होता है। यह कई ट्री से प्राप्त पूर्वानुमानों के औसत निकालने की प्रकृति के कारण डेटा में आउटलायर्स के प्रति मज़बूत है और लुप्त मानों को भी संभाल सकता है।

चरों का महत्व रैंडम फॉरेस्ट मॉडल का एक महत्वपूर्ण पहलू है, जो भविष्यसूचक प्रदर्शन में प्रत्येक विशेषता के योगदान के बारे में अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। चरों के महत्व का मूल्यांकन करने के लिए, हम क्रमचय परीक्षण और शैप्ले मान (पर्म्यूटेशन टेस्ट एंड शैप्ले वैल्यूज), दोनों का उपयोग करते हैं। क्रमचय परीक्षण में किसी विशिष्ट प्रिडिक्टर के मानों में यादृच्छिक रूप से फेरबदल करके परिणामी चर के साथ उसका संबंध तोड़ा जाता है, जबकि अन्य सभी चर अपरिवर्तित रहते हैं। परिणामस्वरूप, प्रिडिक्टर एरर में वृद्धि उस चर के महत्व को इंगित करती है - अधिक वृद्धि मॉडल की सटीकता में अधिक योगदान का संकेत देती है। इसके विपरीत, कॉपरेटिव गेम सिद्धांत से प्राप्त शैप्ले मान, सभी संभावित विशेषताओं के संयोजन में भविष्यवाणी के लिए प्रत्येक विशेषता के औसत सीमांत योगदान को मापते हैं। यह दृष्टिकोण चरों के महत्व का एक सुसंगत और स्थानीय रूप से सटीक अनुमान प्रदान करता है, जो विशेषताओं के बीच अंतःक्रियाओं और निर्भरताओं का प्रभावी तरीके से पता लगाता है।

सारणी 1: चरों का विवरण

चर	परिभाषा	स्रोत
प्रवाह	प्रवाह में बढ़ती प्रवृत्ति को नियंत्रित करने के लिए मासिक निवल प्रवाह को पिछले महीने के निवल एयूएम द्वारा सामान्यीकृत किया जाता है (रेमोलोना एवं अन्य, 1997)।	एएमएफआई
सेंसेक्स रिटर्न	बीएसई सेंसेक्स में मासिक प्रतिशत परिवर्तन (एक माह के अंतराल के साथ)।	ब्लूमबर्ग
वीआईएक्स	निफ्टी अस्थिरता (निवेश जोखिम)	ब्लूमबर्ग
टर्म स्प्रेड	10-वर्षीय जी-सेक बॉण्ड प्रतिफल, 3-माह जी-सेक प्रतिफल का निवल योग।	ब्लूमबर्ग
जोखिम स्प्रेड	10-वर्षीय एएए कॉरपोरेट बॉण्ड प्रतिफल, 10-वर्षीय जी-सेक प्रतिफल का निवल प्रतिफल।	ब्लूमबर्ग
लाभांश प्रतिफल	वित्तीय अनुपात की गणना (लाभांश/स्टॉक मूल्य) के रूप में की जाती है।	ब्लूमबर्ग
मुद्रास्फीति	उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में वर्ष-दर-वर्ष प्रतिशत परिवर्तन	ब्लूमबर्ग
सावधि जमा दर (सापेक्ष बाजार रिटर्न)	एक वर्ष से अधिक की मीयादी जमा दर	डीबीआईई, आरबीआई
कारोबार विश्वास सूचकांक	विनिर्माण सर्वेक्षणों पर आधारित यह मानकीकृत सूचकांक, उत्पादन, ऑर्डर और इन्वेंट्री के भावी पूर्वानुमानों का संकेत देता है। 100 से अधिक का मान आशावाद का संकेत देता है; 100 से नीचे का मान निराशावाद का।	ओईसीडी
डीमैट खाते	निवेशक खातों की संख्या (लाख में)	सेबी

स्रोत: लेखक द्वारा संकलन।

इक्विटी एमएफ प्रवाह के निर्धारकों को समझने के लिए, कोप्सच एवं अन्य, (2015) के संकेतों के साथ-साथ अन्य घरेलू कारकों जैसे कि सावधि जमा दरें, कारोबार विश्वास सूचकांक और डीमैट खाता खोलने के आधार पर चरों का चयन किया जाता है। सावधि जमा दरों को इक्विटी एमएफ से रिटर्न/सापेक्ष बाजार रिटर्न के विकल्प के रूप में चुना जाता है। एक विस्तारित अवधि के लिए लगातार कम सावधि जमा दर, अंततः लोगों को उच्च रिटर्न प्रदान करने वाले अन्य आस्ति वर्गों की तलाश करने के लिए प्रेरित कर सकती है, जिनसे इक्विटी एमएफ प्रवाह बढ़ता है। बीएसई सेंसेक्स पर प्राप्त रिटर्न ने पिछले 15 वित्तीय वर्षों में से 10 में सावधि जमा रिटर्न को पीछे छोड़ दिया है, जिसमें सेंसेक्स टोटल रिटर्न इंडेक्स की संमिश्र वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर), वर्ष 2010-11 और 2024-25 के बीच मीयादी जमाराशियों के लिए 7 प्रतिशत की तुलना में 12 प्रतिशत है (चार्ट 14)।

डीमैट खाता खोलना वित्तीय समावेशन और इक्विटी के प्रति बढ़ती पसंद का एक प्रतिनिधि माना जा सकता है। इससे इक्विटी-उन्मुख उत्पादों की ओर अतिरिक्त प्रवाह को बढ़ावा मिलना चाहिए। कारोबार विश्वास सूचकांक से प्रवाह प्रभावित होने की आशंका है, क्योंकि यह भावी संवृद्धि का सूचक है और VIX संबंध अस्थिरता से है। इस प्रकार, उच्च अस्थिरता से

चार्ट 14: सेंसेक्स बनाम मीयादी जमा रिटर्न

(प्रतिशत)



टिप्पणी: वित्तीय वर्ष के लिए सेंसेक्स रिटर्न की गणना, बीएसई सेंसेक्स कुल रिटर्न इंडेक्स का उपयोग करके की जाती है। मीयादी जमा दरें, पाँच प्रमुख बैंकों की मीयादी जमा दरों (1 से 3 वर्षीय) से संबंधित हैं।
स्रोत: आरबीआई और ब्लूमबर्ग।

इक्विटी एमएफ में प्रवाह कम हो सकता है। जैंक (2012) के अनुसार, उच्च अवधि स्प्रेड और जोखिम स्प्रेड के परिणामस्वरूप इक्विटी एमएफ में प्रवाह कम होता है। लेखक बताते हैं कि मंदी से ठीक पहले या उसके दौरान, शेयर की कीमतों में गिरावट के कारण लाभांश प्रतिफल में उछाल आता है। साथ ही, निवेशक इक्विटी पोजीशन बनाए रखने के लिए कम इच्छुक हो जाते हैं। इसलिए, इक्विटी एमएफ में लाभांश प्राप्ति और प्रवाह के बीच एक ऋणात्मक संबंध देखा जा सकता है। मुद्रास्फीति के साथ प्रवाह की दिशा निश्चित नहीं है। उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं में इक्विटी, मुद्रास्फीति से बचाव करती है (अल-नासर और भट्टी, 2019; स्पाईरू, 2019)। हालाँकि, उच्च मुद्रास्फीति लोगों को शेयरों के बजाय अचल संपत्तियों में निवेश करके बचाव-व्यवस्था (हेजिंग) करने के लिए प्रेरित कर सकती है (पार्क एवं अन्य, 1990; कोप्स एवं अन्य, 2015)। इस विश्लेषण में, क्रमचय परीक्षण और शैप्ले मान, दोनों का उपयोग करते हुए, मुख्य ध्यान इस बात की पहचान करने पर है कि कौन से चर म्यूचुअल फंड प्रवाह को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करते हैं, न कि उनके प्रभावों की दिशा (सकारात्मक या नकारात्मक) निर्धारित करने पर। उद्देश्य, मॉडल के निष्पादन को संचालित करने में प्रत्येक भविष्यवक्ता के सापेक्ष महत्व का आकलन करना है। यह विश्लेषण [21] महत्व के आधार पर क्रमबद्ध शीर्ष पाँच चरों को प्रकट करता है (चार्ट 15)।

क्रमचय परीक्षण और शैप्ले मान, दोनों के परिणाम दर्शाते हैं कि डीमैट खाते, सावधि जमा दरें और कारोबार विश्वास सूचकांक - इक्विटी म्यूचुअल फंड प्रवाह के शीर्ष तीन प्रभावशाली भविष्यवक्ता हैं। इससे पता चलता है कि निवेशकों की बाजारों तक पहुँच (डीमैट खातों द्वारा प्रदर्शित), वैकल्पिक बचत विकल्प (जैसे सावधि जमा दरें) और कारोबारी वातावरण के बारे में आशावाद (जैसा कि कारोबार विश्वास सूचकांक द्वारा मापा जाता है) इक्विटी म्यूचुअल फंड में प्रवाह को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जबकि दोनों विधियां मोटे तौर पर सबसे

[21] डेटासेट को मानकीकृत किया जाता है ताकि इसका माध्य शून्य (0) और मानक विचलन एक (1) हो। फिर डेटा को प्रशिक्षण और परीक्षण समूहों में विभाजित करने के लिए 80-20 का विभाजन किया जाता है।

चार्ट 15: रैंडम फ़ॉरेस्ट से प्राप्त चर महत्व



टिप्पणी: बाएँ पैनल में क्रमचय (पर्म्यूटेशन) महत्व से प्राप्त चर महत्व को दर्शाया गया है, जबकि दाएँ पैनल में शैप्ले मान से प्राप्त चर महत्व को दर्शाया गया है। प्रत्येक विधा के लिए निर्दिष्ट मानदंडों के अनुसार केवल शीर्ष 5 चर ही चुने गए हैं।
स्रोत: लेखक की गणना।

महत्वपूर्ण चरों पर सहमत हैं, क्रमचय परीक्षण लाभांश प्रतिफल को एक महत्वपूर्ण कारक के रूप में उजागर करता है, जबकि शैप्ले मान सावधि स्प्रेड पर जोर देते हैं। यह विचलन दर्शाता है कि विभिन्न विधियां कैसे चरों के महत्व का पता लगाती हैं: क्रमचय महत्व भविष्यवाणी की सटीकता पर सीमांत प्रभाव पर केंद्रित है, जबकि शैप्ले मान चरों के बीच अंतःक्रियाओं और साझा योगदानों को भी ध्यान में रखते हैं।

चार्ट 16: जीडीपी वृद्धि और इक्विटी एमएफ प्रवाह

(AUM द्वारा मापी गई वृद्धि दर, प्रवाह)



स्रोत: ब्लूमबर्ग और एएमएफआई।

इसके अतिरिक्त, इक्विटी म्यूचुअल फंड में प्रवाह और वास्तविक अर्थव्यवस्था की गतिकी के बीच संबंध को समझने के लिए, यानी कि क्या भारत के मामले में इक्विटी म्यूचुअल फंड प्रवाह में वास्तविक जीडीपी वृद्धि के बारे में जानकारी शामिल है या इसके विलोमतः होता है, एक अनुभवजन्य अभ्यास किया गया है, और विश्लेषण से पता चलता है कि इक्विटी म्यूचुअल फंड प्रवाह में वास्तविक जीडीपी वृद्धि के बारे में कोई भी जानकारी शामिल नहीं है [22]। विश्लेषण की अवधि 2012-13 की पहली तिमाही से ले कर 2024-25 की तीसरी तिमाही तक है (चार्ट 16) [23]।

एक रिड्यूस्ड-फॉर्म बाईवैरिएट VAR मॉडल का उपयोग किया गया है। प्रवाह और वास्तविक जीडीपी वृद्धि के बीच ग्रेंजर कॉज़ालिटी परीक्षण के परिणाम सारणी 2 में रिपोर्ट किए गए हैं। शून्य परिकल्पना कि "प्रवाह वास्तविक जीडीपी वृद्धि को ग्रेंजर कॉज़ नहीं करते हैं" खारिज होने में विफल रहता है, यह सुझाव देते हुए कि प्रवाह के पिछले मान में वास्तविक जीडीपी वृद्धि के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी नहीं है। हालांकि, शून्य परिकल्पना कि "वास्तविक जीडीपी वृद्धि, प्रवाह को ग्रेंजर कॉज़ नहीं करती है" को पांच प्रतिशत महत्व के स्तर पर खारिज कर दिया गया है। इस प्रकार, वास्तविक जीडीपी वृद्धि के पिछले मान में इक्विटी

[22] प्रवाह में बढ़ती प्रवृत्ति को नियंत्रित करने के लिए, पिछले महीने के निवल एयूएम द्वारा निवल प्रवाह को सामान्यीकृत किया जाता है (रेमोलोना एवं अन्य, 1997)।

[23] दोनों शृंखलाओं के बीच सहसंबंध गुणांक 0.17 है।

सारणी 2: प्रवाह और वास्तविक जीडीपी वृद्धि के बीच ग्रेंजर कॉज़ालिटी का परीक्षण

	प्रवाह, वास्तविक जीडीपी वृद्धि के ग्रेंजर कारण नहीं बनते हैं	वास्तविक जीडीपी वृद्धि, प्रवाह का ग्रेंजर कारण नहीं बनती है
एफ स्टैटिस्टिक्स	0.27	4.23**

टिप्पणी: * p<0.1; **p<0.05; ***p<0.01 । उपरोक्त परिणाम केवल एक अंतराल के लिए रिपोर्ट किए गए हैं।
स्रोत: लेखक की गणना।

म्यूचुअल फंड प्रवाह की भविष्यवाणी के लिए उपयोगी जानकारी होती है। एक यूनिडायरेक्शनल ग्रेंजर कॉज़ालिटी - वास्तविक जीडीपी वृद्धि से लेकर म्यूचुअल फंड प्रवाह तक स्थापित होती है। संक्षेप में, मजबूत वास्तविक आर्थिक संवृद्धि, निवेशक की वित्तीय क्षमता और आत्मविश्वास को बढ़ाती है, जिससे इक्विटी बाजारों में अधिक भागीदारी संभव होती है।

V. निष्कर्ष

भारत में इक्विटी निवेश, विशेष रूप से इक्विटी म्यूचुअल फंड (एमएफ) के माध्यम से, लगातार बढ़ रहे हैं। ये म्यूचुअल फंड निरंतर वृद्धि एवं सुदृढ़ता का अनुभव कर रहे हैं। वित्तीय बाजारों के प्रति पारंपरिक रूप से सतर्क दृष्टिकोण के बावजूद, हाल के वर्षों में जनसाधारण ने अपने वैयक्तिक निवेश विकल्पों में अधिक वित्तीय जोखिम उठाने की स्पष्ट प्रवृत्ति दिखाई है। वित्तीय व्यवहार में इस बदलाव को सुगम बनाने और समायोजित करने में म्यूचुअल फंड एक पसंदीदा साधन के रूप में उभरे हैं।

अनुभवजन्य विश्लेषण इस बात पर प्रकाश डालता है कि बढ़ता वित्तीय समावेशन (डीमैट खातों द्वारा प्रदर्शित), सावधि जमा दरें और कारोबार विश्वास - भारत में इक्विटी म्यूचुअल फंड प्रवाह को आकार देने वाले तीन सबसे प्रभावशाली कारक हैं। एक वैकल्पिक विश्लेषण से पता चलता है कि इक्विटी म्यूचुअल फंड प्रवाह वास्तविक जीडीपी वृद्धि का पूर्वानुमान नहीं लगाते, बल्कि वास्तविक जीडीपी वृद्धि, प्रवाह का पूर्वानुमान लगाने में मदद करती है। यह दर्शाता है कि मज़बूत आर्थिक वृद्धि निवेशकों की इक्विटी बाजारों में अधिक धन आबंटित करने की क्षमता और विश्वास, दोनों को बढ़ाती है।

इस बदलते परिदृश्य में, इक्विटी म्यूचुअल फंडों के संचालकों पर कड़ी नज़र रखना ज़रूरी हो जाता है, क्योंकि इनका घरेलू बचत एवं घरेलू पूंजी बाज़ारों की बदलती गतिकी पर प्रभाव पड़ता है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बढ़ती खुदरा भागीदारी के साथ, इन नए निवेशकों का विश्वास और भरोसा बनाए रखने के लिए निवेशक शिक्षण और संरक्षण की दिशा में और भी प्रयास जरूरी हैं। जैसे-जैसे म्यूचुअल फंडों का आकार बढ़ेगा, उनके परिचालन से उत्पन्न होने वाले जोखिमों पर निरंतर निगरानी पर और अधिक ध्यान देने की आवश्यकता होगी।

संदर्भ

Alexakis, C., Niarchos, N., Patra, T. and Poshakwale, S. (2005), "The dynamics between stock returns and mutual fund flows empirical evidence from the Greek market," *International Review of Financial Analysis*, Vol. 14, No. 5, pp. 559-569.

Alexakis, C., Apostolos, D. and Grose, C. (2013), "Asymmetric dynamic relations between stock prices and mutual fund units in Japan. An application of hidden cointegration technique", *International Review of Financial Analysis*, Vol. 28, pp. 1-8.

Al-Nassar, N. S., and Bhatti, R. H. (2019). Are common stocks a hedge against inflation in emerging markets? *Journal of Economics and Finance*, 43, 421-455.

Breiman, L. (2001). Random forests. *Machine learning*, 45(1), 5-32.

Edwards, F. R., and Zhang, X. (1998). Mutual funds and stock and bond market stability. *Journal of Financial Services Research*, 13(3), 257-282.

Ferson, W.E. and Kim, M.S. (2012). "The factor structure of mutual fund flows," *International Journal of Portfolio Analysis and Management*, Vol. 1, No. 2, pp. 112-143.

Fong, T. P. W., Sze, A. K. W., and Ho, E. H. C. (2018). Determinants of equity mutual fund flows–Evidence from the fund flow dynamics between Hong Kong and global markets. *Journal of International Financial Markets, Institutions and Money*, 57, 231-247.

Gupta, M., Kumar, S., Seet, S., and Borad, A. (2022). Market Returns and Flows to Debt Mutual Funds. *RBI Bulletin October 2022*, Reserve Bank of India.

Jank, S. (2012). Mutual fund flows, expected returns, and the real economy. *Journal of Banking and Finance*, 36(11), 3060-3070.

Kopsch, F., Song, H. S., and Wilhelmsson, M. (2015). Determinants of mutual fund flows. *Managerial Finance*, 41(1), 10-25.

Kumar, P., Saxena, C., and Gupta, A. K. (2020). A study on relationship between stock market returns and mutual fund flows. *Journal of Commerce and Accounting Research*, 9(1), 1.

Kumari, M., and Debnath, P. (2022). Determinants of Mutual Fund Flows in the Indian Stock Market: Insights Through the Nonlinear Autoregressive Distributed Lag Bounds-testing Approach with Structural Breaks. *Vision.*

Madhumathi, R., Gopal, N., and Ranganatham, M. (2012). Determinants of Debt and Equity Mutual Fund Flows in India. *In XI Capital Markets Conference* (pp. 21-22).

Mishra, P. K. (2011). Dynamics of the relationship between Mutual Funds investment flow and stock market returns in India. *Vision*, 15(1), 31-40.

Park, J.Y., Mullineaux, D.J. and Chew, I.-T. (1990), "Are REITs inflation hedges?", *Journal of Real Estate Finance and Economics*, Vol. 3, No. 1, pp. 91-103.

Remolona, E. M., Kleiman, P., and Gruenstein Bocain, D. (1997). Market returns and mutual fund flows. *Economic Policy Review*, 3(2), 33-52.

Securities and Exchange Board of India. (2024). *Working paper on household savings through Indian securities market.* Department of Economic and Policy Analysis. https://www.sebi.gov.in/reportsand-statistics/research/sep-2024/working-paper-on-household-savingsthrough-indian-securities-market_86459.html

Spyrou, S. I. (2004). Are stocks a good hedge against inflation? Evidence from emerging markets. *Applied Economics*, 36(1), 41-48.

Watson, J. and Wickramanayake, J. (2012), "The relationship between aggregate managed fund flows and share market returns in Australia," *Journal of International Financial Markets, Institutions and Money*, Vol. 22, No. 3, pp. 451-472.

ईवी नीतियां और दोपहिया ईवी अपनाना: भारतीय राज्यों से साक्ष्य

*अटल सिंह[#] , सत्यम कुमार, अभ्युदय हर्ष और तिस्ता तिवारी द्वारा^*

भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को अपनाना अभी शुरुआती चरण में है, और दोपहिया वाहन (2W) टिकाऊ गतिशीलता की ओर संक्रमण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। हालाँकि सहायक नीतियों ने ईवी को अपनाने में तेज़ी ला दी है, लेकिन क्षेत्रीय असमानताएँ अभी भी बनी हुई हैं। यह शोधपत्र 23 भारतीय राज्यों के पैनल डेटा का उपयोग करके 2W-EV अपनाने पर राज्य-स्तरीय ईवी प्रोत्साहन नीतियों के प्रभाव का परीक्षण करता है। अनुभवजन्य निष्कर्ष बताते हैं कि राज्य-स्तरीय सहायक नीतियाँ अपनाने की दरों को बढ़ावा देती हैं। इसके अलावा, मज़बूत चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, मध्यम वित्तीय प्रोत्साहनों के साथ मिलकर अपनाने को बढ़ावा दे सकता है।

परिचय

इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को अपनाने में तेजी लाने के लिए, सरकारों (केंद्र और राज्य दोनों) ने कई नीतियों और पहलों को लागू किया है। यह प्रयास, कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज-26 में प्रस्तुत पंचामृत एजेंडे के तहत भारत की प्रतिबद्धता के साथ निकटता से जुड़ा हुआ है, जिसमें सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता को 2005 के स्तर से 2030 तक 45 प्रतिशत कम करना और 2070 तक नेट जीरो हासिल करना शामिल है। ईवी में बदलाव अन्य बातों के साथ-साथ न केवल भारत के जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने के लिए बल्कि घरेलू चुनौतियों जैसे तेल आयात को कम करने, वायु प्रदूषण से निपटने और एक उभरते क्षेत्र में रोजगार वृद्धि को सुविधाजनक बनाने के लिए भी महत्वपूर्ण है। 2024-25 में भारत में लगभग तीन-चौथाई वाहन पंजीकरण दोपहिया वाहनों के होंगे, भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल बाज़ार (यात्री और वाणिज्यिक वाहनों का) और दुनिया में दोपहिया वाहनों का दूसरा सबसे बड़ा निर्माता होने के नाते, 2W वाहन खंड के डीकार्बोनाइजेशन का लाभ उठाने की विशिष्ट स्थिति में है (राज्यसभा, 2023)। हालाँकि, कुल इलेक्ट्रिक वाहनों (2W+3W+4W) में 2W-EV की हिस्सेदारी तेज़ी से बढ़ रही है, लेकिन कुल बिक्री में 2W के बराबर हिस्सेदारी हासिल करना अभी बाकी है (चार्ट 1)। अनुमान बताते हैं कि सहायक नीतियों के साथ, 2030-31 तक 80 प्रतिशत 2W इलेक्ट्रिक बन सकते हैं (जेएमके रिसर्च एंड एनालिसिस, 2022)।

इलेक्ट्रिक वाहनों को वैश्विक स्तर पर बड़े पैमाने पर बाज़ार में प्रवेश दिलाने में कई कारकों ने योगदान दिया है (चार्ट 2)। पिछले एक दशक में, वैश्विक बाज़ारों में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए कई सहायक नीतियाँ शुरू की गई हैं, जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों का उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। ये पहल नॉर्वे में 1990 के दशक की शुरुआत में, संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा 2008 में और चीन द्वारा 2014 में शुरू की गई थीं (आईईए, 2021)।

इलेक्ट्रिक वाहनों के वैश्विक विकास में सहायक सरकारी नीतियाँ केंद्रीय भूमिका निभा रही हैं, जिन्होंने उच्च अग्रिम लागत और सीमित चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी बाधाओं को दूर किया है। कर प्रोत्साहन से लेकर सब्सिडी तक, ऐसे उपाय उपभोक्ताओं के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को सुलभ और किफायती बनाकर उन्हें अपनाने को बढ़ावा देने में कारगर साबित हुए हैं (मुन्ज़ेल एट अल., 2019)। भारत में, अपनी महत्वपूर्ण बाजार क्षमता के साथ, राज्यों में राजकोषीय और बुनियादी ढाँचागत पहलों का संयोजन इस बदलाव को आगे बढ़ाने में, विशेष रूप से 2W सेगमेंट में, महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। ये नीतियाँ स्थायी गतिशीलता की ओर बदलाव के लिए आवश्यक प्रोत्साहन प्रदान कर सकती हैं।

वैश्विक स्तर पर, भारत, चीन और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) देश दोपहिया और तिपहिया वाहनों के लिए सबसे बड़े बाजारों का प्रतिनिधित्व करते हैं। 2023 में,

[#] लेखक सांख्यिकी एवं सूचना प्रबंधन विभाग (डीएसआईएम) से हैं।

^ लेखक आर्थिक एवं नीति अनुसंधान विभाग से हैं। लेखक डीएसआईएम के सहायक सलाहकार डॉ. अनिरबन सान्याल से प्राप्त सुझावों और प्रोत्साहन के लिए आभारी हैं। इस लेख में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं और भारतीय रिज़र्व बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

चार्ट 1: भारत में वाहन बिक्री



नोट: 1. हल्के मोटर वाहन (एलएमवी) में 7.5 टन से कम कुल भार वाली कारें, जीपें, वैन और छोटे ट्रक शामिल हैं। यहाँ केवल यात्री एलएमवी ही शामिल हैं।
2. कुल से तात्पर्य पारंपरिक जीवाश्म ईंधन चालित वाहनों और ई.वी. दोनों से है।

स्रोत: सीएमआईई इंडस्ट्री आउटलुक; और लेखक की गणना।

चीन की वैश्विक 2W-EV बिक्री में 78 प्रतिशत हिस्सेदारी थी, इसके बाद भारत का स्थान था जो वैश्विक स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा 2W-EV बाजार है। भारत में 2023 में 2W की बिक्री का लगभग पांच प्रतिशत इलेक्ट्रिक था। इलेक्ट्रिक कारें भी बढ़ती संख्या में देशों में बड़े पैमाने पर बाजार का उत्पाद बनने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रही हैं। 2023 में, इलेक्ट्रिक कार की

चार्ट 2: इलेक्ट्रिक वाहनों के विकास में योगदान देने वाली ताकतें



स्रोत : नीति आयोग, 2018.

अधिकांश बिक्री चीन, यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका में हुई, जो वैश्विक इलेक्ट्रिक कार बिक्री का लगभग 95 प्रतिशत है। इस प्रकार, 2W-EV और इलेक्ट्रिक कार दोनों की बिक्री अभी भी भौगोलिक रूप से केंद्रित है, यद्यपि विभिन्न क्षेत्रों में[1]।

